कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी 12:35 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 नवंबर 2024
वर्ष 5, अंक 352, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी आज भी अधूरी है 14

थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान 13

## पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी ताकि वित्तीय बाधाएं उन्हें गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सकें। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने को भी मंजूरी दे दी।

पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों (क्यूएचईआई) में दाखिला लेने वाला कोई भी विद्यार्थी पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन शुल्क और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से बिना किसी जमानत या गारंटर के ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना को मंजूरी दी है। यह योजना राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचा (एनआईआरएफ) रैंकिंग द्वारा निर्धारित सरकारी और निजी सभी शीर्ष क्यूएचईआई पर लागू होगी जो एनआईआरएफ में शीर्ष 100 में स्थान रखते हैं। इसमें एनआईआरएफ में 101-200 रैंक पर आने वाले राज्य के उच्च शिक्षा संस्थान और केंद्र द्वारा संचालित सभी संस्थान शामिल हैं। दूसरी ओर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने की भी मंजूरी दी गई।

### कैबिनेट के फैसले



- योजना में मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी आर्थिक मदद
- भारतीय खाद्य निगम को मिलेंगे 10,700 करोड़ रुपये

277 वोट ट्रंप को मिले

224 वोट हैरिस ने पाए



## ट्रंप ने कड़े मुकाबले में हैरिस को हराया

**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव**

### ऐतिहासिक जीत हासिल कर दूसरी बार पहुंचे व्हाइट हाउस

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार देश के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। ट्रंप ने कड़े चुनावी मुकाबले में अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को हरा दिया। विस्कोन्सिन में जीत के साथ ट्रंप (78) ने राष्ट्रपति पद के लिए जरूरी 270 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए। उन्होंने विस्कोन्सिन जैसी महत्वपूर्ण सीट पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पराजित किया। शाम सात बजे तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार, रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने 277 निर्वाचक मंडल वोट जबकि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस को 224 वोट हासिल हुए। ट्रंप ने फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए इस जीत को अमेरिका में स्वर्णिम युग की वापसी बताया। 4 साल के बाद ट्रंप फिर से व्हाइट हाउस पहुंचेंगे।

### खरगे और राहुल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। खरगे ने कहा कि हम वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। राहुल गांधी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार रहीं कमला हैरिस को भी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मेरे दोस्त ट्रंप को बधाई : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने और उनकी ऐतिहासिक जीत पर बुधवार को उन्हें बधाई दी तथा वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई।




## रातों रात बुलडोजर लाकर घर नहीं गिरा सकते : सुप्रीम कोर्ट

### कोर्ट ने 2019 में ढांचों को गिराने पर उप्र सरकार से नाखुशी जताई

- अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पर सभी राज्यों को जारी किए निर्देश
- जिसके घर को गिराया उसे 25 लाख रुपये मुवावजा दे उप्र सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 2019 में अवैध तरीके से ढांचों को गिराने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से नाखुशी जताई और सड़कें चौड़ी करने एवं अतिक्रमण हटाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उप्र सरकार को निर्देश दिया कि उस व्यक्ति को 25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए जिसका घर 2019 में सड़क चौड़ीकरण के लिए गिरा दिया गया था। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के वकील से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि बुलडोजर लेकर आएं और रातों रात भवनों को गिरा दें। आप परिवार को घर खाली करने के लिए समय नहीं देते। घर में रखे घरेलू सामान का क्या? पीठ ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव से कहा कि महाराजगंज जिले में मकान गिराने से संबंधित मामले में जांच कराई जाए और उचित कार्रवाई की जाए।



### प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों का पालन करें राज्य

अदालत ने राज्यों से कहा कि वे अभिलेखों या मानचित्रों के आधार पर सड़क की मौजूदा चौड़ाई का पता लगाएं तथा सर्वेक्षण करें, जिससे सड़क पर यदि कोई अतिक्रमण है तो उसका पता चल सके। कहा कि यदि सड़क पर अतिक्रमण का पता चलता है तो राज्य को इसे हटाने से पहले अतिक्रमण करने वाले को नोटिस जारी करना होगा और यदि नोटिस की सत्यता और वैधता पर आपत्ति जताई जाती है तो राज्य प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए स्पीकिंग ऑर्डर (कारण सहित आदेश) जारी करेगा।

### उचित कारण जरूरी, मुनादी से नहीं चलेगा काम

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ भटनागर और अधिवक्ता शुभम कुलश्रेष्ठ पक्ष रख रहे थे। अदालत ने उनका पक्ष सुनते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि मकान गिराने की प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी थी और कानून का पालन किए बिना इसे अंजाम दिया गया। सुनवाई के दौरान पीठ को संबंधित क्षेत्र में 123 ढांचों को गिराए जाने के बारे में सूचित किया गया। पीठ ने राज्य सरकार के वकील से कहा कि आप कह रहे हैं कि आपने केवल मुनादी की थी। बताएं कि किस आधार पर निर्माण कार्य को अनधिकृत बताया गया। जब राज्य के वकील ने सड़क चौड़ीकरण परियोजना के बारे में बताया तो पीठ ने कहा, सड़क चौड़ीकरण बस एक बहाना है। यह उचित कारण नहीं लगता।

### अतिक्रमण हटाने से पहले दी जाए नोटिस

पीठ ने कहा कि यदि आपत्ति को खारिज कर दिया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को अतिक्रमण हटाने के लिए एक तर्कसंगत नोटिस दिया जाएगा। यदि संबंधित व्यक्ति इसका अनुपालन नहीं करता, तो सक्षम प्राधिकारी अतिक्रमण हटाने के लिए कदम उठाएंगे, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी या अदालत के आदेश से रोक न लगाई जाए। जहां सड़क की मौजूदा चौड़ाई, जिसमें उससे सटी राज्य की भूमि भी शामिल है, सड़क चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त नहीं है, तो राज्य कार्रवाई को शुरू करने से पहले अपनी भूमि का अधिग्रहण करने के लिए कदम उठाएगा।

## डीसीएम व ऑटो के बीच भिड़ंत में 11 लोगों की मौत

### मरने वालों में 6 महिलाएं, 3 बच्चे और दो युवक शामिल

- हरदोई जिले के बिल्हौर-कटरा हाईवे पर गांव रोशनपुर के पास हुआ हादसा
- मुख्यमंत्री ने जताई शोक संवेदना, घायलों के समुचित इलाज के दिए निर्देश

संवाददाता, बिलग्राम (हरदोई)



बिल्हौर-कटरा हाईवे पर दुर्घटनास्थल पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिल्हौर-कटरा हाईवे पर बुधवार दोपहर 12 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। बिलग्राम थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव के पास डीसीएम और ऑटो की भिड़ंत में 11 लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन लोग गंभीर हैं। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची ने घायलों को सीएचसी भेजा। मरने वालों में 6 महिलाएं और 3 बच्चे और दो युवक हैं। सूचना पर एसपी नीरज कुमार जादौन, एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार रोशनपुर पहुंचे और घायल लोगों से मिले।

प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है। अधिकारियों को निर्देश दिए है कि घायलों का समुचित इलाज और उनकी देखरेख की जाए। इसके अलावा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी ने मृतक के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये सहायता देने के निर्देश दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुधवार दोपहर 12 बजे एक सीएनजी आटो माधौगंज से 15 सवारियां लेकर बिलग्राम आ रहा था। आटो जैसे ही गांव रोशनपुर के पास पहुंचा, उसी बीच एक राहगीर को बचाने में सामने से आ रही डीसीएम से जा टकराया। चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े, उसी बीच चालक डीसीएम छोड़ कर भाग गया। सूचना पर पहुंचे एसपी नीरज कुमार जादौन, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार, सीओ बिलग्राम सुनील कुमार शर्मा और एसडीएम बिलग्राम ने स्थानीय लोगों के आक्रोश को संभाला। पुलिस ने बताया मृतकों में माझगांव निवासी माधुरी (38), सुनीता (40) पटियनपुरवा माधौगंज, आंशी (8), नीलम (60) इटौली, सत्यम (30) पटेल नगर पूर्वी माधौगंज, राधा (42) इटौली, निर्मला (36) अल्लीगढ़ बिलग्राम, रोशनी (30) गुर्रा सवायजपुर, वंशिका (6), प्रांशु (4), विमलेश (25) सर्रा सथरा थाना सुरसा शामिल है।

घायलों में संजय पहुतेरा, रमेश अल्लीगढ़ बिलग्राम व आनंद पहुतैरा शामिल हैं। एक घायल की पहचान नहीं हो पाई। उधर, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

### एक नजर

#### भड़काऊ भाषण : मिथुन चक्रवर्ती पर प्राथमिकी

**कोलकाता।** बिधाननगर पुलिस ने बुधवार को अभिनेता से भाजपा नेता बने मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ पिछले महीने उत्तर 24 परगना जिले में एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चक्रवर्ती के खिलाफ शिकायत 27 अक्टूबर को साल्ट लेक क्षेत्र में ईजेडसीसी में भाजपा के एक कार्यक्रम के दौरान उनके भाषण से संबंधित है।

#### सीबीएसई ने 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ले ली और छह स्कूलों का उच्चतर माध्यमिक का दर्जा घटाकर माध्यमिक कर दिया। यह कदम सितंबर में राजस्थान और दिल्ली के विद्यालयों में किए गए औचक निरीक्षण के बाद उठाया गया है।

## युवक ने 4 साल की बच्ची से किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, कांट/शाहजहांपुर

- मां के साथ सोते समय घर से उठा ले गया था, एक किलोमीटर दूर खून से लथपथ मिली, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

**अमृत विचार:** मां के साथ सो रही चार वर्षीया बच्ची को युवक उठा ले गया और ट्यूबवेल पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची को घर में नहीं देख परिवार में अफरा-तफरी मच गई। घर से एक किलोमीटर दूर ट्यूबवेल पर बच्ची खून से लथपथ मिली। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। एसपी ने मौका मुआयना कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कांट क्षेत्र के एक गांव में चार वर्षीया बच्ची मंगलवार रात मां के साथ सो रही थी। रात लगभग तीन बजे पिता लघुशंका के लिए उठे। वापस आकर देखा तो बच्ची बिस्तर पर नहीं थी। उसने पत्नी व अन्य परिजनों से पूछा, पता न चलने पर सब बच्ची की तलाश में जुट गए। घर से लगभग एक किलोमीटर दूर ट्यूबवेल पर पहुंचे तो वहां बच्ची बदहवास मिली। गुप्तांग से खून बहता देख उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उधर, ट्यूबवेल से कुछ दूर परिजनों ने एक युवक राजाराम को पकड़ा। वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। उसे पुलिस के हवाले कर पिता ने तहरीर दी कि आरोपी उनकी बेटी को घर से उठाकर ट्यूबवेल पर ले गया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार बच्ची का पिता लघुशंका के लिए उठा, आरोपी ने दरवाजा खुला देखा तो घर में घुस गया और बच्ची को उठाकर ट्यूबवेल पर ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस अधीक्षक राजेश एस, सीओ सदर प्रियंक जैन, प्रभारी निरीक्षक कांट अश्वनी कुमार ने मौका मुआयना किया।

> कांट क्षेत्र के एक गांव में बच्ची से दुष्कर्म की घटना हुई है। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मौका मुआयना किया गया है। प्रकरण में विधिक कार्रवाई की जा रही है। -राजेश एस, एसपी।

## एलएमवी लाइसेंस धारक चला सकेंगे ट्रांसपोर्ट वाहन

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन चालकों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) का लाइसेंस धारक व्यक्ति 7,500 किलोग्राम तक वजन वाले परिवहन वाहन चला सकता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का फैसला बीमा कंपनियों के लिए एक झटका है। बीमा कंपनियां उन दावों को खारिज कर देती थीं, जो एक विशेष वजन के परिवहन वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित होते थे।

## जम्मू-कश्मीर विस में विशेष दर्जा बहाली प्रस्ताव पारित

- भाजपा विधायकों का कड़ा विरोध वेल में कूदे, जमकर हंगामा

श्रीनगर, एजेंसी



विधान सभा के भीतर विरोध प्रदर्शन करते भाजपा के विधायक। ● एजेंसी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने भाजपा के कड़े विरोध और हाईवोल्टेज ड्रामा के बीच विशेष दर्जा बहाली संबंधी प्रस्ताव को बुधवार को पारित कर दिया। इस प्रस्ताव में केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष दर्जा बहाल करने, संवैधानिक गारंटी देने और इन प्रावधानों को बहाल करने के लिए संवैधानिक तंत्र तैयार करने के लिए बातचीत शुरू करने का आह्वान किया गया। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी द्वारा विशेष दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पेश किया गया जिसका स्वास्थ्य मंत्री सकीना मसूद ने समर्थन किया। प्रस्ताव के बाद सुबह विधानसभा में काफी हंगामा हुआ। प्रस्ताव का मसौदा बहुत ही चतुराई से तैयार किया गया था और इसमें अनुच्छेद 370 या पांच अगस्त 2019 का उल्लेख नहीं था जब जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किया गया था। भाजपा विधायकों ने खड़े होकर प्रस्ताव का विरोध किया। नारेबाजी-हंगामे के चलते अफरा-तफरी मच गई। कुछ विधायक सदन के वेल में कूद गए और अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर पर हमला करते हुए उनसे प्रस्ताव वापस लेने को कहा। उनमें से कुछ ने अध्यक्ष के खिलाफ नारे लगाए। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के विधायक भी अपनी सीटों से उठ गए और प्रस्ताव के पक्ष में नारे लगाने लगे।

### प्रस्ताव वापसी तक विस चलने नहीं देंगे : भाजपा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने कहा कि वह सदन की कार्यवाही तब तक चलने नहीं देगी जब तक राज्य के विशेष दर्जे को बहाल करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के निर्वाचित प्रतिनिधियों और केंद्र के बीच बातचीत संबंधी प्रस्ताव को वापस नहीं लिया जाता। नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि यह एक अवैध प्रस्ताव है।

## भाइयों के झगड़े में तीन साल के भतीजे की गोली लगने से मौत

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

- बिजली काटने पर तीन भाइयों के बीच हुआ विवाद, एक ने तमंचे से चला दी गोली

**अमृत विचार :** बिजली का तार काटने से सबमर्सिबल पंप बंद हो जाने पर तीन भाइयों में झगड़े के बीच एक भाई ने तमंचे से दूसरे भाई पर फायर कर दिया। गोली वहीं खड़े तीन साल के भतीजे को लगी और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी तमंचा लेकर भाग गया।

थाना क्षेत्र के गांव नगरिया भूड़ निवासी शिवरतन का भाई बलराम बिजली का काम करता है। बुधवार शाम बलराम ठेकेदार से काम करने के रुपयों की बात कर रहा था। तीसरे भाई सुखदेव ने डेक बजा दी जिससे बात करने में व्यवधान होने लगा। बलराम ने गुस्से में बिजली का तार काट दिया जिससे डेक और सबमर्सिबल पंप भी बंद हो गया। उस समय शिवरतन की पत्नी नहा रही थी। तीनों भाइयों में कहासुनी होने लगी। विवाद इतना बढ़ गया कि बलराम छत पर गया और तमंचे से सुखदेव पर फायर कर दिया। सुखदेव तो बच गया मगर वहीं खड़े शिवरतन के तीन साल के बेटे आदित्य के गोली लग गई। मेडिकल कालेज में डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आदित्य मां-बाप का इकलौता बेटा था।

## सनातन में सभी को धारण करने की क्षमता

**चित्रकूट।** संतों के काम में कोई बाधा न आए इसलिए संत जब सनातन धर्म की कथा कहते हैं तो संघ के लोग डंडा लेकर बाहर बैठते हैं। सभी को जोड़कर उन्नति करना हमारे देश का धर्म है। महाभारत हमें सिखाती है कि दुनिया कैसी है और रामायण बताती है कि यहां कैसे रहना है। यह बात बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने श्रीधर धाम दास हनुमान देवस्थान आश्रम में प्रख्यात कथावाचक स्व. पं. रामकिंकर उपाध्याय के 3 दिवसीय जन्म शताब्दी समारोह के समापन पर कही। संघ प्रमुख ने कहा कि सनातन में सभी को धारण करने की क्षमता है।

**उपलब्धि** यूपीटीटीआई ने तैयार की सस्ती वाटर प्यूरीफायर डिवाइस, बोतल में लगाने पर 1 साल से ज्यादा समय तक गंदा पानी करेगी साफ

## केवल 50 रुपये में पीजिए एक साल तक शुद्ध पानी

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

- पानी से हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सक्षम



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (यूपीटीटीआई) ने एक ऐसी डिवाइस बनाई है, जो किसी भी तरह के दूषित पानी को आरओ जैसे स्वच्छ पानी में बदल देगी। इस डिवाइस की खासियत यह है कि इसे पानी की बोतल में आसानी से फिट किया जा सकता है। यह डिवाइस पानी में मौजूद हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सहायक है। पॉलिएस्टर और केमिकल मिश्रित इस डिवाइस की प्रारंभिक कीमत लगभग 50 रुपये होगी। इसे अगले साल मार्च तक बाजार में उपलब्ध कराने की योजना है।

संस्थान ने एक साल के शोध और अनुसंधान के बाद वाटर प्यूरीफायर डिवाइस बनाई है। इसे तैयार करने वाले प्रो. डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह पॉलिएस्टर सिलामेंट की डिवाइस है। टेक्सटाइल में नैनो टेक्नॉलाजी के जरिए धागा बनाते समय उसमें अति सूक्ष्म सुराख किए गए। डिवाइस इन्हीं सुराखों और केमिकल की मदद से काम करती है। पानी सूक्ष्म छिद्रों से गुजरकर साफ होता है। इस डिवाइस की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इस्तेमाल के योग्य नहीं रहने पर इसके दूसरे सिरे से पानी गुजारने पर यह फिर से पहले की तरह शोधन करने लगती है। इस डिवाइस की औसत उम्र एक साल से अधिक है। सभी तरह के प्रयोगों से सफल परिणाम हासिल करने के बाद डिवाइस को पेटेंट प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। पेटेंट हासिल होने के बाद इसे बाजार में उतारने की योजना है। इस संबंध में कई कंपनियों से बातचीत चल रही है। जल्दी ही उत्पादन के लिए एमओयू साइन किया जाएगा

### स्कूली बच्चों और दुर्गम इलाकों के लिए वरदान

यूपीटीटीआई के शोधकर्ता डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह डिवाइस स्कूली बच्चों और फील्ड में काम करने वाले लोगों तथा दुर्गम इलाकों के लिए काफी उपयोगी है। अमूमन एक बोतल में एक या दो लीटर पानी आता है। यह पानी खत्म हो जाने पर लोगों को दोबारा साफ पानी तलाश करना पड़ता है। ऐसे में इस डिवाइस युक्त बोतल में हर तरह का पानी भरकर साफ पानी हासिल किया जा सकता है। डिवाइस को बनाने में लगभग 9 लाख रुपये खर्च आया है।

> अपने छोटे आकार की वजह से यह डिवाइस बोतल या उसके जैसी किसी भी चीज में आसानी से फिट हो जाती है। इससे बोतल में बार-बार साफ पानी भरने का झंझट खत्म हो जाता है। पेटेंट का आवेदन किया गया है। कंपनियों से बात चल रही है। जल्दी ही डिवाइस को बाजार में उतारने का प्रयास है। -डॉ. जेपी सिंह, प्रोफेसर, यूपीटीटीआई, कानपुर।

# समस्याओं को लेकर विद्युत संविदा कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** विद्युत संविदा मजदूर संगठन ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए डिवीजन बहादुरगंज के अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि 35 संविदा कर्मचारियों का पिछला तीन माह का बकाया वेतन, चार संविदा कर्मचारियों का 15 दिन का जेई द्वारा काटा गया वेतन दिलाया जाए, संविदा कर्मचारियों को बेसिल कंपनी द्वारा ई एसआई कार्ड उपलब्ध कराए जाए, शाहजहांपुर में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को टीएनपी ( सुरक्षा उपकरण , कार्यदायी संस्था ओरियन कंपनी द्वारा 14 माह का ईपीएफ मध्यांचल के माध्यम से भुगतान किया जाए। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवल किशोर सक्सेना, मध्यांचल अध्यक्ष अशोक कुमार पाल, मण्डल प्रभारी राजेश कुमार , विवेक सक्सेना, जिलाध्यक्ष मुनीश पाल, जिला महामंत्री ऋषि श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# जनकपुर नइहर दीह बेटी सीता समान

## खरना पूजन के बाद महिलाओं ने शुरू किया छठ मइया का निर्जला व्रत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



खरना पूजन के बाद गन्ने के रस की खीर ग्रहण करतीं महिलाएं और परिवार के सदस्य। ● अमृत विचार

- छठ पूजा के दूसरे दिन घरों व नदियों के घाट पर किया श्रद्धालुओं ने पूजन

**अमृत विचार :** पूर्वांचल के लोक आस्था का महापर्व छठ पारंपरिक ढंग से शुरू हो गया। बुधवार को छठ मइया का उपवास रखने वाली महिलाओं ने घरों और नदियों के घाट पर पहुंचकर खरना के रूप में पूजन किया। छठ मइया को गुड़ और गन्ने के रस की खीर और पूड़ी का भोग लगाकर महिलाओं ने प्रसाद रूप में ग्रहण किया और इसी के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। गुरुवार को अस्तांचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर और छठ मइया की पूजा कर मुख्य पर्व मनाया जाएगा।

छठ पूजा के लिए पूर्वांचलवासी परिवारों में भारी उत्साह है। बुधवार को छठ मइया का व्रत रखकर पूजा करने वाली महिलाओं ने एक दिन पहले शाम खरना के रूप में छठ मइया का पूजन किया। खरना पूजन के लिए आसपास की महिलाओं और निकटतम संबंधियों की महिलाओं ने एक घर में सामूहिक रूप से छठ मइया की आराधना की। महिलाओं ने सजधज कर पूजा थाल तैयार किए और घर के आंगन में चौक पूर कर और कलश स्थापित कर पूजन किया। खरना के रूप में गुड़ और गन्ने के रस से तैयार की खीर, पूड़ी और रोटी का भोग लगाया गया। यही भोग प्रसाद के रूप में ग्रहण कर 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू कर दिया। इसी क्रम में पूर्वांचल महासभा के उपाध्यक्ष अशोक यादव के दिलाजाक स्थित आवास पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से खरना पूजन किया। यहां पूजन में सरिता यादव, मोनिका यादव, पुष्पा श्रीवास्तव, करिश्मा यादव, अंकिता यादव, ऋतिका यादव, रुचि श्रीवास्तव, वीर वाला सक्सेना आदि महिलाएं शामिल रहीं। महिलाओं ने पारंपरिक गीत जनकपुर नइहर दीह बेटी सीता समान, मांगिला हम वरदान ऐ छठी मइया, आंधर लोग राह रोकें सूरज होहि न सहाय, घर-घर होत छठ माई के वरतिया आदि गाकर छठ मइया का गुणगान किया। वहीं, कुछ महिलाओं ने पारंपरिक ढंग से गर्रा घाट, हनुमतधाम घाट और लोधीपुर खन्नौत घाट पर पहुंचकर खरना पूजन किया। महिलाओं ने रेत से वेदी बनाकर छठ मइया को खीर-पूड़ी, फल आदि अर्पित कर गीत गाए। इससे पहले दिनभर तैयारियां चलती रहीं। लोगों ने गन्ना, सिंघाड़ा, मूली, फल, ड्राईफ्रूट आदि की खरीददारी की।



लोधीपुर खन्नौत घाट की व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह और एसपी राजेश एस व अन्य। ● अमृत विचार

# डीएम ने घाटों पर भैंसें लाने पर लगाई रोक



गर्रा घाट पर खरना पूजन करते दंपती।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को मनाए जाने वाले छठ पूजा मुख्य पर्व की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाता रहा। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने एसपी राजेश एस, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, एडीएम प्रशासन संजय पांडेय आदि ने लोधीपुर स्थित खन्नौत घाट एवं पूजा स्थल का निरीक्षण किया। डीएम ने निर्देश दिए कि साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए 7 नवंबर को घाटों पर भैंसें नहीं लाई जाएंगी। उन्होंने घाटों एवं पूजा स्थलों पर साफ-सफाई, रंगाई-पुताई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। घाटों पर प्रकाश, शुद्ध पेयजल, पहुंच मार्गों को दुरुस्त कराने समेत अन्य जरूरी व्यवस्थाएं पूरी किए जाने के निर्देश भी दिए। इधर, पूर्वांचल महासभा सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्र की अगुआई में वीरेंद्र नाथ रॉय, डॉ. जीएन गुप्ता, वंशराज सिंह, कमलेश यादव, अर्जुन पुरी, सुनील तिवारी, अनिल मौर्या ने भी घाटों का अवलोकन कर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने में नगर निगम का सहयोग किया।

## सार-संक्षेप

### कलाकार सुंबुल का सेंट पॉल कॉलेज में किया गया सम्मान



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** युवा अभिनेत्री सुंबुल तौकीर खान बुधवार को सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज में पहुंचीं। कॉलेज में सुंबुल का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं के बीच अनुभव साझा किए। प्रिंसिपल साबू एथिकल और शिक्षकों ने टीवी कलाकार एवं मॉडल को बुके भेंटकर स्वागत किया। इसी कड़ी में शिक्षिका कविता जोशी व उज़मा गयूर ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान सुंबुल ने छात्र-छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर सफलता हासिल करने पर जोर दिया। मन में पूर्ण आस्था, विश्वास और दृढ़ निश्चय के साथ लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने से सफलता निश्चित रूप से मिलती है। शिक्षक जय त्रिपाठी ने सुंबुल तौकीर का परिचय दिया। सुंबुल ने टीवी धारावाहिक अकबर बीरबल, इमली, जोधा अकबर, आहट, आस्था, वारिस, प्यार तूने क्या किया, चक्रधारी अजय कृष्णा, दिल ही तो है, चंद्रगुप्त मौर्य, काव्या आदि में अभिनय कर प्रतिभा की छाप छोड़ी है। उन्हें बिग बॉस सीज़न-16 में भी काम करने का मौका मिला। सुंबुल ने बताया कि उनका ननिहाल और ददिहाल शाहजहांपुर में ही है। उनके परदादा अब्दुल ग़फूर खां सेंट पॉल इंटर कॉलेज में खेल शिक्षक रहे। उनके पिता तौकीर हसन खान, अब्दुल वदूद खान, राशिद हुसैन खां, सलमान खान, फैजान खां, आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सर्वेक्षण, निपुण एसेसमेंट टेस्ट के लिए भरा जोश



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बुधवार को बीएसए दिव्या गुप्ता ने कार्यालय सभागार में अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) की बैठक लेकर राष्ट्रीय सर्वेक्षण, निपुण एसेसमेंट टेस्ट और डायट प्रशिक्षुओं को मिशन मोड में काम करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, एआरपी और एसआरजी इन कार्यक्रमों की तैयारी के लिए अपने क्षेत्र का भ्रमण करते रहें। बीएसए ने कहा कि वह स्वयं प्रत्येक शनिवार को विद्यालयों का भ्रमण कर समीक्षा करेंगी। निर्देश दिए कि एआरपी सहयोगात्मक पर्यवेक्षक के साथ विद्यालयों में प्रिंट रिच वातावरण, पुस्तकालय का रखरखाव और अन्य शैक्षिक बिंदुओं पर आख्या समक्ष प्रस्तुत करेंगे। निर्देश दिए कि प्रत्येक माह की 10 तारीख तक निपुण लक्ष्य के माध्यम से कक्षा एक से तीन तक के बच्चों का आंकलन किया जाए। एसआरजी डॉ. अरुण कुमार गुप्ता, एसआरजी अश्वनी कुमार अवस्थी, एसआरजी ममता शुक्ला ने कई जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय सुरेंद्र कुमार मौर्य ने सतत ऊर्जावान तथा उत्साहित रहकर कार्य करने को प्रेरित किया। बैठक में जिला समन्वयक रोहित सिंह, मोहम्मद आमिर, स्टेनो अंकुर श्रीवास्तव समेत सभी संबंधित शिक्षक मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं का जन्म पंजीकरण अनिवार्य

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का जन्म पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। इसमें मदरसे भी शामिल किए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने मदरसा संचालकों और प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए हैं कि सत्र के आरंभ में आवश्यक रूप से प्रत्येक विद्यार्थी का जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड संख्या संबंधित पोर्टल/पंजिका पर अंकित करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि जन्म मृत्यु पंजीकरण करने वाले मुख्य विभागों द्वारा अपने पुराने अभिलेखों को चरणबद्ध रूप से वर्ष 2025 तक डिजीटलाइज किये जाने एवं हितलाभ की योजनाओं में शामिल किया गया है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा यथा सम्भव जन्म-मृत्यु पंजीकरण के डाटाबेस से एपीआई के माध्यम से त्वरित सत्यापन/संपर्क स्थापित किए जाने के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। डीएमओ ने मदरसों के संबंध में भी व्यवस्था लागू किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# महिला परामर्श केंद्र पर दो जोड़ों में समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर परिवार परामर्श केंद्र 14 पत्रावलियों की सुनवाई की गई। जिसमें दो दंपती के बीच समझौता कराया गया। परिवार परामर्श केंद्र की उप निरीक्षक मधु यादव ने बताया कि मंगलवार को 14 पत्रावली की सुनवाई की गयी। दो दंपती में समझौता हो गया और दोनों को विदा किया गया।

उन्होंने बताया कि सिंधौली क्षेत्र में एक दंपती की एक साल पूर्व शादी हुई थी। दोनों पति-पत्नी में कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाया गया था। दोनों पक्षों की आपस में वार्ता करायी है और दोनों लोग एक साथ रहने को तैयार हो गए। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया।

इसी प्रकार सिंधौली में ही एक दंपती की शादी तीन साल पूर्व हुई थी। दहेज को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों ने परिवार परामर्श केंद्र पर समझौता कर लिया। इस अवसर पर महिला आरक्षी पूनम मिश्रा, मोनिका, करुणा थी।

# बहु उपयोगी मॉडलों से बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मॉडलों का अवलोकन करते प्रधानाचार्य अनिल कुमार और निर्णायक मंडल के सदस्य। ● अमृत विचार

- पीएम श्री जीआईसी में लगी जिला स्तरीय दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी
- कई माध्यमिक कॉलेजों की टीमों ने किया प्रतिभाग

**अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में बुधवार को दो दिवसीय 52वीं जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में मॉडलों को शामिल करने को सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय निर्धारित किया गया था। जूनियर और सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त डायट के शिक्षकों और प्रशिक्षुओं ने भी प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने वैज्ञानिक सोच के साथ अपनी प्रतिभा से निर्णायकों को प्रभावित किया। परिणाम गुरुवार को घोषित किया जाएगा।

डीआईओएस हरिवंश कुमार के मार्गदर्शन में लगी बाल विज्ञान प्रदर्शनी में मेजबान राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज, मंगल सेन भारतीय इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, रेलवे इंटर कॉलेज रोजा, श्री श्याम लाल अंगने लाल बालिका इंटर कॉलेज, नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज, पुवायां इंटर कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज कटरा, पंचायत राज इंटर कॉलेज भावलखेड़ा, गांधी विचार प्रचार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुर्रिया कलां, चकझाऊ इंटर कॉलेज, स्वामी धर्मानंद इंटर कॉलेज, शान इंटर कॉलेज मीरानपुर कटरा और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन मेजबान कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार, जीआईसी कांट के प्रधानाचार्य संजय कुमार मौर्य ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। शान इंटर कॉलेज के बच्चों ने गीत प्रस्तुत किया। वरिष्ठ शिक्षक प्रेम शंकर सक्सेना और संजय शंकर मिश्रा के संचालन में चली प्रदर्शनी में राजीव श्रीवास्तव, आनंद प्रकाश, सुरेंद्र पाल, रजनीश कुमार, महेंद्र सिंह, शैलेंद्र विक्रम सिंह, राम सेवक शर्मा आदि का सहयोग रहा। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रदर्शों-प्रोजेक्ट का परिणाम 7 नवंबर को घोषित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### प्रतिभागियों ने बनाएं विभिन्न मॉडल

सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय के उप विषय भोजन, स्वास्थ्य, स्वच्छता, प्राकृतिक खेती, संसाधन, आपदा व कचरा प्रबंधन, यातायात व संचार, गणितीय मॉडल व कंप्यूटरीकृत सोच पर आधारित मॉडल एवं अन्य प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।

### इन विशेषज्ञों ने निभाई निर्णायक की भूमिका

बाल विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न महाविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों ने बतौर निर्णायक एक-एक कर सभी प्रोजेक्ट एवं मॉडलों का गहन अवलोकन कर संबंधित विद्यार्थियों से उनके बारे में जानकारी हासिल की। निर्णायक मंडल में आर्य महिला डिग्री कॉलेज की डॉ. ज्योति गुप्ता, जीएफ कॉलेज से डॉ. स्वप्निल यादव, एसएस कॉलेज से डॉ. गौरव शर्मा एवं अभिषेक वाजपेयी शामिल रहे।

# खंडित मूर्तियां भूमि को समर्पित करें अथवा नदी में करें विसर्जित

- जय बाबा कालसेन सेवा समिति का अभियान
- घरों से खंडित मूर्तियां एकत्र कर किया विर्सजन

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी

**अमृत विचार:** जय बाबा कालसेन सेवा समिति ने खंडित मूर्तियों को विसर्जित किया। बाबा कालसेन मंदिर से शुरू हुए कार्यक्रम के दौरान घर-घर जाकर खंडित मूर्तियों को इकट्ठा किया गया।

मां कालिका देवी, मां जालिपा देवी मंदिर होते हुए ग्राम कुतुआपुर में सभी घरों से खंडित मूर्तियां इकट्ठा की गई। इसके बाद ग्राम चंपापुर व रौरा के सभी देवी स्थान से व प्रत्येक घर से मूर्तियां इकट्ठा कर गर्रा नदी के किनारे भूमि को समर्पित की गईं। संरक्षक सुनील तिवारी ने बताया कि जय बाबा कालसेन सेवा समिति का जागरुकता अभियान था, जिसमें घरों में जाकर निवेदन किया गया कि खंडित मूर्तियों व पूजा की सामग्रियों को देव स्थान पर न छोड़े, भूमि को समर्पित करें या नदी में विसर्जित करें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व उप जिला पंचायत अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक के खंड संचालक भरत सिंह ने स्वागत किया। समिति के सदस्य जगदेव शर्मा, धर्मेंद्र गुप्ता, मुकेश सिंह, संदीप तिवारी, चमन सक्सेना, सचिन राठौर, सुमित सक्सेना, रोहित गुप्ता, देशराज शर्मा, सोमू गुप्ता, दिनेश गुप्ता, निखिल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



मूर्तियां विसर्जित करते जय बाबा कालसेन सेवा समिति के पदाधिकारी।

# खुद करें नियमों का पालन, दूसरों को समझाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



सीओ ट्रैफिक ज्योति यादव का स्वागत करते आयोजक। ● अमृत विचार

- वीडीएफ कांवेंट स्कूल में आयोजित यातायात सुरक्षा कार्यक्रम में सीओ ट्रैफिक ने बताए नियम

**अमृत विचार :** वीडीएफ कांवेंट स्कूल में बुधवार को यातायात सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सीओ ट्रैफिक ज्योति यादव, प्रभारी यातायात बालकिशन, व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन बाथम, टीएसआई विपिन कुमार पांडे आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया।

सीओ ज्योति यादव ने बच्चों व शिक्षिकाओं को सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों के पालन करने की जानकारी दी। व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि हम बच्चों को इसलिए समझा रहे हैं क्योंकि आप लोग अपने घर वालों को स्कूल में हुई गोष्ठी का संदेश देंगे। यातायात प्रभारी बाल किशन यादव ने बच्चों को शपथ दिलाई। टीएसआई विपिन पांडेय ने बच्चों को यातायात के नियम के बारे में बताया। बच्चों ने गोष्ठी में सड़क सुरक्षा संबंधी सुंदर-सुंदर चार्ट भी बनाएं। आराध्या, अनुष्का शर्मा, रेशमा, उमंग सक्सेना, संगम कुमार, सूर्य प्रकाश आदि बच्चों के चार्ट पुरस्कार के लिए चुने गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रीति आनंद, प्रबंधक रोमी आनंद ने सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान बबीता सक्सेना, शैलजा श्रीवास्तव, ममता सक्सेना, वंदना, कुसुम, सोनम, पूर्णिमा, जोहा आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

**रामश्रम सत्संग** | दूसरे दिन वरिष्ठ आचार्यों ने सत्संगियों को समझाई गुरु की महत्ता, टूंडला के गृहस्थ संत प्रभु दयाल पहुंचे, आज सुबह प्रथम सत्र में सत्संग के बाद होगा समापन

# दिव्यता प्राप्त करने के लिए गुरु से जुड़ें, गुरूर से नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



रामाश्रम सत्संग के दूसरे दिन सत्संगियों को दर्शन देते गृहस्थ संत प्रभु दयाल शर्मा। साथ में अन्य आचार्य। ● अमृत विचार



आंतरिक सत्संग में जुटे विभिन्न प्रांतों के साधक-साधिकाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामाश्रम सत्संग मथुरा के तीन दिवसीय आंतरिक सत्संग समारोह में दूसरे दिन टूंडला, अलीगढ़, लखनऊ आदि शहरों से आए गृहस्थ संतों और आचार्यों ने गुरु महिमा का बखान किया। इसी क्रम में टूंडला के शंकर नाथ शर्मा ने कहा कि शिष्यों और अनुयायियों को गुरु की उपस्थिति भान कराती है। बड़े-बडे. ऋषि-मुनि हजारों वर्षों के तप से जो प्राप्त दिव्यता प्राप्त करते हैं, वह दिव्यता गुरु की साधना से कुछ ही समय में प्राप्त की जा सकती है। इस दिव्यता को प्राप्त करने के लिए हमें गुरु में जुड़ना होता है, गुरूर से नहीं। इस बात का हमें स्वयं अनुभव होता है।

शंकर नाथ शर्मा ने कहा कि गुरु से साक्षात्कार के बाद हमारी वाणी सौम्य हो जाती है। किसी की पीड़ा या दुख देखकर मन द्रवित हो उठता है। यदि हम लगातार गुरु द्वारा बताई साधना करते रहेंगे, तो हमें एक न एक दिन ईश्वर का साक्षात्कार जरूर होगा। लखनऊ के डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि समर्थ गुरु डॉ. चतुर्भुज सहाय के अवतरण पर्व पर उन भक्तों की याद आती है, जिन्होंने गुरु को ईश्वर से भी ऊंचा माना। कहा कि सुगंध बांटने वाले के समीप बैठने मात्र से व्यक्ति सुगंधित हो जाता है। इसी प्रकार समर्थ गुरु के समक्ष बैठने मात्र से काम, क्रोध, लोभ, मोह एवं अहंकार की बेड़ियां समाप्त होने लगती हैं।

लखनऊ के आचार्य राजदेव सिंह ने कहा कि हमारे पास अपनी कमियों को देखने की दृष्टि नहीं है, यह दृष्टि गुरु के सामने बैठने से ही प्राप्त की जा सकती है। जिस प्रकार वर्षा के समय जल में भीगने का कोई प्रयास नहीं करना होता, उसी तरह गुरु के समक्ष बैठने से ज्ञान रस से भीगना, अपनी कमियां देखने के लिए प्रयास नहीं करना है। आचार्य केसी श्रीवास्तव जी ने कहा जब हमारे जन्म-जन्मांतर के पुण्यों का उदय होता है, तब हमें संतों और गुरु के समीप बैठने का अवसर प्राप्त होता है। शबरी प्रसंग सुनाते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि कोल-भील आदि को संतों के आश्रम में प्रवेश की अनुमति नहीं थी, लेकिन को प्रभु राम ने उनकी कुटिया में जाकर स्वयं दर्शन दिए। इसी क्रम में लखनऊ के आचार्य विमल रस्तोगी, अहमदाबाद के आचार्य राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, पीलीभीत के आचार्य राम प्रकाश अवस्थी आदि ने गुरु को पारस बताते हुए उनकी महत्ता समझाई। जिस प्रकार पारस लोहे को स्पर्श कर सोना बना देता है, उसी प्रकार गुरु अपने शिष्य को अपने समान बना देते हैं। गुरुवार सुबह प्रथम सत्र में सत्संग और ध्यान के बाद आंतरिक सत्संग का समापन हो जाएगा।

### सत्संग की व्यवस्थाओं के सहयोगी

सत्संग की विभिन्न व्यवस्थाओं में पंकज टंडन, धनपाल सिंह, परमानंद, वीरेंद्र वीर सिंह, निर्भय अग्रवाल, मोहन लाल बंसल, जय अग्रवाल, ओपी अवस्थी, राम खिलावन त्रिपाठी, सुरेंद्र मिश्रा, अमित त्रिपाठी, रामपाल सक्सेना, आलोक श्रीवास्तव, प्रेममोहन गुप्ता, डॉ. मनमोहन गुप्ता, अजय अग्रवाल, सुरेंद्र मित्रा, अरुण रस्तोगी, अनूप रस्तोगी, बृजेश कुमार गुप्ता, सीमा सिंह, उपासना सिंह, सुनीता सिंह, सरिता सिंह, दुर्गावती, बीना सिंह, रिंकी गुप्ता, कीर्ति रस्तोगी, वेदराम राठौर, रेखा कुशवाहा, शकुंतला रस्तोगी, मधुवाला, सफेदी देवी, रीता गुप्ता, आशा झाम, शांति, उमा, कमला, कमलेश शर्मा, रीता शुक्ला, माहेश्वरी चौहान, पुष्पा शर्मा, सविता, सुनीता आदि का सहयोग रहा।

# ग्राम चंदगोई में श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत चंदगोई में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ हो गया। कथा की आयोजक ग्राम प्रधान रिंकी देवी ने बताया कि बुधवार दोपहर दो बजे कलश यात्रा निकाली गई।

यात्रा गर्रा नदी से जल लेकर बूढ़े ब्रह्मदेव बाबा स्थल पर आकर समाप्त हुई। 6 नवंबर से 10 नवंबर तक कथा चलेगी। कथा 10 नवंबर का भंडारे के साथ समापन होगा। पंडित विपिन शुक्ला, पंडित पवन शुक्ला की ओर से कथा श्रवण कराई जाएगी।

अपराह्न एक से शाम चार बजे तक व शाम सात से 11 बजे तक कथा कही जाएगी। इस दौरान प्रधान पति राजीव वर्मा, संजय वर्मा, संतराम वर्मा, छेदा लाल वर्मा, अर्जुन वर्मा, दशरथ वर्मा, विजय वर्मा, श्रीकांत वर्मा, लालाराम वर्मा आदि मौजूद रहे।



# डॉ. अमित कुमार कुशवाहा

एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)



श्वास, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ


**जन आरोग्य क्लीनिक**
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल
9411477351
समय : - दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार

**पीलीभीत क्लीनिक**
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार





# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर





# डॉ. रजनी कांत साहू

वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ

समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक

**सुविधायें**
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।

**बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर**
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157



# मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



# डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी

Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



# संवेदना क्लीनिक

100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400


# खाद के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान, धरना- प्रदर्शन

## भाकियू चढ़ूनी गुट के किसानों ने कई समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में डीएपी की किल्लत को लेकर परेशान किसानों का गुस्सा भड़क गया। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट से जुड़े किसान भारी संख्या में बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंच गए। शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। दोपहर 12 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक किसान धरना देकर बैठे रहे। बाद में खाद उपलब्ध कराए और गन्ना किसानों का बकाया दिलाए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के जिला प्रभारी तरविंदर सिंह मोमी ने कहा कि रवि की फसल बुआई का समय है और डीएपी न तो बाजार में उपलब्ध है और न ही संबंधित साधन सहकारी समिति पर उपलब्ध है, जिसके कारण किसान परेशान हैं। शासन प्रशासन का किसानों पर पराली न जलाने का तो दबाव है और मुकदमें भी पंजीकृत हो रहे हैं, लेकिन किसानों के हितार्थ रवि की फसल बोने के लिए सरकार ने कोई कड़ा निर्णय लेकर बाजार और सहकारी समिति में डीएपी उपलब्ध नहीं कराई और जो कराई भी है, वह नाकाफी है इसलिए भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी थी लेकिन किसानों की इस परेशानी का समाधान नहीं हुआ, इसलिए मजबूरन धरना देना पड़ा।

इस दौरान किसानों ने खाद उपलब्ध नहीं कराने पर शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष भारत सिंह, पुवायां तहसील अध्यक्ष सचिन मिश्र, सुखपाल सिंह, महेश चंद्र वर्मा आदि तमाम किसान मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में धरने देते भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट से जुड़े किसान।



नायब तहसीलदार नीलू कटियार को ज्ञापन देते किसान नेता। ● अमृत विचार

## भाकिमयू राष्ट्रवादी ने विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**तिलहर, अमृत विचार :** भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी के तहसील अध्यक्ष प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में जनसमस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम को संबोधित ज्ञापन उनकी गैर मौजूदगी में तहसील प्रशासन को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि यूनियन समय-समय पर किसानों, मजदूर की समस्याओं को लेकर अवगत कराते रहते हैं, कुछ समस्याओं के निराकरण न होने से कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। बताया कि गांव मुड़िया चक के मृतक झब्बू लाल की जमीन की विरासत उनके वारिशों सुरेश, वीरेश, नरेश, दिनेश, श्रीमती शालिनी देवी के नाम अभी तक नहीं की गई। जिसकी तत्काल प्रभाव से विरासत कराई जाए। मीरानपुर कटरा के मोहल्ला ताहवरगंज के वीरेश के मकान को कब्जा मुक्त कराया जाए, डीएपी व यूरिया लेने पर नैनो यूरिया व अन्य सामान जबरदस्ती दिए जाते हैं, जिस पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा नहरों की सफाई, गोवंशों की समस्या से निजात दिलाए जाने व बिजली कर्मियों द्वारा बिल के नाम पर रुपये वसूल लिए गए, उसे जमा कराया जाए। चेतावनी दी कि उपरोक्त समस्याओं का समाधान 12 नवंबर तक नहीं किया जाता है, तो 13 से चीनी मिल ग्राउंड में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान जयवीर सिंह यादव, योगेन्द्र पाल शाक्य, नेत्रपाल मोर्य, अजीत यादव, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

## खाद न मिलने पर किसानों ने जाम किया हाईवे, सचिव पर कालाबाजारी करने का आरोप



**जलालाबाद, अमृत विचार :** खाद न मिलन से नाराज किसानों ने जलालाबाद कटरा हाईवे पर जाम लगा दिया। किसानों ने कहा कि गोदाम खुलने से पहले ही खाद गायब कर दी गई है। इससे साफ है कि खाद की कालाबाजारी की गई है। पुलिस ने बची 100 बोरी डीएपी खाद किसानों को वितरित कराई। बुधबार को ग्राम खाईखेड़ा सहकारी समिति में डीएपी खाद का ट्रक एक दिन पहले आया था, जिसकी जानकारी हुई तो बड़ी संख्या में किसान गोदाम पर एकत्रित हो गए, लेकिन सचिव करुणा शर्मा गोदाम पर नहीं आए। जिससे किसान हंगामा करने लगे। खाद न मिलने से गुस्साए किसानों ने जलालाबाद कटरा हाईवे को जाम कर दिया। दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी-लंबी लाइनें लग गईं। जाम की सूचना मिलते ही कोतवाल प्रदीप राय मौके पर पहुंच गए और जाम को खुलवाया। सचिव को बुलाकर गोदाम में बची 100 बोरी खाद को आधार कार्ड के माध्यम सेवितरित कराया गया। किसानों ने सचिव पर खाद गायब करके ब्लैक में बेचने का आरोप लगाया है। वहीं, कोतवाल प्रदीप कुमार राय ने बताया कि खाद न मिलने की वजह से किसानों ने हाईवे जाम कर दिया था। मौके पर जाकर जाम खुलवा दिया गया और गोदाम में बची 100 बोरी खाद का वितरण सचिव को बुलाकर कर दिया गया है।

# पेट्रोल पंप पर सेल्समैन को पीटकर किया लहूलुहान

- सिगरेट पीने से मना करने पर आधा दर्जन युवकों ने किया हमला
- सूचना पर आए सेल्समैन के गांव के लोगों ने हमलावरों को पीटा

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** पेट्रोल पंप पर से सिगरेट पीने की मना करने पर आधा दर्जन युवकों ने सेल्समैन को पीटकर लहूलुहान कर दिया। सूचना पर सेल्समैन के गांव के लोग आ गए और उन लोगों ने हमलावरों की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हमलावरों को हिरासत में ले लिया।



जगवीर यादव।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर राधे-राधे पेट्रोल पंप पर बुधवार दोपहर 1:30 बजे छह युवक तीन बाइकों से पहुंचे और पेट्रोल पंप पर ही उनमें से दो युवक सिगरेट पीने लगे। सिगरेट पीने से पेट्रोल पंप के मैनेजर अनूप यादव ने मना किया तो वह मुखर हो गए और गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज सुनते ही सेल्समैन जगवीर यादव भी पहुंच गया और दोनों तरफ से मारपीट शुरू हो गई। इसी बीच किसी ने सेल्समैन जगवीर यादव के गांव चांदपुर खबर कर दी। कई लोग आ गए और हमलावरों को पीटना शुरू कर दिया।

बताते हैं कि हमलावर शराब के नशे में थे। चीता मोबाइल और थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र पहुंचे और मारपीट कर रहे दिल्ली के पटेल नगर निवासी प्रियांशु, हैबी गुजराल, विक्की राठौर, ऋतिक पटेल, आदित्य जोशी, पार्थ मेहरा को हिरासत में लिया। वहीं पंप के सेल्समैन जगवीर यादव और हिरासत में लिए गए लोगों का मेडिकल मुआयना कराया गया।

## कनाडा के प्रधानमंत्री का हिंदू संगठन ने फूंका पुतला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खालिस्तान समर्थकों द्वारा कनाडा में मंदिर और हिंदू समुदाय पर हो रहे हमले के विरोध में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का पुतला फूंका। इस दौरान राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। जिसमें हिंदू समुदाय की सुरक्षा और हमलावरों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। हिंदूवादी नेता राजेश अवस्थी ने कहा कि हिंदुओं पर होने वाले हमलों की भर्त्सना की जानी चाहिए। कनाडा के प्रधानमंत्री अगर अपने देश के हिंदुओं की रक्षा नहीं कर सकते तो उन्हें कुर्सी छोड़ देनी चाहिए। कहा कि भारत को यह मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में उठाना चाहिए। भारत सरकार को कनाडा में रहने वाले हिंदुओं की रक्षा के लिए हरसंभव कड़े कदम उठाने चाहिए। साथ ही खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

# डॉ. प्रेम गंगवार



B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव **प्रेम जर्मन होम्योपैथिक**
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली



# डॉ. दर्शन मेहरा

एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
**दर्पिन हॉस्पिटल**
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

# आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर

ADITYA
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली


## बिना पंजीकरण चल रहे अस्पतालों पर मारा छापा

**तिलहर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पंजीकरण के बिना संचालित होने वाले अस्पतालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में बुधवार को चिकित्सा अधीक्षक/ नोडल अधिकारी डॉ. ओमेंद्र राठौर ने चेकिंग अभियान चलाया। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि नीरज स्किन क्लिनिक, बिरियागंज में डॉ. गौस मोहम्मद अस्पताल, पीरगैब तालाब के समीप मेडिकेयर अस्पताल और अस्पताल के समीप सिटीजन लैब, शिफा हॉस्पिटल व ऑक्सीजन हॉस्पिटल बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित मिले। अस्पताल बंद कर दिए हैं और जब तक संचालन का रजिस्ट्रेशन नहीं होता, अस्पताल बंद रहेंगे। अगर चलते मिले तो कार्रवाई की जाएगी।

## नारद मोह का किया गया भावपूर्ण मंचन

**कलान, अमृत विचार :** नगर में चल रहे मेला रामलीला में नारद मोह का मंचन कर कलाकारों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मंचन में देव ऋषि नारद कठोर तप कर कामदेव पर विजय हासिल कर ली। शंकर भगवान को बताया तो उन्होंने किसी को बताने से मना किया लेकिन नारद विष्णु भगवान को यह दृष्टांत सुनाने पहुंचे तो उनके माया रूपी नगर में विश्व मोहनी को देखकर विचलित हो गए और उसी से शादी रचाने के लिए विष्णु से रूप मांगा। विष्णु ने उन्हें बंदर का रूप दे दिया और मोहनी से खुद विवाह कर लिया। इसी से कुपित नारद ने विष्णु को श्राप दे दिया कि तुम मनुष्य के रूप में आकर पत्नी के वियोग में वैसे ही भटकोगे जैसे मैं भटक रहा हूं। पेड़ पौधे से भी पूछोगे कि मेरी सीता किधर गई।

# सार-संक्षेप

## नया टैक्स लगाने के विरोध में भड़के लोग, नारेबाजी



**खुटार, अमृत विचार :** हाउस व वॉटर टैक्स के साथ ही नया जल निकासी टैक्स लगाए जाने से खुटार के लोग भड़क उठे। बुधवार को नागरिकों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकाला। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर पंचायत के लिपिक अनिल सिंह को सौपा। नागरिक नगर के बंडा चौराहा (अटल चौक) पर एकत्रित हुए और यहां से नारेबाजी करते हुए नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे, जहां लिपिक को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा साल 2021 के अंतिम माह में हाउस टैक्स, वॉटर टैक्स में बढ़ोतरी की जा चुकी है। अब दोबारा टैक्स में 10 से 20 प्रतिशत बढ़ोत्तरी करते हुए जल निकासी के नाम पर नया टैक्स लगाया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णराज के प्रतिनिधि अधिवक्ता देवेश गुप्ता, हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र, प्रदेश संगठन मंत्री कमल दीक्षित, उपाध्यक्ष रोहित शुक्ला, अतुल शर्मा, शोभित तिवारी, शुभम शर्मा, सभासद पूनम मिश्र, शराफत खान, मंगल कुमार, चंदन गुप्ता, सुशील कुमार राठौर आदि मैजूद रहे।

## याकूबपुर तिराहे को महाराणा प्रताप चौक घोषित करे



**जलालाबाद , अमृत विचार :** मंगलवार को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने एसडीएम उत्सव आनंद को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष सुमित गुप्ता के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि जलालाबाद को परशुरामपुरी व याकूबपुर तिराहे को महाराणा प्रताप चौक घोषित किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल लगातार मांग करता चला आ रहा है। जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक हम इसी तरह लगातार मांग करते रहेंगे। इस मौके पर प्रदेश मंत्री अर्पित गुप्ता एडवोकेट, अभितेश कुशवाहा, भूपेंद्र सिंह, अनमोल गुप्ता, प्रशांत तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निगोही के साईं और गुप्ता अस्पताल पर छापा

**निगोही, अमृत विचार :** शाहजहांपुर के नगर स्वास्थ्य अधिकारी/नोडल अधिकारी डॉ. अंसार अली ने निगोही कस्बे में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाया। सबसे पहले वह निगोही के साईं हॉस्पिटल पहुंचे वहां कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं था। इसके अलावा पर्याप्त नर्सिंग स्टाफ भी नहीं था। वहां मौजूद स्टाफ से रजिस्ट्रेशन के कागज मांगे मगर वह नहीं दे सके। तमाम अव्यवस्थाएं भी मिली। गुप्ता हॉस्पिटल में महिला फार्मासिस्ट के द्वारा मरीजों को देखा जा रहा था। कुछ मरीज भी एडमिट मिले, मगर अस्पताल में डॉक्टर नहीं थे। पूछने पर बताया कि डॉक्टर आज आए नहीं। पंजीकरण संबंधित कागज भी नहीं दिखा सके। एसीएमओ डॉ. अंसार अली ने दोनों अस्पतालों को नोटिस देते हुए दो दिन के अंदर रजिस्ट्रेशन संबंधी कागज उपलब्ध करने के निर्देश दिए। डॉ. अंसार अली ने बताया कि अस्पतालों में तमाम खामियां मिलीं। किसी भी अस्पताल में डॉक्टर मौजूद नहीं थे। ओटी तो मिली, मगर सर्जन नहीं थे। इसके अलावा महिला डॉक्टर भी मौजूद नहीं थीं। दोनों को नोटिस दिया है, दो दिन में जवाब न देने पर कार्रवाई की जाएगी।

## याकूबपुर चौराहे पर शव रखकर जाम लगाने का प्रयास

**जलालाबाद/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अल्हागंज क्षेत्र में दीपावली वाले दिन भूमि विवाद को लेकर एक व्यक्ति को पीटकर घायल कर दिया था। घायल की इलाज के दौरान बरेली के एक अस्पताल में मौत हो गई। परिवार वालों ने याकूबपुर चौराहे पर शव रखकर जाम लगाने का प्रयास किया। अल्हागंज क्षेत्र के गांव दहेना निवासी रामदेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दीपावली वाले दिन पुरानी रंजिश व जमीन के विवाद में उसके भाई हरिपाल( 45 ) को लाठी से पीटकर घायल कर दिया था। पुलिस ने विक्रम यादव, बुधपाल यादव, इनाम सिंह, रवि यादव राहुल यादव, गोधन यादव निवासी दहेना थाना अल्हागंज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार की सुबह छह बजे हरिपाल की इलाज के दौरान मौत हो गयी। बरेली में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। परिवार वाले शव लेकर जलालाबाद के याकूबपुर चौराहे पर पहुंच गए। शव सड़क पर रखकर जाम लगाने का प्रयास किया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय के समझाने पर शव लेकर चले गए। अंतिम संस्कार गुरुवार को करेंगे। अल्हागंज प्रभार निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि एक आरोपी पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। दूसरे आरोपी इनाम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने को गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।

## एक नजर

### बीच बाजार कार में लगी आग, मची भगदड़

उझानी, कस्बे के बीचो बीच एक ईको कार में एलपीजी गैस डालते समय आग लग गयी जिससे बाजार में भगदड़ मच गयी, लोगों ने दौड़ कर आग पर काबू पाया। कस्बे में कई जगहों पर कारों में एलपीजी गैस डाली जाती है लेकिन पुलिस व विभागीय लापरवाही के चलते दुकानदार लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बुधवार को एक ईको कार चालक एलपीजी गैस डलवाने को एक दुकान पर कार ले गया, बताते हैं कार पेट्रोल पर चलने के लिए पास थी।

### स्कूल के सामने से बाइक हुई चोरी

**ककराला। अमृत विचार** : कस्बा स्थित न्यू हॉप्स पब्लिक स्कूल के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। नकाब पोश चोरों के बाइक चोरी रहे चोर को पकड़ने के लिए बाइक स्वामी ने पीछा करने का प्रयास किया मगर असफल रहा।कस्बा निवासी लालाराम गुप्ता न्यू हॉप्स स्कूल में बच्चे की पढ़ाई के संबंध में पहुंचे थे। उन्होंने स्कूल के गेट पर बाइक खड़ी कर दी और अंदर चले गए। वापस लौटे तो चोर गाड़ी स्टार्ट कर रहा था। शोर मचाने पर चोर बाइक लेकर बदायूं की तरफ भाग गया। आंखों के सामने बाइक चोरी होते देख उसे पकड़ने का प्रयास किया। परंतु सफल नहीं हुए। पीड़ित ने पुलिस चौकी पर बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# कूड़ा कलेक्शन का ई रिक्शा प्रधान के घर खड़ा मिला

## डीपीआरओ को निरीक्षण में मिलीं अनियमितताएं, प्रधान व सचिव को नोटिस, गांव में मिली गंदगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** ग्रामीणों को सुविधाएं मुहैया कराने को सरकार संसाधन उपलब्ध करा रही है लेकिन उनका उपयोग गांव में नहीं हो रहा है। ग्राम पंचायतों के निरीक्षण में यह असलियत सामने आई है। कूड़ा कलेक्शन के लिए भेजा गया ई रिक्शा प्रधान के घर खड़ा मिला और अफसर को बताया गया कि इस रिक्शे से सवारियां ढोई जाती हैं। सलारपुर ब्लाक की छह से ज्यादा ग्राम पंचायतों के निरीक्षण में डीपीआरओ को कई खामियां देखने को मिली हैं। उन्होंने प्रधान व सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

डीपीआरओ ने गुरुवार को छह से अधिक ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। जिसमें उन्हें अनियमितताएं मिलीं। इनमें तीन ग्राम पंचायतों की स्थिति अत्यंत खराब थी। डीपीआरओ ने इन ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिव को नोटिस जारी किया है। डीपीआरओ यावर अब्बास ने सालारपुर ब्लॉक की छह से अधिक ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। जिसमें रसूलपुर



जगत के पंचायत घर में ग्रामीणों से वार्ता करते डीपीआरओ। ● अमृत विचार

पुठी, करतोली और बिनावर ग्राम पंचायतों के हालात अधिक खराब थे।

इन ग्राम पंचायतों में उन्हें पंचायत घर बंद मिले। रसूलपुर पुठी सराय गांव के मुख्य मार्ग पर पानी बह रहा था। आरआरसी सेंटर संचालित नहीं था। सामुदायिक शौचालय में ताले पड़े थे। करतोली में बने आरआरसी सेंटर में जल जीवन मिशन योजना में काम करने वाले मजदूर निवास कर रहे थे। सामुदायिक शौचालय मानक के अनुरूप नहीं बना था। केयर टेकर द्वारा उसकी सफाई नहीं की जा रही थी। घर घर कूड़ा कलेक्शन के लिए खरीदा गया ई-रिक्शा प्रधान के घर खड़ा था। जिसे सवारियां ढोने का काम लिया जा रहा था। ऐसे ही हालात बिना ग्राम पंचायत में मिले। गांव में सफाई कर्मचारी के न पहुंचने से नाले और नालियां चोक पड़ी थी।

ग्राम पंचायतों की ऐसी स्थिति होने पर डीपीआरओ ने इन ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिव को नोटिस जारी किया है। डीपीआरओ ने बताया कि ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त की धनराशि मिल चुकी है उसके बाद भी उनमें काम नहीं हो रहा है। निरीक्षण में तीन ग्राम पंचायतों के हालात ज्यादा खराब मिले हैं। इनके प्रधान व सचिव को नोटिस जारी किया गया है।

## सीएचसी की रसोई में लटके ताले, मरीजों को दिक्कत

म्याऊं, अमृत विचार : महिला समूह द्वारा संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बनी रसोई बंद हो गई है। कैंटीन बंद होने से यहां पर आने वाले मरीजों और तीमारदारों को खाने पीने की वस्तुएं खरीदने के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। हर रोज सैकड़ों मरीज सीएचसी पर आ रहे हैं। उनके साथ तीमारदार भी होते हैं लेकिन मरीजों के लिए पहले कैंटीन में खान पान की वस्तुएं मिल जाती थी लेकिन अब इन्हें लेने के लिए दूर जाना पड़ता है। सीएमओ को कैंटीन बंद होने की जानकारी दी जा चुकी है लेकिन अफसर मरीजों और तीमारदार की सुविधा बहाल कराने को ध्यान नहीं दे रहे हैं।

कस्बे में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बीस बेड की व्यवस्था है। रोजाना की ओपीडी तीन से चार सौ मरीजों की रहती है। इसके बाद भी अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने आने वाले रोगियों के लिए कैंटीन की व्यवस्था नहीं है। चाय-बिस्किट के साथ अन्य खाने पीने की वस्तुओं को खरीदने के लिए रोगियों और तीमारदारों को इधर उधर भटकना



पड़ता है। रात के समय यहां पर भर्ती मरीजों को अधिक दिक्कत रहती हैं। हालांकि इससे पूर्व अस्पताल परिसर में कैंटीन संचालित थी। जिसे एक महिला समूह द्वारा संचालित किया जा रहा था। जिसका लाभ रोगियों और तीमारदारों को मिलता था। लेकिन अब महीनों से कैंटीन बंद पड़ी है।

> पहले यहां महिला समूह कैंटीन संचालित करती थी। अब वह बंद है।, कैंटीन जल्द शुरू हो इसके लिए प्रयास किया जाएगा। दो-तीन बार इसकी अस्पताल द्वारा लिखित शिकायत भी सीएमओ से की है। अगली बैठक में इस पर पर चर्चा कर सुविधा शुरू की जाएगी।
> **डॉ. सुशांत बनर्जी**, प्रभारी चिकित्सा ब्लॉक म्याऊं।

# आज से खुल जाएंगे गन्ना क्रय केन्द्र, कल से होगी खरीद

- बिसौली चीनी मिल की 52 जगहों पर होगी खरीद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले की सबसे बड़ी चीनी मिल यदु शुगर मिल में 8 नवम्बर से गन्ना की पेराई शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए चीनी मिल ने अपने सभी गन्ना क्रय केन्द्रों को बुधवार से ही खोल दिया है और वहां पर कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं। गन्ना क्रय केन्द्रों पर 7 नवम्बर से गन्ना की खरीद शुरू कर दी जाएगी।

बिसौली की यदु शुगर मिल जिले की सबसे बड़ी चीनी मिल है। इस चीनी मिल पर जिले का 60 प्रतिशत गन्ना जाता है। जबकि 40 प्रतिशत गन्ना अन्य चार चीनी मिलों को बेचा जाता है। सबसे बड़ी चीनी मिल होने के कारण मिल पर गन्ने का रकबा भी अधिक है।

इस बार चीनी मिल के 52 क्रय केन्द्र हैं। जिन पर बुधवार को कर्मचारी तैनात कर दिए गए। इन सभी गन्ना क्रय केन्द्रों पर 7 नवम्बर से गन्ने की खरीद शुरू कर दी जाएगी।जिला गन्ना अधिकारी ने कहा है कि घटतौली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया जाएगा शिकायत आई तो कार्यवाही होगी।

> बिसौली की यदु शुगर मिल का पेराई सत्र 8 नवम्बर से शुरू हो जाएगा। पेराई सत्र शुरू होते ही बिचौलियों पर नजर रखी जाएगी। मिल के सभी क्रय केन्द्र आज से ही खोल दिए गए हैं। गन्ना क्रय केंद्र पर घटतौली करने पर कार्यवाही की जाएगी। गन्ना किसानो की शिकायतों पर त्वरित अमल किया जाएगा। क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया जाएगा।
> **-अशर्फी लाल** - जिला गन्ना अधिकारी

चीनी मिल के महाप्रबंधक अनिल सिंह ने कहा कि चीनी मिल गन्ना पेराई को तैयार है। मिल का पेराई सत्र का शुभारंभ के मौके पर जिला गन्ना अधिकारी और अन्य बड़े प्रशासनिक अफसर मौजूद रहेंगे।

चीनी मिल पर पेराई सत्र के शुभारंभ पर जो किसान सबसे पहले गन्ना लेकर आएगा उसे मिल प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

# छापामारी: तीन अवैध मेडिकल स्टोर सील

संवाददाता, म्याऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग और एसडीएम ने कस्बों में मेडिकल स्टोरों पर छापा मारा। उक्त अधिकारियों ने कमियां मिलने पर तीन मेडिकल स्टोर सील कर दिए। बुधवार को की गयी कार्यवाही से पूरे इलाके में हड़कंप मचा रहा। कई मेडिकल स्टोर और अल्ट्रासाउंड संचालक अपनी दुकाने बंद कर भाग गए। सील की गयी दुकानों पर नोटिस चस्पा कर जवाब मांगा गया है। उसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

डीएम के निर्देश पर बुधवार को एसीएमओ डा. मनोज झा एसडीएम दातागंज धर्मेन्द्र कुमार सिंह मेडिकल स्टोरों और अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापा मारने को अलापुर पहुंचे। यहां पर कई मेडिकल स्टोर चेक किए। उसके बाद आजाद मेडिकल स्टोर चेक किया तो उसके पास मेडिकल चलाने के कागज नही मिले। जिसके बाद एसडीएम के आदेश पर



मेडिकल स्टोर के खिलाफ कार्यवाही करते एसडीएम और एसीएमओ।

एसीएमओ डा. मोहन झा ने मेडिकल स्टोर सील कर दिया।उसके बाद एसडीएम और एसीएमओ उसहैत पहुंचे, यहां पर काफी देर तक मेडिकल स्टोर चेक किए गए, यहां भी कागज नहीं मिलने पर दो मेडिकल स्टोर सील कर दिए गए। सील करने के बाद उनसे जवाब मांगा गया है। नोटिस चस्पा कर एक सप्ताह में जवाब देने को निर्देशित किया गया है।

इसी तरह सद्भावना अल्ट्रासाउंड सेंटर पर सुबह को उक्त अधिकारी पहुंच गए। बंद कमरे में बैठ कर बातचीत की गयी। बातचीत करने के बाद एसीएमओ वहां से चुपचाप निकल गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि छापामार कार्यवाही का डर दिखा कर अवैध वसूली की गयी है।

मेडिकल स्टोर और अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर की गयी छापेमारी कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अवैध रूप से दुकानें चलाने वाले लोग अपनी दुकान बंद कर भाग गये।एसीएमओ डा. मोहन झा ने बताया कि तीन मेडिकल स्टोर सील किए गए हैं। उक्त कार्यवाही डीएम के आदेश पर की गयी है। अब हर रोज इसी तर छापामार कार्यवाही की जाएगी।

# फंदे पर मिला युवक का शव, हत्या करने का आरोप

**बदायूं,अमृत विचार :** बरेली के थाना बिशारतगंज क्षेत्र के गांव लोहारी निवासी प्रदीप 26 पुत्र संतोष तीन नवंबर को अपनी पत्नी सरस्वती के साथ अपने साढ़ू के घर दातागंज क्षेत्र के गांव कुमपुर आए थे। अगले दिन कुमपुर गांव में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। बुधवार सुबह गांव के पास पेड़ पर प्रदीप का शव लटका मिला। प्रदीप ने भाई ने हत्या करके शव पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया। बताया कि सरस्वती सुबह लगभग आठ बजे पड़ोस के गांव बराई में रहने वाले मामा खेमकरन के पास गई थी। बताया था कि प्रदीप ने फंदा लगाकर जान दे दी है। मामा ने गांव लोहारी फोन करके सूचना दी थी। जिसके बाद प्रदीप के परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस आ गई। पुलिस ने शव फंदे से उतारा।

# लैब की मशीन खराब, धक्का-मुक्की के बाद हंगामा

- नहीं मिली ब्लड रिपोर्ट, चिकित्सक को दिखाने को मरीज रहे परेशान
- जिला अस्पताल में बिजली कटौती से हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब की ब्लड जांच करने वाली मशीन खराब होने से ब्लड रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी। घंटो से लाइन में लगे मरीजों ने धक्का मुक्की की, हंगामा होने के बाद विंडो बंद कर दी गयी। कुछ देर बाद जब मशीन चालू हुई तो मरीजों को ब्लड रिपोर्ट दी गयी।

जिला अस्पताल में हर रोज मरीज किसी न किसी बात को लेकर हंगामा करते हैं।

अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के चलते मरीजों को दिक्कत होती है। बुधवार को सुबह नौ बजे ब्लड रिपोर्ट लेने पहुंचे मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। मरीजों ने धक्का मुक्की शुरू कर दी, हंगामा किया तो बताया गया कि ब्लड रिपोर्ट तैयार करने वाली मशीन खराब है इसलिए



ब्लड रिपोर्ट लेने को मरीजों की लगी लाइन

किसी को रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है। मशीन को ठीक किया जा रहा है। लेकिन मरीजों ने हंगामा शुरू कर दिया।

मरीजों के हंगामा करने के बाद विंडो को बंद कर दिया गया। फिर भी मरीज वहीं पर बैठे रहे। करीब डेढ़ घंटे बाद मशीन को ठीक कर लिया गया जिसके बाद एक घंटे तक ही रिपोर्ट दी गयी। दो बजे विंडो बंद कर दी गयी।

मरीजों ने बताया कि सुबह से लाइन में लगे हैं। मरीज अधिक होने से धक्का मुक्की होती है। मरीज लाइन में ही जमीन पर बैठ गए।

### मरीज परेशान होकर वापस लौटे

मंगलवार को भी जिला अस्पताल में शुगर की जांच करने वाली मशीन खराब होने के कारण बंद रही जिससे सैकड़ों मरीज वापस लौट गए। दो बजे तक मशीन ठीक नहीं हुई तो मरीजों ने सीएमएस से शिकायत करने का प्रयास किया मगर सीएमएस नहीं मिले तो मरीज परेशान होकर वापस लौट गए। बुधवार को शुगर की जांच कुछ देर तक की गयी, बाद में मशीन खराब हो गयी। जिससे दर्जनों मरीज वापस लौट गए।

### मशीन पिछले महीने बीस दिन तक बंद रही

जिला अस्पताल में महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करने वाली मशीन पिछले महीने बीस दिन तक बंद रही जिससे सैकड़ों महिलाएं परेशान होकर लौटती रहीं। अल्ट्रासाउंड मशीन ठीक कराने को बरेली से टेक्नीशियन को बुलाया गया उसके बाद मशीन ठीक हुई।

> जिला अस्पताल में बिजली ट्रिपिंग करती है इसलिए पैथोलॉजी लैब की मशीन नहीं चल पाती हैं, मशीने ठीक हैं। लेकिन बिजली की ट्रिपिंग से मशीन लोड नही ले पाती हैं। जब बिजली सप्लाई सुचारू मिलती है तो वह मशीन काम करती हैं। इस कारण मरीजों को समस्या उठानी पड़ती है।
> **-डा. कप्तान सिंह** - सीएमएस

## सार-संक्षेप

### लापता हुईं बहनों को पुलिस ने किया बरामद

**उस्मानपुर, अमृत विचार** : थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव रसूलपुर कलां निवासी मुन्नालाल पुत्र जयप्रकाश ने पुलिस को सूचना दी कि बुधवार को उनकी 5 वछह साल की बेटियां सुबह घर के बाहर खेल रही थीं। कुछ देर के बच्चियां लापता हो गई थीं। गांव में तलाश के बाद भी पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष रविकरन सिंह ने पुलिसकर्मियों को सूचित कर अलग-अलग टीमों का गठन कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। बच्चियों को तलाश करते हुए पुलिस मझोलरा गांव में पहुंची। जहां दोनों बच्चियां गांव के रास्ते पर मिल गईं। बच्चियों के फोटो से उनकी पहचान की और उनके परिजनों को सूचना देकर बुलाया और परिजनों को सौंप दिया। टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उपनिरीक्षक अश्वनी शर्मा, सिपाही ज्योति, नरेंद्र कुमार, प्रिंस चौधरी रहे।

### विधिक सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**बदायूं, अमृत विचार :** विधिक सचिव शिव कुमारी ने बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आधी सजा से अधिक समय व्यतीत कर चुके निरुद्ध बंदियों की सूची जेल अधीक्षक से मांगी। उन्होंने बैरिकों में जाकर सफाई व्यवस्था देखी। विधिक सचिव ने बैरिकों में निरीक्षण के दौरान बन्दियों की समस्याओं को सुना। साथ ही उन्हें विधिक सहायता हेतु जागरूक भी किया। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान जेलर से बीमार कैदियों को समय से दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। महिला कैदियों के छोटे बच्चों की दूध की व्यवस्था की जानकारी कर उसे उपलब्ध कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान संजीव कुमार, चीफ एलएडीसी, ब्रह्मानन्द गौतम डिप्टी चीफ एलएडीसी कशिश सक्सेना, अधीक्षक जिला कारागार राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### पुरानी रंजिश में बुजुर्ग को पीटा, इलाज के दौरान मौत

**बदायूं, अमृत विचार** : पुरानी रंजिश में हुई मारपीट में घायल बुजुर्ग को सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस मारपीट के मामले में तरमीम करेगी। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव करीमगंज निवासी कृष्णपाल (50) पुत्र ज्वाला सिंह का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। 16 अक्टूबर को वह दवा लेने के लिए घर से निकले थे। उन्होंने समरेर में चिकित्सक से दवा ली और चबूतरे पर आराम करने लगे। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते सुरजीत, बबलू पुत्र मुलायम, सर्वजीत और उसके पिता वीरेंद्र उनके पास आकर गाली-गलौज करने लगे। कृष्णपाल ने गाली देने से मना किया। तो उन्होंने लाठी डंडे से पिटाई कर दी इससे वह घायल हो गये। आसपास मौजूद लोगों ने कृष्णपाल के परिजनों को सूचना दी तब उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती के बाद उन्हें आराम नहीं मिला तो बदायूं मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार देर शाम कृष्णपाल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां कृष्णपाल के परिजनों ने बताया कि विवाद के चलते मारपीट की गई थी।

### संचालक ने जाति पूछकर बारातघर देने से किया मना

**बदायूं, अमृत विचार** : सहसवान के मोहल्ला निनोहर निवासी अच्छन लाल की बेटी की शादी चार फरवरी 2025 को है। बरात दिल्ली से आएगी। आरोप है कि जब वह शादी समारोह के लिए बरात घर की बुकिंग के लिए गए तब संचालकों ने इसलिए बुकिंग करने से मना कर दिया गया कि वह वाल्मीकि समाज के लोग है। आरोप है कि कस्बे में संचालित सवा बरात घर, नारायण बरात घर, तुवा बरात घर आदि के संचालकों ने पहले उनसे जाति पूछी और उसके बाद मना कर दिया। बुधवार को वाल्मीकि समाज के लोगों ने एसडीएम प्रेमपाल सिंह को पत्र देकर शिकायत की है।

### तारकशी में आए करंट से किसान की मौत

**बदायूं, अमृत विचार** : सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरऊ निवासी जसवीर पटेल ने खेत पर हरी सब्जियां उगाई थी। छुट्टा गोवंश व अन्य जानवरों से सब्जी बचाने के लिए तारकशी करके रात में करंट छोड़ देते थे और सुबह हटा देते थे लेकिन बुधवार को वह तार हटाना भूल गए थे। दोपहर को वह तार में करंट की चपेट में आ गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

# खेत खरीदने के बाद जुताई पर दो पक्षों में विवाद

संवाददाता, विजय नगला/ बिनावर

- जमीन खरीदने के बाद जुताई करने गए थे गांव डुमैरा निवासी छोटे लाल

**अमृत विचार :** जमीन के विवाद में दो पक्ष आमने-सामने गए। खेत पर असलाह दिखाकर गाली-गलौज की। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया। वीडियो के आधार पर पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव डुमैरा निवासी छोटेलाल पुत्र केदार सिंह ने बताया कि उसने थाना क्षेत्र के गांव इकराम नगर पौ गौटिया में हाकिम सिंह से जमीन खरीदी थी। जिसपर गांव के जिलानी का कब्जा था। छोटे लाल ने जमीन से कब्जा हटाने को कहा। आरोप है जिलानी ने कहा कि अगर खेत की ओर देखा तो गोलियां चल जाएंगी। बुधवार को वह अपने खेत की जुताई करने ट्रैक्टर लेकर गए। आरोप है जिलानी अपने साथियों के साथ पहले से खेत पर मौजूद थे। जिलानी और उसके साथियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। छोटे लाल ने विरोध किया तो वह लोग झगड़ा करने पर आमादा हो गए।

हाथों में तमंचा लेकर गाली-गलौज करने लगे। छोटे लाल जैसे-तैसे खेत से भाग आए। पुलिस से शिकायत की। वहीं किसी ने वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया। जिसके आधार पर पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज ने बताया कि जमीन का विवाद है। दोनों पक्ष का वीडियो वायरल हुआ था। जांच की जा रही है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा बूथ अध्यक्ष को सिपाही ने पीटा

**बिसौली, अमृत विचार :** पुलिस चौकी दबतोरी पर तैनात एक सिपाही के भाजपा बूथ अध्यक्ष को पीटने का मामला सामने आया है। बूथ अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष को शिकायत भेजी। एसएसपी ने सीओ बिसौली को तीन दिन में जांच करके आख्या देने को कहा है।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर में एक नवंबर को बूथ अध्यक्ष शाहरुख खान के पड़ोस में लिंटर पड़ रहा था। इसी दौरान ठेकेदार और अजीम मिस्त्री में विवाद हो गया। सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची और दोनों पक्ष को दबतोरी पुलिस चौकी पहुंचने को कहकर चली गई। बूथ अध्यक्ष चौकी पहुंचे और वहां दोनों पक्षों में समझौता कराने लगे। आरोप है कि चौकी पर तैनात सिपाही बिफर पड़ा। और उसने बूथ अध्यक्ष की पिटाई लगा दी। शिकायत होने पर एसएसपी ने जांच शुरू कराई है।

# युवक लापता, आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने बरामद किया शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दीपावली से पहले से लापता युवक का शव मिला। जांच के आधार पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया। जिसकी निशानदेही पर लापता युवक का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उससे हत्या के कारण की जानकारी की जा रही है।

सहसवान कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा शहबाजपुर निवासी अशरफ पुत्र छुन्नन ने 28 अक्टूबर को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उनका भाई मुशाहिद (21) घर पर बिना बताए बाइक से कहीं चला गया है। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा है। जिसके बाद से उसका मोबाइल नंबर बंद आ रहा है। आसपास क्षेत्र के अलावा



युवक का शव मिलने पर मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

- 27 अक्टूबर को लापता हो गया था युवक, बुधवार को थाना जरीफनगर क्षेत्र में मिला शव

रिश्तेदारी में तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज की थी और तलाश की जा रही थी। पुलिस ने जांच शुरू की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। जिसके आधार पर राम प्रकाश पुत्र इतवारी के बारे में जानकारी हुई। पुलिस ने राम प्रकाश को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने अशरफ की हत्या करने की बात कबूल की। पुलिस ने थाना जरीफनगर क्षेत्र से शव बरामद कर लिया। पुलिस उससे हत्या के कारण की जानकारी कर रही है। एसपी देहात केके सरोज ने बताया कि जांच के दौरान राम प्रकाश का नाम सामने आया था। उसने हत्या कबूल की है। कारण की जानकारी की जा रही है।

# महिलाओं ने मनाया खरना, गुड़ की खीर बनाई


कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी व्रती महिलाएं ,36 घंटे का निर्जला व्रत शुरु


**अमृत विचार:** लोक आस्था के पर्व छठ के दूसरे दिन बुधवार को व्रत रखने वाली महिलाओं ने खरना पूजन कर गुड़ की खीर बनाई। केले के पत्ते पर सिंदूर से अर्ध चंद्र की आकृति बनाकर दीप जलाया। पति और संतान के लिए अग्रासन निकालने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इसी के साथ महिलाओं ने 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरुआत की। घर के सदस्यों के साथ मिलकर पूजन सामग्री तैयार की। गुरुवार की शाम व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर संतान के लिए मंगलकामना करेंगी। शुक्रवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ पूजा का समापन हो जाएगा।

छठ महापर्व नहाय-खाय के साथ बीते मंगलवार से ही शुरू हो गया है। बुधवार को खरना के दिन महिलाओं ने सुबह स्नान किया। इसके बाद नाक से माथे तक सिंदूर लगाया। दिन भर व्रत रहीं। सूर्यास्त के बाद गुड़-दूध की खीर और रोटी बनाकर प्रसाद स्वरूप भगवान सूर्य की पूजा करके उन्हें भोग लगाया गया। खरना के साथ ही व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू किया। गुरुवार छठ पूजा का तीसरा दिन है। व्रती महिलाएं डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। और भगवान सूर्यदेव से संतान और परिवार के लिए मंगल कामना करेंगी। शुक्रवार को छठ पूजा का परायण हो जाएगा। इस दिन प्रातःकाल उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। उधर पर्व को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। लोग छठ पूजा के लिए सामान की खरीदारी कर रहे हैं। पूजन सामग्री सूप, फल व श्रृंगार की दुकानों पर पहुंचकर पूर्वांचल के लोगों ने खरीदारी की।

## डीएम व एसएसपी ने घाट पर देखी सुरक्षा व्यवस्था



**बदायूं, अमृत विचार :** छठ पूजा के लिए लोग बुधवार को कछला घाट पर श्रद्धालु पहुंचेंगे। गंगा घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बुधवार को घाट पर पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही वहां पर श्रद्धालुओं से वार्ता की। डीएम और एसएसपी ने घाट के पूजा स्थलों और आवागमन मार्गों पर बैरीकेटिंग के साथ-साथ वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था का जायजा लिया ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मजिस्ट्रेट भी नामित किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं को ठीक करने के निर्देश दिए।



# दुकानें लगाने को पहुंचने लगे दुकानदार

## ककोड़ा मेला में बसने लगा तंबुओं का शहर, मार्ग बनाने को डाला पुआल और सरकरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रुहेलखंड के सुप्रसिद्ध मिनी कुंभ मेला ककोड़ा की तैयारी अंतिम दौर में पहुंचने के साथ ही दूर दराज के दुकानदार मेले में पहुंचने लगे हैं। मेला स्थल पर पुआल और सरकरा डाल कर तंबू लगाए जा रहे हैं। मेले की तैयारियों का जिला प्रशासन हर रोज जायजा ले रहा है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को कोतवाली भी बना दी गयी है।

बुधवार को जिला प्रशासन के कई बड़े अधिकारी मेले की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। अधिकारियों के निर्देश ईख के खेत के किनारे मैदान पर पुआल और सरकरा डाला गया। जिससे यहां पर तंबू लगाने वालों को परेशानी न हो।14 नवंबर को मेले का उद्घाटन और 15 नवंबर को मुख्य स्नान होना है। इसको लेकर मेले में मुख्य द्वार का निर्माण शुरू हो गया है। इसके अलावा मेले में मुख्य मार्ग के दोनों और बल्लियां लगाकर बिजली व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई है। गंगा किनारे मार्ग पर वीआईपी और शासनिक प्रशासनिक अधिकारियों के टैंटों के सामने मुख्य मार्ग पर बल्लियां लगाकर बिजली व्यवस्था की जा रही है। बरेली मेले की तरफ डंडे और बल्लियां लगाकर बैरिकेडिंग कर दी गई है। टेंट लगाने का कार्य किया जा रहा है। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले तैयार हो रहे हैं।

मेले में मौत का कुआं, बड़ा झूला ड्रोन, ड्रोन ट्रेन, रेंजर टावर, जंपिंग, बच्चों के लिए जहाज, किश्ती, ब्रेक डांस, टोरा टोरा, कटर पिलर, सर्कस, स्पेशल जादू का सामना पहुंच चुका है। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कोतवाली बनाई गई है। मेले में कुछ दुकानें भी पहुंच चुकी हैं। चाट पकौड़ी के अलावा प्रसाद की भी दुकानें लग चुकी हैं। झंडी पूजन से पूर्व मेले में सिरकी पाल का काम भी पूरा करने की कोशिश की जा रही है। मेले तक जाने वाला मार्ग तैयार हो चुका है जबकि आने वाला मार्ग दुरुस्त किया जा रहा है। मजदूर वीणा डालकर मिट्टी डाल रहे हैं। ट्रैक्टर द्वारा जमीन को समतल करने का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है।


मेले में गाड़ी से सामान लेकर पहुंचा दुकानदार । ● अमृत विचार

### आठ नवम्बर तक सभी स्नान घर बना दिए जाएंगे

गंगा घाटों पर सिरकी के स्नानघर बनाए जा रहे हैं। महिला शक्ति स्नान घर बनाने का कार्य जोरों पर चल रहा है। आठ नवम्बर तक सभी स्नान घर बना दिए जाएंगे। रात्रिकालीन आने वाले वाहनों की सुरक्षा को पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। हालांकि अभी कादरचौक थाने की पुलिस ही सुरक्षा मुहैया करा रही है।

### ईंधन भी मेला स्थल पर पहुंचने लगा है

आस पास के गांव के लोग मिट्टी के चूल्हे बना कर बेचते हैं। मिट्टी के चूल्हे बनाने वालों ने इस बार रेट फिक्स कर दिए हैं। छोटा चूल्हा सौ रुपए का होगा जबकि बड़ा चूल्हा दो सौ का मिलेगा। वहीं लकड़ी का ईंधन भी मेला स्थल पर पहुंचने लगा है। ईंधन से जलने वाले चूल्हों की बिक्री भी जल्द शुरू हो जाएगी।


मेले में जलावन लकड़ी की दुकान तैयार करता युवक। ● अमृत विचार

### गंगा में पानी का बहाव रुका, गंगा स्नान को लेकर बढ़ी चिंता



**बदायूं।** कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए गंगा में पानी कम हो गया है और पानी का बहाव भी रुक गया है। डीएम ने नरौरा, बिजनौर और हरिद्वार बैराज से 20 हजार क्यूसेक पानी मुहैया कराने के निर्देश बाढ़ खंड को दिये हैं। गंगा किनारे लगने वाले ककोड़ा मेला में लाखों श्रद्धालु आते हैं। जिस स्थान पर मेला लगाया गया है वहां पर गंगा में पानी बहुत कम है। ऐसे में श्रद्धालु गंगा में डुबकी कैसे लगा पाएंगे। गंगा में इस समय बीच धार में केवल तीन फुट पानी है। पिछले दिनों जिला प्रशासन की एक बैठक में जिला पंचायत ने इस समस्या से जिला अधिकारी निधि श्रीवास्तव को अवगत भी कराया था। डीएम के निर्देश पर बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता ने नरौरा बिजनौर बैराज के अधिकारियों को पत्र लिख कर पानी देने की की। अभी तक ऊपर से पानी नहीं छोड़ा गया है। जिला पंचायत प्रशासन चिंतित है।जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी मासूम रजा ने बुधवार को बताया कि गंगा में पानी का बहाव रुक गया है। क्यों कि गंगा में पानी बहुत कम है। इतने कम पानी में गंगा स्नान संभव नहीं है। बाढ़ खंड के सहायक अभियंता नेशपाल ने बताया कि इस समय पानी की मांग तो की जाएगी लेकिन पानी कितना मिल पाता है यह नहीं कहा जा सकता। अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने इस मामले में पत्राचार भी किया है। कब तक पानी मिल पाता है यह तय नहीं है। प्रयास किए जा रहे हैं।

### श्रीमद् भागवत कथा के पंडाल का किया पूजन



**बिसौली, अमृत विचार :** श्री राधारानी प्रेम सेवा समिति के तत्वाधान में पूज्य महाराज इंद्रेश जी के मुखारविंद से होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के पंडाल का पूजन आचार्य सत्य प्रकाश शास्त्री ने वैदिक मन्त्रो से कराया। नगर के प्राचीन रामलीला मैदान में 13 नवंबर से होने वाली कथा की तैयारियां जोरों पर हैं। आगरा से आये राधा टेंट के मालिक राधेश्याम ने राधारानी प्रेम सेवा समिति के व्यवस्थापक मनोज यादव, संजीव मिश्रा से विधिवत पूजन कराकर कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य यजमान अमित अग्रवाल ( सोन), कीर्ति शाक्य, एड .मनोज शंखधार, एड .पवन गुप्ता, सतीश माथुर, विनीत सभासद, गुड्डू शर्मा, डॉ सुमित पाल, विशाल यादव, डॉ. प्रमोद यादव आदि कथा प्रेमी मौजूद रहे।

### यज्ञ से मिलता है सभ्यता, संस्कृति और संस्कारों को पोषण

**बदायूं, अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में बिनावर के श्री शिव मंदिर में चल रहे 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन के आत्मीय परिजनों ने वर्तमान समस्याओं के निराकरण सूक्ष्म जगत के परिशोधन और विश्व शांति की कामना से यज्ञ भगवान को विशेष आहुतियां समर्पित कीं। सायं को विराट दीपयज्ञ हुआ। देवकन्याओं और मातृशक्तियों ने ओम और स्वास्तिक के रुप में सजे 5001 दीप प्रज्ज्वलित किए। झिलमिलाती रोशन आकर्षण का केंद्र रही ।शांतिकुंज हरिद्वार से आए नमो नारायण पांडेय ने कहा कि यज्ञ से सभ्यता, संस्कृति और संस्कारों को पोषण मिलता है। वहीं यज्ञीय ऊर्जा से जीवाणुओं विषाणुओं का शमन और जीवनी शक्ति का संवर्धन होता है। समर बहादुर सिंह ने कहा कि विचार क्रांति से ही मानव में देवत्व का उदय होगा। बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार दें गायक जय सिंह राजपूत, अर्पित पांडेय, श्याम पटेल ने मातृ वंदना, गुरु वंदना और प्रज्ञा गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। दीपयज्ञ में प्रज्जवलित दीपकों से पूरा प्रांगण जगमगा उठा। इस मौके पर डीपी सिंह, प्रमिला गुप्ता, डीके मिश्रा, नत्थू लाल शर्मा, अभिषेक मिश्रा, राजेश बाबू, नरेंद्र पाल शर्मा, रामचंद्र प्रजापति, दिनेश गुप्ता, सतीश चन्द्र आदि मौजूद रहे।

### अस्पताल से बाइक चोरी, पुलिस में पीड़ित ने की शिकायत

**बिल्सी, अमृत विचार :** थाना मुजरिया के गांव हसूपुर बहेड़िया निवासी दुर्वेश कुमार मंगलवार को पत्नी को जैन अस्पताल में दवा दिलाने के लिए आए थे। अस्पताल के बाहर बाइक खड़ी की। वापसी में देखा उसकी बाइक गायब थी।


खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीवी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306



अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः-17 नवंबर 2024, रविवार
1 दिसंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes January 2025 session in the following disciplines
● Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
● Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
● Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
● Humanities and Journalism English
● Faculty of Pharmacy
● Faculty of Management
Last Date of Receiving Application : 30th November, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)



रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
14 नवम्बर 2024 बाल दिवस के उपलक्ष मे
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :-13 - 14 - 15 नवम्बर 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084
डॉ. वरुण अग्रवाल रीढ़ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. तुषार अग्रवाल बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084) Rohilkhand Medical College & Hospital Pilibhit Bypass Road, Bareilly

## सार-संक्षेप

### एक दिन की सीओ बनी इफ्फत फातिमा



सहसवान ,अमृत विचार : मिशन शक्ति अभियान फेज– 5 के तहत बुधवार को सर सैयद जूनियर हाई स्कूल की कक्षा 6 की छात्रा इफ्फत फातिमा को एक दिन का सीओ बनाया गया। छात्रा ने सीओ की कुर्सी पर बैठकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। वहां मौजूद सीओ ने छात्रा को समस्याओं को निपटाने के तरीके बताए। सीओ कर्मवीर सिंह ने छात्रा को सांकेतिक सीओ बनाते हुए कहा कि मातृशक्ति को बढ़ावा देने को यह अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी कर्मवीर सिंह ने सांकेतिक सीओ बनी इफ्फत फातिमा को पुलिसिंग व्यवस्था, एफ आई आर प्रणाली और कार्यालय डाक की विस्तार से जानकारी दी।

### भैंस के ऊपर गिरा बिजली का तार, मौत



ककराला, अमृत विचार : घर के बाहर बंधी भैंस के ऊपर जर्जर विद्युत लाइन टूट कर गिर गई। जिससे उसकी झुलस कर मौके पर ही मौत हो गई। कस्बा के वार्ड 12 निवासी छोटे खान पुत्र रिफायत खान की भैंस घर के सामने पड़े खाली खेत में बंधी थी। जिस स्थान पर भैंस बंधी थी उसके ऊपर से विद्युत लाइन गुजर रही थी। जर्जर हो चुकी लाइन अचानक भैंस के ऊपर टूट कर गई। जिससे भैंस की मौत हो गई।

### श्री राम के आदर्शों पर चल कर जीवन बनाएं सफल



बदायूं,अमृत विचार : वजीरगंज की ग्राम पंचायत सिंगथरा स्थित आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में लगे श्री राम लीला मेले की शुरुआत मुख्य अतिथि लेखपाल शर्मा द्वारा फीता काटकर की गई। कहा श्रीराम के आदर्शों पर चलकर भविष्य बना सकते हैं। जैसे श्री राम ने मर्यादा में रहकर सारे कार्य किये। मेला अध्यक्ष प्रदीप सिंह कठेरिया ने मेहमानों का अंग वस्त्र एवं माला पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर मेला प्रबंधक राघवेंद्र कुमार, अयोध्या प्रसाद, राजेश कुमार सक्सेना, नन्हे मिश्रा, कल्लू सिंह, शैलेंद्र सिंह कठेरिया, विवेक कुमार मिश्रा महेंद्र शर्मा, कौशल शर्मा, राजीव शर्मा, धीरपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### जमीन पर कब्जे के विरोध में 26 वें दिन भी धरना जारी



बदायूं,अमृत विचार : भाकियू चढूनी के कार्यकर्ताओं का मालवीय आवास ग्रह पर 26 वें दिन भी धरना जारी रहा। धरना स्थल पर कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा। भाकियू के कुंवरगांव नगर अध्यक्ष इरफान अहमद की ज़मीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से भी की मगर पुलिस ने मदद नहीं की। इसी के बाद वह कलेक्ट्रेट पर धरने पर बैठे हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलता तब तक धरना जारी रहेगा। बुधवार को धरने का नेतृत्व जिला प्रभारी अजब सिंह राजपूत ने किया। इस दौरान सुरेश चंद गुप्ता आरिफ रजा, रहिस, राजेन्द्र सिंह, रघु लाला, प्रवेंद्र ठाकुर, रामेश्वर, कृष्ण अवतार शाक्य, रमेश फौजी, राम जान मोहम्मद, रामदास, नसीम बेगम,किस्मा वी,ओमकार, छेदालाल, देवीसिंह, सिद्धार्थ, भुवनेश यादव, रामनिवास यादव, चांद मोहम्मद आदि लोग रहे।

### श्याम भवन पर हुआ अन्नकूट का भंडारा, उमड़ी भीड़



बिल्सी, अमृत विचार : नगर में नई सब्जी मंडी के सामने स्थित श्याम भवन पर बीती मंगलवार की रात श्री श्याम सेवा मंडल के तत्वावधान में अन्नकूट के प्रसाद भंडारा में बाबा का प्रसाद पाने के लिए लोगों को भीड़ उमड़ पड़ी। यह क्रम रात के 10 बजे तक चल रहा। यहां सबसे पहले खाटू श्याम बाबा को महंत विकास वार्ष्णेय उर्फ बब्बू भैया ने भोग लगाया। उसके बाद कन्याओं को सहभोज कराया गया। इसके बाद प्रसाद का वितरण शुरू किया गया। इसको सफल बनाने में अंशुल वार्ष्णेय, गोपाल वार्ष्णेय, यतेंद्र माहेश्वरी, लवलेश वार्ष्णेय, उज्ज्वल वाष्र्णेय, दिनेश बाबू वाष्र्णेय, रामसेवक वाष्र्णेय, सौरभ बाबू, पीनू माहेश्वरी, विशाल बाबू, सांई वाष्र्णेय आदि का विशेष सहयोग रहा।

### महात्मा बुद्ध ने दुनिया को दिया अहिंसा, प्रेम का संदेश



बिल्सी, अमृत विचार : गांव भिलौलिया सत्यपुर में तीन दिवसीय बौद्ध महोत्सव बुधवार को भगवान बुद्ध से जुड़ी विभिन्न लीलाओं का लखीमपुर खीरी के कलाकारों द्वारा सुन्दर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने कहा कि महात्मा बुद्ध के मानवतावादी उपदेशों को आत्मसात करके ही देश दुनिया में शांति स्थापित की जा सकती है इस मौके पर जय प्रकाश शाक्य, धर्मवीर शाक्य, नरेंद्र मौर्य, रघुराज शाक्य, गोपाल शाक्य, वेदपाल मौर्य, जसवीर शाक्य, राजेश कुमार, हरिशंकर शाक्य, सूरजपाल आदि मौजूद रहे।

### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में डाली आहुति

बिसौली, अमृत विचार : गांव नौली हरनाथपुर में चल रहे लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के प्रथम दिवस में श्रीमद् स्वामी रामानंदाचार्य परमहंस जी महाराज के कृपा पात्र श्री स्वामी नरसिंह आचार्य महाराज की अध्यक्षता में यजमानों से बैदिक मन्त्रो द्वारा आहुतियां डलवाई गई। श्रद्धालुओं ने श्रीमन नारायण नारायण का मंत्र उच्चारण करते हुए सुबह से श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की परिक्रमा करना शुरू कर दी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# समस्याओं का निस्तारण दूर, धरने पर आश्वासन तक नहीं मिला

## विधानसभा उपचुनाव मिलकर लड़ रहे सपा और कांग्रेस, ककराला में कांग्रेस के आंदोलन को समर्थन देने नहीं आए सपा जनप्रतिनिधि

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



समस्याओं को लेकर 31 दिन से धरना दे रहे कांग्रेसियों ने बुधवार को पदयात्रा निकाली। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सपा और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा। जनता की समस्याओं को हल कराने का वायदा किया। लेकिन जीतने के बाद जनप्रतिनिधि जनता को भूल गये है। ककराला में एक माह से कांग्रेस के नेता जनसमस्या को लेकर धरना दे रहे हैं लेकिन सपा का कोई विधायक जनसमस्याओं को पूरा कराने का आश्वासन देने तक नहीं पहुंचा है। उपचुनाव में सपा और कांग्रेस मिलकर फिर चुनाव लड़ रही है। दोनों पार्टियों के मुखिया तो एकजुट होकर जनता के वोट लेना चाहते हैं लेकिन स्थानीय नेताओं के बीच अब भी पार्टीबंदी चल रही है। प्रशासन ने कांग्रेस नेता का धरना समाप्त कराने के लिए मांग पूरी करने का आश्वासन तो दिया लेकिन 15 दिन बाद भी उसे पूरा नहीं किया है। अब कांग्रेसियों ने ऐलान किया है कि जब तक मांगे पूरी नहीं होती है तब तक धरना चलता रहेगा। बुधवार को इस कड़ी में कांग्रेस नेताओं नेजनता के बीच जाने के लिए पदयात्रानिकाली।

ककराला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदहाल है। जहां चिकित्सक है लेकिन मशीनें नहीं हैं। एक लाख की आबादी के नाम पर कागजों में सुविधाएं ली जा रही हैं लेकिन जनता को लाभ

● **मूलभूत सुविधाओं के लिए 31 दिन से ककराला के घास बाजार में धरने पर बैठे हैं कांग्रेसी**

नहीं मिल रहा है। यहां लगाई गई कलर्ड एक्सरे मशीन हटा ली गई। पुरानी एक्सरे मशीन है लेकिन टैक्नीशियन नहीं है। खिड़कियां टूटी हैं। शौचालय गंदे पड़े हैं। पेयजल की सुविधा नहीं है।

इसके अलावा आधार कार्ड बनवाने को लोगों को दूर जाना पड़ता है। ककराला से मोहम्मदगंज व अलापुर मार्ग की मरम्मत न होने पर लोग हिचकोले खाकर गुजरते हैं। व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। इसके अलावा बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए महिला डिग्री कॉलेज बनवाने की मांग को लेकर कांग्रेस के प्रदेश सचिव अजीत यादव के



टूटी पड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की खिड़की। ● अमृत विचार

नेतृत्व में 6 अक्टूबर से धरना चल रहा है। 14 अक्टूबर को एसडीएम सदर मोहित कुमार और एसीएमओ डॉ. मनोज झा धरनास्थल पर पहुंचे थे। आश्वासन दिया कि सीएचसी पर एक चिकित्सक व फार्मासिस्ट की 24 घंटे तैनाती रहेगी। एसडीएम ने समस्याओं के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया लेकिन मांगें अभी पूरी नहीं हुई हैं। 24 अक्टूबर को शायर मुनव्वर राना की बेटी उरूसा राना ने धरना को समर्थन दिया था। 30 अक्टूबर को ऑल इंडिया महिला कांग्रेस कमेटी की आब्जर्वर व आगरा जोन प्रभारी पूनम पंडित ने भी इस आंदोलन को समर्थन दिया।

बुधवार को कांग्रेसियों ने नगर में घूमकर जनसमर्थन मांगा। अजीत यादव ने कहा कि नगर की आबादी एक लाख है और उनके लिए सीएचसी पर एक ही चिकित्सक है। मांग पूरी कराने के लिए सभी को एकजुट होना होगा। पदयात्रा में शहजादा रिजवान, साजिद अली उर्फ दूल्हे, अकरम खान, डॉ. सोहराब खान, नुरुल हसन, फैजियाद खान, अनीस खान, वसीम खान, कामिल खान, तजम्मुल अंसारी, सादिक नवाज, हनीफ अब्बासी, हिलाल आदि उपस्थित रहे।



इससे बदहाल व्यवस्था और क्या होगी कि जायज मांगों के लिए 31 दिनों से धरने पर बैठना पड़ रहा है। अधिकारी एक बार आए, उसके बाद कोई नहीं आया। – **फैजियाब खान**, नगर अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा, ककराला



मूलभूत मांगें पूरी होने पर धरना जारी रहेगा। समस्याओं के निस्तारण के आश्वासन से काम नहीं चलेगा। मांगें पूरी होने पर ही धरना स्थल से हटा जाएगा। – **अनीस खान**



इससे ज्यादा शर्मा की बात और क्या होगी कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होने के बाद भी एक ही चिकित्सक की तैनाती है। संसाधन भी लगातार कम कर दिए जा रहे हैं। – **कामिल खान**



सड़कों के जर्जर होने की वजह से अक्सर हादसे होते रहते हैं। कोई सुनने वाला और न ही कोई समस्या का निस्तारण कराने वाला। अब आरपार की लड़ाई लड़ेंगे। – **तजम्मुल अंसारी**



एक लाख की आबादी होने के बाद भी बेटियों की उच्च शिक्षा की व्यवस्था नहीं है। सरकारी कॉलेजों में पढ़ाई के लिए बेटियों को बदायूं जाना पड़ता है। – **वसीस खान**



धरना को लगातार जनसमर्थन मिल रहा है। नगर की मुख्य समस्याओं के निस्तारण की ही मांग की जा रही है। भाजपा, सपा के किसी जनप्रतिनिधि ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। – **अकरम खान**

# दूसरे दिन भी वातावरण में छाई रही धुंध, गति थमी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। वातावरण में दूसरे दिन भी धुंध छाई रही। सुबह करीब साढ़े आठ बजे के ही आसमान साफ हो सका। रात में तो दृश्यता घटकर करीब 150 मीटर तक रह गई थी, जिस कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं लगातार हो रहे मौसम में बदलाव की वजह से लोग बीमार हो रहे हैं। उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी है। साथ ही तापमान में भी गिरावट हो रही है। बुधवार को अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मंगलवार से ही मौसम में बदलाव हो रहा है। सुबह घनी धुंध छाई रही, जिसका असर पूरे दिन रहा। बुधवार को सुबह पांच बजे से ही धुंध छाने लगी। करीब साढ़े आठ बजे के बाद आसमान साफ होने लगा। सुबह धुंध छाने से वाहन चालकों को दिक्कत हुई। धुंध से सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

**वातावरण में ज्यादा है नमी**

जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि वातावरण में नमी ज्यादा है इस कारण यह धुंध छा रही है। तापमान काफी कम हो रहा है, रात में तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। इन दिनों पराली जलाई जा रही है, उसका धुआं मिलने से दृश्यता पर भी असर पड़ रहा है। बताया कि जब तक तापमान नहीं बढ़ेगा वातावरण में इसी तरह धुंध छाई रहेगी।

# एसडीओ सहित 7 पर भ्रष्टाचार की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● **बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा में गांव औरछी के ग्रामीण ने दर्ज करायी है रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** न्यायालय सीजेएम बदायूं के निर्देश पर जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा में चन्दौसी के एसडीओ देहात सहित तहसील उपकेंद्र से जुड़े कर्मचारियों सहित 7 के विरुद्ध धारा 420 व भ्रष्टाचार सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित थाना क्षेत्र के गांव औरछी का निवासी है। रिपोर्ट दर्ज होने पर विद्युत अधिकारी व कर्मचारियों में हड़कंप मचा है।

गांव औरछी निवासी पीड़ित देवेंद्र शर्मा पुत्र स्व. राजाराम शर्मा ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि गांव में एक नलकूप का कनेक्शन है। उसने आटा चक्की को एक कोठरी तैयार कराई थी। इसके बाद वह जेई अभिषेक के पास बिजली घर कनेक्शन लेने गया। जहां चक्की कनेक्शन के 2 लाख रुपये में होने की बात कही। जिसमें 1 लाख रुपये फीस व 1 लाख रुपये अलग देने की बात कही। इसके बाद 20 जून 2021 को जेई व विद्युत कर्मचारी फारुख कुरैशी व राजकुमार यादव उसके गांव पहुंचे। जहां किसान देवेंद्र ने 1 लाख रुपये दे दिए और अन्य 1 लाख रुपये देने से इन्कार कर दिया। आरोप है कि इसके बाद जेई व विद्युत कर्मचारी बार-बार 1 लाख रुपये की मांग करते रहे। 2 जुलाई 2021 की रात 10 बजे जेई ने किसान को फोन करके बुलाया। इसके जेई व अन्य विद्युत कर्मचारी नलकूप पर पहुंचे और कोठरी का निरीक्षण कर चले गए। आरोप है कि जाते समय उक्त लोगों ने 1 लाख रुपये न देने का परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। कुछ दिन बाद किसान को जानकारी हुई कि विद्युत विभाग ने उसके विरुद्ध विद्युत चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। जबकि किसान नलकूप चोरी से नहीं चल रहा था और वह नियमित बिल जमा कर रहा था। इसके बाद किसान ने थाने में उक्त लोगों के विरुद्ध तहरीर दी। मगर रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने बदायूं सीजेएम न्यायालय शरण ली। न्यायालय के आदेश पर तहसील उपकेंद्र के जेई अभिषेक सिंह, विद्युत कर्मी राजकुमार यादव, चमन लाल, सहायक अभियंता विद्युत वीके गर्ग, एसडीओ देहात कुलदीप कुमार, सहायक अभियंता आशीष कटारिया के विरुद्ध 420 व भ्रष्टाचार की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

बिल्सी, अमृत विचार बुधवार देर शाम बिल्सी–मुजरिया रोड पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल सवार सुनील पुत्र कल्लू निवासी समसपुर बल्लू थाना मुजरिया की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चालक रक्षपाल पुत्र दाताराम निवासी अहमदनगर असोली थाना बिल्सी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बदायूं रेफर किया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
REQUIRED
PRINCIPAL & ASSISTANT PROFESSOR
For LL.B 3 Years & 5 years
Subject: Law , Economic, Political Science, English, Sociology, History Qualification as per UGC norms Eligible candidate may send their CV with 15 days to college
HAFIZ RAHMAT KHAN LAW COLLEGE, PILIBHIT
Mob.: 9696039280, 9410836032
hrklawcollege@gmail.com

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने तीनों पुत्रों धर्मेन्द्र, जितेन्द्र और सन्तोष को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। **ओम प्रकाश पुत्र स्व. श्री लेखराज निवासी ग्राम रजपुरा माफी पोस्ट मुड़िया अहमदनगर थाना इज्जतनगर, जिला बरेली।**

सूचना
हमने अपने पुत्र मो. फैजान व उसकी पत्नी सना को उनके गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मो. तसलीम पुत्र मो. यासीन नुसरत बी पत्नी मो. तसलीम निवासी – 25, सहसवानी टोला पुराना शहर थाना– बारादरी जिला बरेली।**

सूचना
मैने अपने पुत्र मो0 शफीक को चाल चलन ठीक न होने, कुसंगति में पड़ जाने, परिवारियों से प्रायः मारपीट करने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब हमारा व मेरे परिवार जनों का उससे कोई वास्ता, सरोकार नहीं है। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **सगीर अहमद पुत्र स्व0 नजीर अहमद निवासी वीरेन्द्र नगर कालोनी गोला गोकर्णनाथ, जिला–खीरी।**

सूचना
श्री कलीम अहमद पुत्र नवाब अली निवासी चेहला तहसील चाँदपुर, जिला बिजनौर आपने दिनांक 17.09.2024 को ग्राम कालाभोज की भूमि गाटा संख्या–152/2 का अपना सम्पूर्ण भाग का बैनामा क्रेता श्री संजीव कुमार शर्मा पुत्र श्री बृजलाल शर्मा निवासी ग्राम चकरपुर गही, तहसील आंवला जिला बरेली को लिखवाया था। आपको श्रीमान सवरजिस्ट्रार आंवला द्वारा नोटिस भेजा गया। लेकिन आप नहीं आये। मु.सं. 01/2024 है। धारा–36 पंजीकरण अधिनियम के अन्तर्गत आप सबरजिस्ट्रार कार्यालय आंवला आकर बैनामा करायें। **क्रेता संजीव कुमार शर्मा**

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# कांग्रेसियों ने जुलूस निकाल सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दातागंज कांग्रेस कमेटी ने जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह की अध्यक्षता में एवं जिला उपाध्यक्ष आतिफ खान जख्मी के नेतृत्व में जन समस्याओं को लेकर दातागंज में जुलूस निकालकरडीएम के नाम पांच सूत्रीय ज्ञापन दातागंज तहसीलदार को सौंपा।

बुधवार को कांग्रेस नेताओं ने दातागंज में विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया उसके बाद जुलूस निकला। मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने कहा तहसील दातागंज में रियल टाइम खतौनी में 95 प्रतिशत लेखपालों द्वारा मनमानी की जाती है। क्षेत्र में हजारों झगड़े हो रहे हैं। जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा क्षेत्र में छुट्टा पशुओं का आतंक घातक है। गौशालाओं में केवल औपचारिकता पूरी हो रही है। जिला उपाध्यक्ष ने कहा प्रशासन द्वारा अल्पसंख्यक समाज के धार्मिक कार्यक्रमों की अनुमति नहीं दी जाती है इस भेदभाव को दूर कर उन्हें भी कार्यक्रमों की अनुमति दी जाए।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह व अन्य।

● **दातागंज में विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सड़क पर उतरे कांग्रेस नेता**

कांग्रेसियों ने डीएम को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौपा। इस मौके पर अजहर हुसैन, ठाकुर होमेन्द्र सिंह, मोहम्मद इसाक, रामपाल शाक्य, शरीफ अली, राजेश, इदरीस, मुजम्मिल,अशोक, राशिद अल्वी, संजय आदि सैकड़ो संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे। दातागंज में किसान यूनियन के जिला संयोजक कृष्णपाल शाक्य ने अपने साथियों के संग कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

# न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता, दो दिन नहीं करेंगे काम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में चार नवंबर से काम नहीं कर रहे अधिवक्ता**

**अमृत विचार :** गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के चलते जिला सिविल और जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और अधिवक्ता लगातार न्यायिक कार्यों से विरत चल रहे हैं। बुधवार को भी अधिवक्ताओं ने काम नहीं किया। मथुरा प्रसाद मैमोरियल हॉल में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में सभा हुई। जिसमें 7 व 8 नवंबर को भी न्यायिक कार्यो से विरत रहने का आह्वान किया गया।

लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ता चार नवंबर से न्यायिक कार्य नहीं कर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन भी किया था। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि गाजियाबाद में 29 अक्टूबर को पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किया गया था।

जिसमें कई अधिवक्ताओं को चोट लगी थी। बुधवार को अधिवक्ताओं के अलावा प्रस्ताव में टाइप वाले स्टांप वाले और नोटरी के अधिवक्ताओं ने भी काम से दूरी बनाई। जिला बार एसोसिएशन ने दो दिन न्यायिक कार्यों से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। इसके अलावा जिला सिविल बार एसोसिएन भी न्यायिक कार्यों से विरत रहेगी। सभा में कई अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे। सभा का संचालन बार के सचिव संदीप मिश्रा ने किया।

# सुबह प्रदर्शन, शाम को तीन आरोपियों को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी और स्टाफ ने लापता फार्मासिस्ट की बरामदगी नहीं होने पर विरोध जताते हुए काली पटटी बांधकर काम किया और शीघ्र फार्मासिस्ट की बारामदगी की मांग की। उधर परिजनों ने एसएसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करके फार्मासिस्ट की बरामदगी की मांग की। पुलिस ने अपहरण के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

बुधवार को एसोसिएशन के सदस्य एकत्र हुए और प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया कि 20 दिन के बाद भी शाकिर अली के बारे में जानकारी न होना पुलिस की लेटलतीफी है। इस मौके पर शिवम रस्तोगी एनेस्थीसिया के विशेषज्ञ डॉ. अमित



प्रदर्शन के दौरान मौजूद स्टाफ।



पुलिस की गिरफ्त में अपहरण के आरोपी।

वार्ष्णेय, इम्तियाज, आर्येंद्र, शिवम, रीता, दिनेश यादव आदि उपस्थित रहे।इस बीच मोहल्ला कबूलपुरा निवासी फार्मासिस्ट शाकिर अली के अपहरण का मामला 20 अक्टूबर को तरमीम किया गया। नदीम ने तहरीर में आरोप लगाया था कि संपत्ति और रुपयों के लिए सहसवान के काजी मोहल्ला निवासी इशरत खातून, उसके पति शाहिद, आरिश चौधरी पुत्र शरीफ, नाजमा, बरेली के मोहल्ला काकर टोला निवासी शाहिद अली उर्फ बंटी पुत्र साबिर अली ने उनके पिता का अपहरण करके कहीं छिपा दिया है। पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की थी लेकिन फार्मासिस्ट को बरामद नहीं कर सकी। पुलिस ने अपहरण के आरोपी शाहिद अली, आरिश चौधरी, नाजमा को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस को अहम सुराग मिले हैं।

# थ्रेसर की चपेट में आकर युवक की मौत

उसहैत ,अमृत विचार : थाना उसहैत क्षेत्र के गाँव रसूलपुर नगला निवासी बबलू पुत्र फतेह शेर खां (26) की बाजरा की फसल निकलते समय थ्रेसर की चपेट में आ गए। उनके शरीर के टुकड़े हो गए।



मृतक बबलू।

दूसरी घटना में गांव गुलाबी गंज निवासी कृपाल सिंह ई रिक्शा से जा रहे थे। रास्ते मे बैल गाड़ी से की टक्कर हो गई। इससे वह घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां सेपरिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कृपाल सिंह की मौत हो गई।

## शहर में आज

- रोजगार मेला गंजडुंडवारा खंड विकास कार्यालय सभागार में सुबह दस बजे से।
- यातायात पुलिस का वाहन चेकिंग अभियान शहर में सुबह 11 बजे से।
- मिशन शक्ति फेज पांच के तहत जागरुकता कार्यक्रम शहर में सुबह 11 बजे से।
- तीर्थ नगरी के हरपदीय गंगा के घाट पर नित्य संध्या आरती शाम छह बजे से।

## एक नजर

### फरार चल रहे तीन वारंटी गिरफ्तार, भेजा जेल

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर न्यायालय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया वारंटी रामनिवासी निवासी ग्राम धनतोरिया, भगवान सिंह निवासी ग्राम झावर और कलिया निवासी गांव नदरई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। यहां से जेल भेजा गया है।

### सट्टा लगाते युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कासगंज।** सहावर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर सटटे की खाईबाड़ी कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक मोबाइल फोन और 2190 रुपये बरामद हुए। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया आरोपी मुनब्बर अंसारी निवासी मुहल्ला अंसारी कस्बा सहावर को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। यहां से उसके खिलाफ आग्रिम कार्रवाई हुई है।

### तमंचे के साथ फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**एटा, अमृत विचार** जलेसर पुलिस ने सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ अपनी फोटो वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम जोनू कुमार है वह थाना जलेसर के कुंजलपुर गांव का निवासी है। पुलिस ने बताया कि 6 नवंबर 2024 को करीब 10 :50 बजे बैरनी रोड से नगला राधे जाने वाले रास्ते से जोनू कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना जलेसर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा और 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

# सड़क हादसों में तीन लोगों की जान गई

## बागवाला, सिकंद्रपुर वैश्य और सहावर थाना क्षेत्रों में हुई दुर्घटनाएं, पहुंची पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे, खंगाले जा रहे सीसीटीवी कैमरे

**अमृत विचार:** थाना अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एक मामले में चालक को हिरासत में लिया गया है। जिला एटा के थाना बागवाला के गांव मिर्जापुर निवासी मेघसिंह पुत्र रामओम अपने बेटे अभिषेक को उसकी ससुराल रायपुर पटना छोड़ने आए थे।

देर शाम वह रायपुर पटना से बाइक से गांव मिर्जापुर वापस जा रहे थे। जब बाइक सवार अमांपुर थाना क्षेत्र में गांव महदवा के निकट पहुंचे तभी मार्ग से गुजर रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। यहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही घायल की मौत हो गई। थानाध्यक्ष चंचल सिरोही ने बताया कि तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



**कासगंज, अमृत विचार :** दिल्ली के सरकारी अस्पताल में सड़क हादसे में घायल हुए युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मामले में पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर का इंतजार कर रही है। सिकंद्रपुर वैश्य थाना क्षेत्र के गांव घबरा निवासी 28 वर्षीय नन्ने पुत्र मुन्नालाल 30 अक्टूबर की रात 10 बजे साइकिल से गांव जा रहे थे। छितेरा पेट्रोल पंप के सामने बाइक सवार ने साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में नन्ने गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन उन्हें जिला अस्पताल और बाद में अलीगढ़ ले गए थे। हालत में सुधार न होने पर दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उनका उपचार चल रहा था। उपचार के बावजूद भी युवक की हालत में सुधार नहीं हुआ। दिन प्रतिदिन हालत बिगड़ती जा रही थी। मंगलवार को उनकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। सूचना थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना सिकंद्रपुर वैश्य के इंस्पेक्टर बृजपाल सिंह का कहना है कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बिलोली गांव में पिकअप ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, चालक हिरासत में

**कासगंज,अमृत विचार :** खेत पर जा रहे बुजुर्ग को बुधवार की सुबह तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। परिजन घायल को उपचार के लिए सीएचसी पर लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वाहन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। सहावर थाना क्षेत्र के बिलोली गांव निवासी 70 वर्षीय गेंदालाल पुत्र वेदराम सुबह उठकर खेतों की ओर जा रहे थे। सुबह साढ़े छह बजे के लगभग तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गए। परिजन घायल को लेकर सहावर स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, घटना के बाद मृत गेंदालाल के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि पुलिस वाहन को अपने कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### हाईवे पर गोवंश से टकराकर बाइक सवार दो लोग घायल

**कासगंज, अमृत विचार :** मथुरा बरेली हाईवे पर सोरों कोवताली क्षेत्र में गोवंश से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हाइवे पर बेसहारा गोवंश आए दिन हादसों का कारण बनते रहते है। मथुरा बरेली हाइवे पर शहर की आवास विकास कॉलोनी से लेकर कलेक्ट्रेट तक छुट्टा गोवंश के झुंड विचरण करते रहते हैं। बुधवार को कस्बा सोरों निवासी राजेंद्र पुत्र नरेश और सत्यवीर पुत्र कालीचरन बाइक से सोरों से कासगंज आ रहे थे। जब वह प्रहलादपुर कृष्णा पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचे कि तभी उनकी बाइक सड़क के बीचों बीच खड़े गोवंश से टकरा गई। दोनों घायलों को पुलिस एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। यहां उनका उपचार चल रहा है।

## सर्प दंश की घटनाओं में दो किसानों की हालत बिगड़ी

**कासगंज, अमृत विचार:** जिला एटा के मिरहची एंव सदर कोतवाली के गांव क्यामपुर में सर्प दंश की हुई अलगअलग घटनाओं में दो किसानों की हालत बिगड़ गई। किसानों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन हो रही सर्प दंश की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। बरसात के दिनों में सर्प दंश की घटनाए एक साथ बढ़ गई थी। भले ही इन घटनाओ में कमी आई है, लेकिन पूरी तरह से अंकुश नहीं लग पा रहा है। किसान और ग्रामीण इसका शिकार हो रहे हैं। मंगलवार शाम साढ़े छह बजे जिला एटा के थाना मिरहची के गांव आजमपुर निवासी नन्नू सिंह पुत्र नौवत सिंह खेत ट्यूबवेल चला रहे थे। इस दौरान उन्हें पैर में सर्प ने डस लिया। उनकी हालत बिगड़ गई। सर्प दंश की एक अन्य घटना सदर कोतवाली के गांव क्यामपुर में हुई। फसल में पानी लगा रहे किसान सचिन पुत्र आजाद सिंह के पैर में सर्प ने डस लिया। जिससे वह बेहोश हो गया। सर्प दंश के शिकार दोनों किसानों को परिजन जिला अस्पताल मामों लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने दोनों को उपचार के लिए भर्ती किया है। उपचार के बाद हालत में सुधार है।

## सार-संक्षेप

### एसआई प्रेमपाल बने इंस्पेक्टर, एसपी ने लगाया स्टार



**कासगंज, अमृत विचार :**अमांपुर कोतवाली के उप निरीक्षक प्रेमपाल सिंह प्रोन्नत होकर निरीक्षक बन गए है। उनके प्रोन्नत होने पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने उनकी वर्दी पर तीसरा स्टार लगाया। प्रेमपाल सिंह के निरीक्षक पद पर प्रोन्नत होने पर थाना प्रभारी चंचल सिरोही, कस्बा इंचार्ज चन्द्रपाल सिंह, एसआई जगदीश चन्द्र, एसआई मनोज शर्मा, एसआई सुनील कुमार, एसआई अवधेश कुमार, महेश चौधरी, संजीव कुमार धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सतीश कुमार, बृजेश कुमार, राहुल कुमार, कपिल देव, राजबहादुर सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

### विद्यार्थियों और शिक्षकों ने हवन में दी आहुति



**सोरोंजी ,अमृत विचार :** प्रहलादपुर स्थित एनआर पब्लिक स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय अनार सिंह की पुण्य तिथि बुधवार को विद्यालय परिसर ने मनाई। इस मौके पर शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने हवन में आहुति दी। इसके अलावा लहरा गंगा घाट स्थित कुष्ठ आश्रम में भोज भी कराया। विद्यालय के प्रबंधक विवेक राजपूत, देवप्रकाश लोधी, प्रधानाचार्य एसपी राजपूत, आचार्य शिवानंद, भानु प्रताप शास्त्री ने भजन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। पीसिंह, भूपेंद्र कुमार, अमित उपाध्याय, मोह प्रकाश, जवाहर सिंह, खुशबू तिवारी, अंकुर गौड, भावना राजपूत, अनिता कुमारी, राजीव तिवारी, अनामिका वशिष्ठ, सुमन वर्मा, रिचा यादव, कायनात, रंजीत, अवधेश कुमार, सुमन यादव, कार्तिकेय, दीपक पाराशर आदि मौजूद रहे।

### टैबलेट पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

**कासगंज, अमृत विचार :** गोरहा स्थित कलावती नर्सिंग एंव पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में प्रदेश सरकार के टेबलेट वितरण कार्यक्रम के तहत नर्सिंग के 78 विद्यार्थियों को निशुल्क टेबलेट वितरण किए गए। टेबलेट पाकर विद्यार्थियों के चहेरों पर खुशी आई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक देवेंद्र राजपूत ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि टेबलेट से विद्यार्थियों को तकनीकि ज्ञान में सहजता होगी। विद्यालय के सचिव नवीन चंद्र गौड, निदेशक संजय कुमार अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. दार्जलिंग कनमौनी एंव उप प्राचार्य मुनेश कुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रोफेसर लोकेश कुमार, पूजा साहू, सुखवीर सिंह, सोम्या पाल, प्रतिष्ठा शर्मा, अंकित भरत पाल, रिया गार्डन, अमीशा, काजल, गुंजन, खुशबू, डा. हरिओम, तरुन कुमार, आरपी भारद्वाज, गोपाल, शुभम वार्ष्णेय, लोकेंद्र कुमार, सीपीसिंह आदि मौजूद रहे।

### चौपाल लगाकर छात्राओं को पुलिस ने किया जागरूक



**कासगंज ,अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियों और जागृति टीम ने महिलाओं, छात्राओं और युवतियों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। अभियान के महिला सुरक्षा और कल्याण की योजनाओ की जानकारी दी जा रही है। बुधवार को जागृति की टीम ने स्कूल, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर मातृ शक्ति को जागरूक किया। जागृति टीम मातृ शक्ति को बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण के लिए तमाम योजनाए चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ उठाएं। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर पुलिस का सहयोग लें। परिजनों को बताए छुपाए बिल्कुल नहीं। जागृति टीम ने सोशल मीडिया साइटों का प्रयोग सावधानी के साथ करने के लिए प्रेरित किया। हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी। सुरक्षा सम्मान एंव स्वास्थ्य रिलेशनशिप को लेकर जागरूक किया।

### नगला ढांकन में फंदा लगाकर बुजुर्ग ने की आत्महत्या

**एटा ,अमृत विचार :** जसरथपुर थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग ने घर पर ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जसरथपुर क्षेत्र के गांव नगला ढांकन निवासी मृतक के बड़े बेटे राजेश ने बताया कि उनके 65 वर्षीय पिता शराब पीने के आदी थी। परिजनों द्वारा काफी मना किया जाता था, लेकिन वे नहीं मानते थे। इन्हीं सब कारणों के चलते पिता ने मंगलवार की देर रात झौंपडी में जाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर कानूनी कार्रवाई की। इस पर मृतक के भाई सुरेश और बेटा राजेश ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या की कोशिश

**कासगंज,अमृत विचार : सोरों** कोतवाली के गांव महमूद पुख्ता निवासी कशिश पत्नी योगेश यादव ने घरेलू विवाद के चलते घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने महिला का उपचार किया। उपचार के बाद भी जब हालत में सुधार न हुआ तो उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है।

### मालगोदाम चौराहे पर बाइक की टक्कर से छात्र घायल

**कासगंज,अमृत विचार :**शहर के मालगोदाम चौराहे पर बुधवार की सुबह तेज रफ्तार बाइक चालक ने स्कूल जा रहे छात्र को टक्कर मार दी। हादसे में मुहल्ला नबाब निवासी फुरकान का पुत्र नूरहसन घायल हो गया। घटना के बाद बाइक चालक वाहन सहित फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को निजी अस्पताल ले गए हैं। मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं हुई है।

# न्याय के लिए लखनऊ में धरने पर बैठे चंदन के पिता

**चंदन हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** चंदन हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच द्वारा ट्रायल के अंतिम सुनवाई पर रोक लगाने के बाद मृतक के पिता लखनऊ के हजरतगंज में गांधी प्रतिमा की सीढ़ियों पर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने समझाया कि न्याय की उम्मीद रखें। इसके बाद वह देर शाम धरने से हटे।

26 जनवरी 2018 को कासगंज में युवाओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा में चंदन गुप्ता भी शामिल था। मोहल्ला हुलका में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने यात्रा रोकी तो दोनों ओर से मारपीट हुई तो युवक कोतवाली पहुंचे। आरोप है कि कोतवाली पुलिस ने उस समय गंभीरता नहीं दिखाई। फायरिंग में चंदन गुप्ता की मौत हो गई। आरोपियों को जेल भेजा गया। मामले में सलीम, नसीम, जाहिद उर्फ जग्गा, वसीम, वसीम, असलम कुरैशी, एडवोकेट मुनाजिर रफी, आमिर रफी इस मामले में आरोपी हैं। सुनवाई एनआईए कोर्ट लखनऊ में चल रही है। 25 अक्टूबर को फैसला आने की संभावना थी, उससे पहले ही आरोपी पक्ष ने उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ की शरण ले ली । कोर्ट ने पांच नवंबर तक एनआईए कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगा दी। इसकी सुनवाई फिर छह नवंबर को हुई। तिरंगा यात्रा में मारे गए चंदन के पिता सुशील कुमार गुप्ता बुधवार को लखनऊ के हजरतगंज में गांधी प्रतिमा के नीचे धरने पर बैठ गए और चंदन की तस्वीर लेकर कह रहे थे कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा नहीं हटूंगा। हालांकि, बाद में पुलिस के समझाने पर वह देर शाम उठ गए। परिवार को दी गई सुरक्षा प्रदेश सरकार ने चंदन के भाई विवेक और पिता सुशील कुमार गुप्ता को एक-एक सुरक्षाकर्मी मुहैया कराया है। चंदन के पिता सुशील कुमार गुप्ता ने कहा आरोपी बाहुबली और धनवान हैं। आरोपियों को सख्त सजा मिले।



धरने पर बैठे चंदन गुप्ता के पिता।

### हाईकोर्ट ने ट्रायल के अंतिम सुनवाई पर लगाई रोक

**लखनऊ विधि संवाददाता, अमृत विचार :** कासगंज में 2018 में एक तिरंगा यात्रा के दौरान हुए चंदन हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने ट्रायल के अंतिम सुनवाई पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या विवेचना के दौरान एनआईए एक्ट की धारा 6 का अनुपालन किया गया है, साथ ही न्यायालय ने यह भी पूछा है कि जब सर्वोच्च न्यायालय ने आईपीसी की धारा 124 ए के तहत आरोप तय किए जाने पर रोक लगा दी है तो इस मामले में उक्त धारा के तहत आरोप कैसे तय किए गए। मामले की अगली सुनवायी 11 नवम्बर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने अभियुक्त नसीम जावेद की याचिका पर पारित किया है। याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र मिश्रा ने दलील दी है कि एनआईए एक्ट की धारा 6 के तहत केंद्र सरकार से विवेचना के लिए अनुमति नहीं ली गई है। यह भी दलील दी गई राजद्रोह से संबंधित आईपीसी की धारा 124 ए के तहत आरोप तय किए जाने पर शीर्ष अदालत एसजी वोम्बटकेरे मामले में दिए अपने फैसले के तहत रोक लगा चुकी है।

# समाज के उत्थान को दें बेहतर शिक्षा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- साहू राठौर समाज का स्नेह मिलन समारोह गांव किनोनी में किया
- कार्यक्रम में समाज के वृद्धजनों को सम्मानित किया गया

**अमृत विचार:** साहू राठौर समाज का स्नेह मिलन समारोह सुन्नगढ़ी के गांव किलोनी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के वृद्धजनों को सम्मानित किया गया। समाज की एकजुटता और राजनैतिक ताकत बढ़ाने पर बल दिया गया।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कौशल किशोर साहू, डॉ. पवन साहू सहित अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज की प्रगति में शिक्षा का बहुत महत्व है, यदि आप किन्ही कारण से शिक्षित नहीं हो पाए, लेकिन अपने बच्चों को जरूर शिक्षित करना तभी समाज का उत्थान होगा। यदि किसान है तो उत्कृष्ट खेती करना, रोजगार करते है तो हार्ड वर्किंग करना और राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करके भागीदारी सुनिश्चित करें। सभी लोग एकजुट होकर समाज का उत्थान करें। विशिष्ट अतिथि डॉ. पवन साहू ने समाज को शिक्षित, संस्कारित और एकजुट रहने का आह्वान किया। संचालन केपी सिंह राठौर ने किया। कार्यक्रम मे प्रधान चरन सिंह राठौर, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राजवीर राठौर, बैचे लाल राठौर, अशोक राठौर, घनश्याम राठौर, रघुवीर सिंह राठौर, प्रमोद राठौर, वीरेन्द्र सिंह राठौर, सन्तोष राठौर, अमर सिंह राठौर, कुलदीप राठौर, सत्यभान राठौर, ज्ञान सिंह राठौर दाताराम राठौर, बलवीर राठौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक वीरपाल सिंह राठौर ने किया।



स्नेह मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजक।

## आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ उठाएं

**कासगंज,अमृत विचार:** सीएमओ डॉ. राजीव अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने 29 अक्टूबर को 70 व इससे अधिक उम्र के लोगों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत पांच लाख तक निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराने के लिए योजना प्रारम्भ की है। इसमें वह अपने आधार कार्ड से आयुष्मान योजना के मोबाइल एप एवं पोर्टल पर बेनीफिशियरी मोड में स्वयं व किसी नजदीकी राजकीय चिकित्सालय पर आरोग्य मित्र के द्वारा एवं जन सेवा केन्द्र पर पहुंच कर अपनी ईकेवाईसी पंजीकरण पूर्ण कराकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। योजनार्तगत चिन्हित प्राईवेट एवं राजकीय अस्पतालों में निःशुल्क इलाज प्राप्त कर सकते हैं।

# चेतावनी : खेतों में पराली जलाने पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, सिढपुरा

- भुजपुरा ग्राम पंचायत में भू प्रबंधन समिति की हुई बैठक
- ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को लेकर की चर्चा

**अमृत विचार:** सिढपुरा विकास खंड के मॉडल ग्राम पंचायत भुजपुरा के पंचायत घर में भू प्रबंधन की बैठक बुधवार को की गई। इसमें ग्राम पंचायत अधिकारी और क्षेत्रीय लेखपाल ने ग्राम पंचायत के विकास को लेकर चर्चा की। खेतों में पराली न जलाने को लेकर किसानों को जागरूक किया। साथ ही चेतावनी भी दी अगर कोई पराली जलाते हुए पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में ग्राम पंचायत के विभिन्न न्यू संपर्क मार्ग सिंचाई के लिए नाली आदि कार्यों की पैमाइश कराने की चर्चा की गई। अति आवश्यक कार्यों को अगले हफ्ते से कार्य कराने की सहमति प्रस्तावित हुई। वहीं लेखपाल अमित सक्सेना ने बताया कि खेतों से निकलने वाली पराली को जलाना नहीं है, क्योंकि पराली से पॉल्यूशन फैलता है। यह गैर कानूनी है। अगर ऐसा कोई करते है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। इस मौके पर पंचायत सहायक बृजेश कुमार, रोजगार सेवक सुनील कुमार, ओमवीर सोलंकी, धर्मपाल सोलंकी, सत्यपाल सोलंकी, संदीप सोलंकी, शीलेंद्र सोलंकी, राम भरोसे चौहान, सोनपाल शाक्य, दौलतराम शाक्य, हुकुम सिंह शाक्य, केदारपाल, हेमराज पाल, अजीज मियां, राम निवास दिवाकर, धर्मवीर दिवाकर, नरेशपाल आदि लोग मौजूद रहे।

**परेशानी** पंजीकरण कराने से लेकर ओपीडी और लैब तक लगी लंबी कतारें, किया घंटों इंतजार

# इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में मशक्कत, पहुंचे 2642 मरीज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कासगंज में बुखार का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को जिला अस्पताल में 1442 मरीजों ने अपना इलाज कराया। इसके अलावा कासगंज, सोरों, सहावर, गंजडुंडवारा, अमांपुर, पटियाली सिढ़पुरा के स्वास्थ्य केंद्रों पर 200 मरीज इलााज कराने पहुंचे।

बुधवार को जिला अस्पताल पर मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। रजिस्ट्रेशन से लेकर चिकित्सकों को दिखाने के लिए मरीजों की लंबी कतार लगी। इस कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। वहीं ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर भी काफी संख्या में मरीज इलाज को पहुंचे। वायरल बुखार, मलेरिया और डेंगू से जिल में हाहाकार मचा हुआ है। मरीज इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों की दौड़ लगा रहे हैं। जिला अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की भीड़ जुटना शुरू हो जाती है।मरीजों की भीड़ के चलते जिला अस्पताल पर लंबी कतारें लग गईं। पहले मरीजों को अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ा। जैसे-तैसे मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। जब वे दिखाने के लिए चिकित्सक के पास पहुंचे तो वहां भी उनको फिर घंटों लाइन में लगना पड़ा। इनमें 261 बुखार पीड़ित, 270 सांस रोगी, 100 सर्दी खांसी के मरीज, 43 डायरियां के और शेष अन्य मरीज रहे। जिला अस्पताल में 1482 मरीज इलाज के लिए पहुंचे। इसी क्रम में दवा के लिए भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।




जिला अस्पताल के दवा वितरण केंद्र पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

- संक्रामक रोगों का तेजी से बढ़ रहा खतरा, बढ़ रहे मरीज

> मौसम बदल रहा है।इस मौसम में बीमारियों का खतरा बना रहता है। जिला अस्पताल में बीमारियों से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन है।
> – डॉ. संजीव सक्सेना, सीएमएस

### गंजडुंडवारा में फैला बुखार, कई लोग चपेट में

**गंजडुंडवारा,अमृत विचार :** गंजडुंडवारा कस्बे में फैले बुखार से मरीजों के एडियो, पैरों व घुटनो में इतना दर्द है की सीधा चलना मुश्किल है। कस्बे के चिकित्सक डॉ. राजीव गुप्ता बताते हैं यह बुखार कमजोर मरीजों को अधिक प्रभावित कर रहा है।कस्बे में ये बुखार ज्यादा फैल रहा है। ऐसे में हो सकता है कि बारिश के बाद कुछ इलाकों में किसी प्रकार का वायरस या बैक्टीरिया पनप गया हो। वैसे हो सकता है कि ये बुखार मच्छरों के काटने की वजह से फैल रहा हो। इससे संक्रमित होने के बाद लोगों में बुखार के चपेट मे आ रहे है। लेकिन इस बुखार के फैलने के कारणों की सही तरीके से जांच जरूरी है। यह भी देखना है कि जो मरीज संक्रमित हो रहे हैं उनमें किसी बैक्टीरिया या वायरस के सैंपल तो नहीं है।अगर ऐसा कुछ मिलता है तो सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## तमंचा दिखाकर मांगे आठ लाख, रिपोर्ट दर्ज

**कासगंज,अमृत विचार:** सिढ़पुरा थाने में लक्ष्मी नगर औरया निवासी संजय कुमार दीक्षित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ताजपुर निवासी लखन पुत्र राकेश ने अपनी बोरवेल मशीन मय ट्रक के मार्च 2023 को एक लाख 25 हजार रुपए प्रति माह किराए पर दी थी। जब उसने किराया व मशीन मांगी तो न किराया दिया न मशीन दी। चार अक्टूबर को लखन ने संजय को अपने मित्र विजय उर्फ कल्लू सोलंकी के गांव मोद्दीनपुर में बुलाया। संजय अपने लड़के और पत्नी के साथ वहां पहुंचा। कल्लू और लखन ने संजय कि गर्दन पर तमंचा रख कर आठ लाख रुपये कि मांग की। संजय के प्रार्थना पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई। सीओ पटियाली राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में सिढ़पुरा थाना पुलिस की टीम बना कर आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है। पुलिस मशीन और ट्रक को बरामद करने का प्रयास कर रही है।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं का होगा समाधान : एडीएम




कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में समस्याएं सुनती एडीएम व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की गई। एडीएम अपर राकेश कुमार पटेल ने पूर्व सैनिकों की शिकायतें और समस्याओ को सुना। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल महेन्द्र प्रसाद ने सभी सैनिकों को पिछली बैठक में प्राप्त प्रार्थना पत्रों की वर्तमान स्थिती से अवगत कराया। तत्पश्चात पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों से प्राप्त चार आवेदनों को अपर जिलाधिकारी के समक्ष रखा गया। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, मृतक सैनिकों की पत्नियों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं व शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने समस्याओं का शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

## पंचकोसीय परिक्रमा को लेकर बैठक

**सोरों जी,अमृत विचार:** ब्राहम्मण कल्याण सभा की बैठक तीर्थ नगरी स्थित कैंप कार्यालय पर हुई। बैठक में प्रबोधिनी एकादशी पर प्रस्तावित पंचकोसीय परिक्रमा की रणनीति बनाई गई व देव दीपावली पर दीपोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। ब्राहम्मण कल्याण सभा के संस्थापक शरद पांडेय, इस अवसर पर पंकज मिश्रा, संतोष मिश्रा, हरिओम पचौरी, जयप्रकाश त्रिवेदी, सौरव उपाध्याय, शिव बेंदेल, अतुल निर्भय, पवन दुबे, राहुल शर्मा, विनोद दीक्षित, अभिषेक वशिष्ठ, जय किशन मिश्रा, अतुल तिवारी, केशव महेरे आदि उपस्थित रहे। वहीं पंचकोसीय परिक्रमा की सफलता के लिए पंचकोसीय परिक्रमा समाज सेवा समिति ने नगला खंजी में बुधवार को बैठक की। इस दौरान सह संयोजक शिवानंद उपाध्याय, चेतराम, राधे मोहन झा, भारत कुमार शर्मा, मुन्नालाल, श्याम किशोर वर्मा, लेखराज, वासुदेव, लाखन सिंह, नेम सिंह, हुब्बलाल, श्रीपाल, सरवन, रामदयाल, खूब सिंह उपस्थित रहे।

# राजकीय इंटर कॉलेज में चोरी दुकान को भी बनाया निशाना

## जीव विज्ञान प्रयोगशाला के ताले तोड़े, 15 पंखे, कैमरे पर किया हाथ साफ

एटा/अवागढ़

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में राजकीय इंटर कॉलेज और अवागढ़ किला रोड स्थित एक सबमर्सिबल की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोरी के मामले दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

स्कूल के प्रधानाचार्य सुभाष ने बताया कि 10 अक्टूबर को कॉलेज और जीव विज्ञान प्रयोगशाला के ताले तोड़कर महत्वपूर्ण सामान चुरा लिए। इसमें 15 पंखे, सीसीटीवी कैमरे और अन्य सामान शामिल है। घटना के बाद कोतवाली नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि वह घटनास्थल से सबूत जुटाने की कोशिश कर रहे हैं और कॉलेज के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चोरी की इस वारदात को अंजाम देने वाले चोरों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। दूसरे मामले में रुद्रपुर निवासी चंद्रभान की अवागढ़ किला रोड स्थित सबमर्सिबल मिस्त्री की दुकान है। चंद्रभान ने तहरीर में बताया कि वह दुकान मंगलवार रात को बंद करके घर चले गए थे। जब वह बुधवार सुबह दुकान पर पहुंचे तो देखा कि गैलरी के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी और ताला एक ओर पड़ा था। चोरों ने दुकान से करीब 80-90 किलो पुराना और 30 किलो नया तांबा तार चोरी किया। इसके अलावा चोरों ने 10,000 रुपये नगद और दो स्टार्टर भी चुरा लिए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चोरों का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

### सोने की अंगूठी और चेन ले गए टप्पेबाज

**एटा,अमृत विचार :** महावीरगंज जलेसर कोतवाली देहात क्षेत्र निवासी गुड्डी देवी पत्नी बृजेश कुमार यादव एसएस कॉन्वेंट स्कूल के पास मौजूद थी। गुड्डी देवी ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि इस दौरान दो अज्ञात व्यक्ति उनके पास पहुंचे। इन व्यक्तियों ने उन्हें बातों में उलझा लिया और इस दौरान टप्पेबाजी की। आरोपियों ने बैग बदल लिया। बाद में जब गुड्डी ने अपना बैग खोला तो उसे एहसास हुआ कि उसके बैग में रखी तीन सोने की अंगूठियां और एक चेन गायब थी। उप निरीक्षक चरन सिंह ने बताया आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर किया जागरूक



मानसिक स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को देखते चिकित्सक।

संवाददाता,एटा/अलीगंज

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य केन्द्र पर बुधवार को सुबह एक विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आरंभ चिकित्साधीक्षक डॉ. सर्वेश कुमार ने किया। इस शिविर का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और मानसिक रोगों के उपचार के प्रति लोगों को प्रेरित करना था।

इस अवसर पर डॉ. मोहित कृष्ण ने शिविर में आए मरीजों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं में सबसे आम और गंभीर समस्याओं में अनिद्रा, डिप्रेशन और मानसिक तनाव शामिल हैं। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इनमें अधिकांश युवाओं और बुजुर्गों ने मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण कराया और अपने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चर्चा की। चिकित्सकों ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# सकीट में तमंचे के साथ युवक का फोटो वायरल

**एटा,अमृत विचार:** सकीट क्षेत्र में तमंचे के साथ युवक का फोटो वायरल होने का मामला सामने आया है। युवक थाना क्षेत्र के ग्राम नौरंगाबाद का बताया जा रहा है। इस बार वायरल हुए फोटो में युवक हाथ में तमंचे के साथ दिख रहा है। फोटो में युवक का चेहरा स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है और ऐसा प्रतीत होता है कि वह इस अवैध असलहे का खुलेआम प्रदर्शन कर रहा है।

वायरल हुए फोटो में युवक तमंचे के साथ खुलेआम दिख रहा है जो कानून और व्यवस्था के लिए खतरे की घंटी है। क्षेत्र में अवैध असलहे रखने और सोशल मीडिया पर उनका प्रदर्शन करने का चलन बढ़ता जा रहा है। कई बार इस तरह के वीडियो और फोटो वायरल हो चुके हैं।

# मौजमपुर गांव में पैमाइश करने गई राजस्व टीम पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

**एटा/जलेसर,अमृत विचार:** लेसर तहसील क्षेत्र के मौजमपुर गांव में राजस्व की टीम चक की पैमाइश करने गई थी। राजस्व टीम और पुलिस कर्मियों के साथ गांव की महिलाओं ने जमकर अभद्रता की और नापतौल में बाधा उत्पन्न करते हुए हमला कर दिया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

राजस्व निरीक्षक राजपाल की मौजूदगी में लेखपाल गोपालपुर परगना जलेसर ने चक संख्या-375 की पैमाइश करने के लिए पुलिस सुरक्षा के साथ टीम भेजी थी। जैसे ही नापतौल की प्रक्रिया शुरू हुई जयपाल सिंह की पत्नी मीरा उर्फ अमरती उर्फ बसंती, पुष्पा देवी, नेहनी और ममता देवी नाम की महिलाएं धारदार हथियार लेकर मौके पर पहुंच गईं और हमला कर दिया। ऐसे में राजस्व टीम को वापस लौटना पड़ा। चकबंदी लेखपाल जयवीर सिंह ने जलेसर पुलिस को लिखित तहरीर दी इसके बाद पुलिस ने मीरा पत्नी जयपाल सिंह समेत पांच महिलाओं के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने और हमले का मामला दर्ज किया है


## बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक:– बी.के.एस./क्रय/2024–25/1743 दिनांक:– 6/11/2024

**निविदा सूचना**

पेराई सत्र 2024–25 मे निम्न कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से निविदायें अंकित तिथि तक सम्मुख अंकित धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 236/– प्रति निर्धारित मूल्य जमा करने के उपरांत पुन: निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन पर आवश्यकतानुसार निगोसियेशन भी किया जा सकता है।

दिनांक 11.11.2024 (1.) विभिन्न मैन्यूफैक्चरिंग सफाई एवं अन्य कार्य रू. 1000/– (2) ब्वायलिंग हाउस एवं अन्य स्थानों में स्क्रैपिंग व धुलाई कार्य रू. 2000/– (3) विभिन्न 07 फैब्रीकेशन कार्य रू. 5000/– ।

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई–निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता
प्रधान प्रबन्धक



## बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक:– बी.के.एस./क्रय/2024–25/1742 दिनांक:– 6/11/2024

**ई-निविदा सूचना**

इस मिल समिति में वर्ष 2024–25 में निम्नलिखित सामानों/कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से ई–निविदायें अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरांत आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा की नियम एवं शर्ते व विस्तृत विवरण www.etender.up.nic.in से एवं संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि सायं 6.55 बजे तक | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि सायं 6.55 बजे तक | टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि अपरान्ह 12:00 बजे | कामर्शियल बिड की तिथि अपरान्ह 03:00 बजे | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | मिल या तीन गन्ना क्रय केन्द्रों यथा, सुहेला प्रथम, चुर्रासकतपुर अ. व बैरा से गन्ना परिवरहन कार्य। | 06.11.2024 | 13.11.2024 | 14.11.2024 | 14.11.2024 | 25000/– प्र.क्रय केन्द्र |
| 02. | विभिन्न क्षमता के लोड सेल तथा जक्शन बाक्स की आपूर्ति। | 06.11.2024 | 13.11.2024 | 14.11.2024 | 14.11.2024 | 10000/– प्र.क्रय केन्द्र |
| 03. | नया विन्डो सर्वर तथा स्पेयर पार्टस | 06.11.2024 | 13.11.2024 | 14.11.2024 | 14.11.2024 | 3000/– प्र.क्रय केन्द्र |

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई–निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता
प्रधान प्रबन्धक


# नाली साफ करने को लेकर विवाद, दो पक्षों में चले लाठी डंडे

**एटा,अमृत विचार:** नाली साफ करने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में लाठी-डंडों से मारपीट होते साफ देखा जा सकता है। हालांकि पुलिस का कहना है कि किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

घटना अलीगंज थाना क्षेत्र के पंचपुरा की है। यहां नाली की सफाई को लेकर परिवार के ही दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। बात बढ़ते-बढ़ते लाठी-डंडों तक पहुंच गई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर हमला किया। इस दौरान एक व्यक्ति ने छत से घटना का वीडियो बना लिया जो अब वायरल हो गया है। फिलहाल मारपीट में शामिल लोगों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस जांच कर रही है। थाना प्रभारी निर्दोष सेंगर ने कहा जांच की जा रही है।

# बेटे के प्रेम विवाह करने की रंजिश में बाप को मार डाला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** कोतवाली सदर के गांव फत्तेपुर में ग्रामीण का शव पेड़ से लटका मिला। उसके मुंह में कपड़ा ठुंसा था और गले में लोअर की डोर कसी थी। परिवार वालों ने बेटे से प्रेम विवाह करने वाली युवती के परिजनों पर हत्या का आरोप लगा तहरीर दी। पुलिस जांच कर रही है।

गांव फत्तेपुर निवासी मोबीन बुधवार की सुबह करीब पांच बजे शौच करने के लिए खेतों की तरफ गया था। सुबह छह बजे ग्रामीणों ने उसका शव नीम के पेड़ से लटका देखा तो घरवालों को जानकारी दी। रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक के मुंह में कपड़ा ठुंसा था और गले में लोअर की डोर (नारा) कसा था। चप्पलें अलग-अलग स्थानों पर पड़ी थीं। पानी का डिब्बा लुढ़का हुआ था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि हत्यारों ने मोबीन को दौड़ाकर पकड़ लिया और मुंह में कपड़ा ठूंस गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को फंदे से लटका दिया। परिवार वालों ने बताया कि मोबीन के बेटे मुजाहिद अली का गांव के ही यूनुस की भतीजी से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

29 अक्टूबर को दोनों ने निकाह कर लिया। इससे यूनुस और उसका परिवार रंजिश मान रहा है। 26 अक्टूबर को यूनुस ने मारपीट की थी, जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की थी। मंगलवार को कोतवाली गेट पर यूनुस ने मोबीन और मुजाहिद को दस दिन में हत्या की धमकी दी थी। प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली सदर अंबर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हत्या की तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# लाठी-डंडे और धारदार हथियार से किया हमला

**एटा,अमृत विचार:** एटा के दिनेश नगर बाला जी मंदिर निवासी शिव कुमार ने बताया कि वह अपने पुत्र के साथ बाजार खोया लेने जा रहा था। इस दौरान मेहता पार्क के पास आभास पुत्र मनोज ने बाइक से उसे टक्कर मारकर गिरा दिया और हमला कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर–खीरी

**अल्प–कालीन निविदा सूचना**

केवल अनुभवी संविदाकारों से इस मिल समिति में अल्प-कालीन निविदा दिनांक 12.11.2024 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | इंजेक्शन चैनल पर एक नग वर्टिकल पम्प की फाउन्डेशन के निर्माण कार्य। | रू0 3000/- | रू0 118/- |
| 2 | बैलगाड़ी कॉटो की क्षमता विस्तार 10 टन से 30 टन व प्लेटफार्म विस्तार 10x30 फीट कॉटे की फाउन्डेशन का निर्माण कार्य। | रू0 2000/- | रू0 118/- |
| 3 | ऐश पम्प पर फर्श बनाये जाने का निर्माण कार्य। | रू0 2000/- | रू0 118/- |

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में मिल से धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में मिल कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा अधोहस्ताक्षरी को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सर्व सुरक्षित होगा।

प्रधान प्रबन्धक



## कार्यालय ग्राम पंचायत ओयल देहात विकासखंड बेहजम खीरी

पत्रांक:– मेमो/निविदा/मनरेगा वर्ष 2024– 25 दिनांक:– 6/11/2024

**अति अल्पकालीन निविदा**

जनपद के समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकासखंड बेहजम वर्ष 2024–25 के अंतर्गत मनरेगा योजना अंतर्गत निम्नलिखित सामग्री की दरों की आवश्यकता है आपूर्ति ग्राम पंचायत मद में कराए गए कार्यों पर कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। रजिस्टर्ड इच्छुक फार्म आपूर्तिकर्ता जिनका रजिस्ट्रेशन जीएसटी/इनकम टैक्स में पंजीकृत हो उन्हीं के द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर निविदा आमंत्रित की जानी है जिनकी निविदा बिक्री 07/11/24 से 12/11/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में कि जावेगी। जो 13/11/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा टेंडर बॉक्स में 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाएंगी। जिन्हें 13/11/24 को अपराहन 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाता व उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा स्वीकृत होने के पश्चात समय–समय पर धन राशि की उपलब्धता के आधार पर आपूर्ति आदेश प्रथक से जारी किए जाएंगे।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 01. | परवन सिंह पुरवा में मुनेश सिंह के मकान से रामखेलावन के मकान के पास तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | आवश्यकता अनुसार | 998557.00/– |

बीना सिंह (ग्राम प्रधान) ग्रा. पं. ओयल देहात बेहजम खीरी
तकनीकी सहायक अजीत सिंह पटेल
सुमन यादव (ग्राम विकास अधिकारी) ग्रा. पं. ओयल देहात बेहजम खीरी


# किसानों से ठगी करने वाले दो साइबर ठग गिरफ्तार

संवाददाता,एटा/अलीगंज

- **प्रधानमंत्री सोलर योजना के नाम पर देते थे झांसा, करते थे ठगी**

**अमृत विचार :** पुलिस ने प्रधानमंत्री सोलर योजना के तहत किसानों और जरूरतमंदों से ठगी करने वाले दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने झांसा देकर किसानों से सोलर पंप लगवाने के नाम पर पैसे ठगे थे।

घटना की जानकारी सुखेंद्र सिंह निवासी अलीगंज ने थाना अलीगंज पुलिस को दी। इसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने 1 मार्च 2024 को सरकारी योजना के तहत सोलर पंप बुक किया था। बाद में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें कॉल कर विभिन्न खातों में पैसे ट्रांसफर कराए। जब वादी को ठगी का पता चला तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इस पर थाना अलीगंज में मामला पंजीकृत किया गया। अलीगंज पुलिस ने 6 नवंबर 2024 को एटा के सकीट रोड तिराहे से आरोपी सौदान सिंह और कौशल किशोर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 1100 रुपए, तीन मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और अन्य उपकरण बरामद किए गए। आरोपियों ने प्रधानमंत्री सोलर योजना के तहत सोलर पंप लगाने का झांसा देकर किसानों से पैसे ठगे। विभिन्न खातों में पैसे ट्रांसफर कराए और एटीएम के जरिए पैसे निकालकर अपने खर्चों में उपयोग किए। उन्होंने धोखाधड़ी से लोगों के नाम पर बैंक खाते खोले और उन खातों से पैसे निकाले। ठगी से प्राप्त धन का उपयोग अपने व्यक्तिगत शौक पूरा करने में किया।

# युवक को बेरहमी से पीटने की जांच शुरू

**एटा,अमृत विचार:** कोतवाली देहात क्षेत्र में हाईवे किनारे एक युवक की बेल्ट और लात-घूंसों से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में पांच युवक एक युवक को बेरहमी से पीटते दिख रहे हैं। यह साफ नहीं हो पाया है कि पीड़ित युवक और हमलावर कौन हैं। जैसे ही यह वीडियो वायरल हुआ। सीओ सिटी अमित कुमार राय ने बताया कि जांच के दौरान एक युवक की पहचान कर ली गई है, जबकि बाकी की तलाश जारी है। उनकी तलाश की जा रही है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, पीलीभीत

पत्रांक / दि0 /10/2024

**अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लोक निर्माण विभाग के द्वारा जो मार्ग वर्षा एवं बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गये, आम जनमानस को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई–निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 08.11.2024 से दिनांक 19.11.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 19.11.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।
2.

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) अनुमानित लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | विड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 7 | 7 |
| 1 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत नॉद से देव स्थल जमुनिया ता0 ईटगॉव सम्पर्क मार्ग प्रथम भाग सम्पर्क मार्ग। | 29.15 | 2.15 | 31.30 | 3.13 | रू0 944.00 | 03 माह | A, B, C & D (Road Work) |
| 2 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत कुर्रैया खुर्द से मकरन्दपुर सम्पर्क मार्ग। | 25.30 | 1.10 | 26.40 | 2.64 | रू0 944.00 | 03 माह | |
| 3 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत दियोहना मार्ग से आमडंडा वाया पट्टी सम्पर्क मार्ग। | 28.95 | 2.18 | 31.13 | 3.12 | रू0 944.00 | 03 माह | |
| 4 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत परेई पुलिया से उमरिया सम्पर्क मार्ग। | 21.50 | 0.55 | 22.05 | 2.05 | रू0 944.00 | 03 माह | |

3–निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉन ऑन किया जा सकता है।

(एस0के0 जैन) अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लोनिवि, पीलीभीत

UP-221737 दिनांक 05.11.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर

पत्रांक 5937 /352सी/ई–टेण्डर–सी0खी0/2024–25 दिनांक 24.10.2024

**निविदा सूचना (ई–प्रोक्योरमेण्ट नोटिस) प्रथम आमन्त्रण**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में "सेतु वर्ग" में पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद/खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | खीरी/प्रा0खं0 | जनपद लखीमपुर खीरी में लखीमपुर–मैगलगंज मार्ग (प्र0जि0मा0–14) के कि0मी0–38 में स्थित कठिना नदी पर पूर्व निर्मित सेतु के तटबन्ध मरम्मत एवं सुरक्षात्मक कार्य | 83.00 | 6.15 | 2715.00 | 02 Month | A B |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 08.11.2024 से 19.11.2024 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 19.11.2024 को समय अपराह्न 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 19.11.2024 को अपराह्न 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(तरूणेन्दु त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
लखीमपुर खीरी

(सुभाष चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0,
सीतापुर।

UP-221756 दिनांक 05.11.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# तत्कालीन नायब नाजिर के खिलाफ गबन का मामला दर्ज

**एटा/जलेसर,अमृत विचार:** कोतवाली में तत्कालीन नायब नाजिर सफातउल्ला खां के खिलाफ गबन का मामला दर्ज किया गया है। एक किसान ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उनके रुपए गबन कर लिए। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

इटावा के फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी राकेश कुमार पुत्र रामभरोसे ने दी तहरीर में बताया कि सफात उल्ला खां ने 30 अगस्त 2022 से लेकर 27 जून 2024 तक उनकी खतौनी के 1538011 रुपये में से 1104632 रुपये जमा किए और शेष 433379 रुपये गबन कर लिए। राकेश ने बताया कि सफात उल्ला खां पहले तहसील जलेसर में नायब नाजिर के पद पर तैनात थे। उनके नाम पर जमा की गई राशि का ठीक से हिसाब नहीं दिया और निर्धारित रकम से कम पैसे जमा कर लिए। इसके बाद आरोपी ने शेष राशि को गबन कर लिया और जानबूझकर उसे छुपाया। राकेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना जलेसर के एसएचओ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 409 (गबन) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। मामले की विवेचना एसएसआई जयवीर सिंह कर रहे हैं।


## पब्लिक नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती समर सुल्ताना पत्नी श्री नाजिम खान व सैय्यद वासिब अली पुत्र श्री हसनैन मियां, निवासीगण वार्ड नं. 13 आवास विकास कॉलोनी हल्द्वानी जिला नैनीताल उत्तराखण्ड ने एक किता मकान रकबई 67.64 वर्ग मी0 बाके मोहल्ला शाहबाद पर0 तह0 व जिला बरेली को एस.एम.एफ.जी. इण्डिया होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड में बंधक कर लोन ले रहे हैं, श्रीमती समर सुल्ताना व सैय्यद वासिब अली ने उक्त सम्पत्ति श्रीमती आलिया बेगम पत्नी श्री शब्बू खां से द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 08.04.2024 वही सं0–1 जिल्द संख्या– 15428 पृष्ठ संख्या–295 से 314 क्रमांक 5458 स0र0 बरेली में हुई क्रय की थी। उल्लेखनीय है कि उक्त सम्पत्ति श्रीमती आलिया बेगम पत्नी श्री शब्बू खां ने द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 07.04.2005 वही सं.–1 जिल्द संख्या–1147 पृष्ठ संख्या– 13 से 26 क्रमांक 2546 स.र. बरेली में हुई इकरारी मोहम्मद तसलीम पुत्र श्री हफीज खां से क्रय की थी, उक्त सम्पत्ति मोहम्मद तस्लीम पुत्र हफीज खां को अपनी समी मां मुसम्मात कामिनी बेगम पत्नी श्री हफीज खां से द्वारा हिबाजुबानी प्राप्त हुई थी जिसको दिनांक 20.09.1988 को लिपिवद्ध करके दिनांक 20.09.1988 को नोटरी किया गया। अब श्रीमती समर सुल्ताना व सैय्यद वासिब अली उक्त सम्पत्ति को एस0एम0एफ0जी0 इण्डिया होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड में बंधक कर लोन ले रहे हैं, उक्त सम्पत्ति पर लोन लेने के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

अमिताभ भंज, एडवोकेट
कार्यालय:– चैम्बर नं. 11 बड़ा वकालतखाना
सिविल कोर्ट, बरेली सूचीबद्ध अधिवक्ता



## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीलीभीत

पत्रांक: एस.एस.ए./आर.टी.ई./6069–70/2024–25 दिनांक: 06.11.2024

**गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों के प्रवेश के संबंध में विज्ञप्ति**

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा उ.प्र. लखनऊ के पत्रांक आर.टी.ई./न.प्र.–02/5623/2024–25 दिनांक 18 सितम्बर 2024 के अनुपालन में उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 982/79–5–2016–29/2009 टी.सी.–11 दिनांक 03 मार्च, 2016, शासनादेश संख्या 78/79–6–2017 दिनांक 20 जनवरी, 2017 एवं पत्रांक 3J/सामु.सह./आर.टी.ई./4960/2016–17 दिनांक 06 फरवरी 2017 के द्वारा नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम– 2009 की धारा 12 (1) (ग) के अन्तर्गत गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा–01/पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिये जाने की प्रक्रिया ऑनलाइन आवेदन एवं लाटरी के माध्यम से प्रारम्भ की जानी है, सन्दर्भित शासनादेश के क्रम में वर्ष 2025–26 में प्रवेश हेतु निम्नवत् समय सारिणी नियत् है जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| चरण | आवेदन करने की तिथियां | सत्यापनोपरान्त लॉक करने की अन्तिम तिथि | लॉटरी निकालने की तिथि | प्रवेश कराये जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण | 01 दिसम्बर 2024 से 19 दिसम्बर 2024 तक | 20 दिसम्बर 2024 से 23 दिसम्बर 2024 तक | 24 दिसम्बर 2024 | 27 दिसम्बर 2024 |
| द्वितीय चरण | 01 जनवरी 2025 से 19 जनवरी 2025 तक | 20 जनवरी 2025 से 23 जनवरी 2025 तक | 24 जनवरी 2025 | 27 जनवरी 2025 |
| तृतीय चरण | 01 फरवरी 2025 से 19 फरवरी 2025 तक | 20 फरवरी 2025 से 23 फरवरी 2025 तक | 24 फरवरी 2025 | 27 फरवरी 2025 |
| चतुर्थ चरण | 01 मार्च 2025 से 19 मार्च 2025 तक | 20 मार्च 2025 से 23 मार्च 2025 तक | 24 मार्च 2025 | 27 मार्च 2025 |

नोट:– 1. समस्त आवेदनों की लॉटरी निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार एक साथ ही रखी जायेगी। 2. ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट www.rte25.upsdc.gov.in पर किया जायेगा। उपरोक्त वेबसाइट पर सुसंगत शासनादेश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप उपलब्ध है। 3. कूटरचित अभिलेखों/पत्राजातों एवं तथ्यों को छिपाकर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे तथा विधिक कार्यवाही भी की जायेगी जिसका समस्त उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का स्वयं होगा।

अमित कुमार सिंह
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
पीलीभीत



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## बदायूॅ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 9658/7निविदा(सी0डी0–2)(ई–टेण्डर)–08/2024–25 दिनांक 24/10/2024

**अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूॅ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, बदायूॅ के क्षेत्र के अन्तर्गत जो मार्ग वर्षा एवं बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गये हैं, आम जनमानस को सुगम यातयात की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई–निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 08.11.2024 से दिनांक 19.11.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 19.11.2024को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) अनुमानित निर्माण लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | विड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवष्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जनपद–बदायूॅ में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अंतर्गत बढ़ोभर कुईया प्र0/द्वि0बिल्सी मार्ग से भरकुईया मार्ग। | 89.00 | 5.60 | 94.60 | 6.75 | 2714.00 | 05 माह | A & B (Road Work) |
| 2 | जनपद–बदायूॅ में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अंतर्गत बदायूॅ बरेली मार्ग से दिउरियाजीत सम्पर्क मार्ग। | 50.00 | 3.10 | 53.10 | 4.70 | 2714.00 | 03 माह | A, B & C (Road Work) |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(देवपाल सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0,बदायूँ

(के0के0सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0,बरेली

UP-221762 दिनांक 05.11.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## पंचायत भवनों से फैमिली आईडी का होगा प्रचार

**लखनऊ, अमृत विचार :** नियोजन विभाग की योजना एक परिवार एक पहचान (फैमिली आईडी) का प्रचार अब पंचायती राज विभाग करेगा। पंचायत भवनों में पोस्टर, बैनर व फ्लैक्स आदि लगाए जाएंगे। इससे वहां आने वाले ग्रामीणों को योजना की जानकारी हो सकेगी और आवेदन कर सकेंगे। नियोजना विभाग ने लाभार्थीपरक योजनाओं में पारदर्शिता, सरलता और बेहतर प्रबंधन को लेकर फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान योजना संचालित की है। राशन कार्ड धारक परिवारों की राशन कार्ड संख्या ही फैमिली आइडी है। जबकि गैर राशन कार्ड धारकों को फैमिली आईडी बनाई जा रही है।

### ईपीएफओ ने किया फेशियल ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) एप लांच

# घर बैठे ही जमा कर सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** जीवन प्रमाण पत्र देने के लिए अब लोगों को सरकारी विभागों में इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। घर बैठे ही लोग अपने प्रमाण पत्र को जमा कर सकेंगे। इसके लिए ईपीएफओ ने फेशियल ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) एप लांच किया है।

फेस टेक्नोलॉजी पर आधारित इस एप के माध्यम सभी पेंशनर्स अपने स्मार्ट फोन का उपयोग कर अपने घर से ही अपना प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। इसके लिए फोन पर कुछ चीजों पर अमल करना होगा। पेंशनर्स के पास 5 एमपी वाला फ्रंट



कैमरा होना चाहिए। इसके बाद प्ले स्टोर से आधार फेस आरडी एप और जीवन प्रमाण पत्र फेस एप्लीकेशन डाउनलोड कर इंस्टाल करना होगा। प्रमाणीकरण के लिए पेंशनर्स अपना चेहरा स्कैन करें और अपना विवरण भरें। फ्रंट कैमरा से फोटोग्राफ खींचकर सबमिट करना होगा। सबमिट होने के बाद मोबाइल पर डीएलसी, प्रमाण आईडी और पीपीओ नंबर सहित डाउनलोड करने के लिए लिंक प्राप्त होगा। इसका मतलब होगा कि आपका जीवन प्रमाण पत्र अब जमा हो चुका है।

> इपीएफओ ने पेंशनर्स द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) जमा करने के लिए फेशियल ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) लांच किया है। एफएटी आधारित डीएलसी का उद्देश्य पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को आसान और अधिक सुविधाजनक बनाना है। यह तकनीक ऐसे बुजुर्ग पेंशनर्स को सहायता प्रदान करती है जो बैंक और डाकघर आदि में शारीरिक रूप से जाने में अक्षम हैं।
> –**प्रतीश सिंह**, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वितीय

अब तक वृद्धा पेंशन, पूर्व पेंशन, दिव्यांगता पेंशन, विधवा व बाल पेंशन, नामांकित पेंशन, आश्रित माता व पिता को पेंशन, अनाथ पेंशन के लिए लोगों को बैंक, डाकघर, सामान्य सेवा केन्द्र और भविष्य कर्मचारी निधि संगठन जाकर जीवन प्रमाण पत्र जमा करना पड़ता था। प्रस्तुत होने के बाद यह एक वर्ष तक के लिए वैध रहता है। पेंशनर्स को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए तमाम जगहों के चक्कर काटने पड़ते थे। बुजुर्गों को अपना डिजीटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) बनवाने के लिए बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। इसी को देखते हुए ईपीएफओ ने अब इसे सुविधा जनक बनाते हुए मोबाइल से सरल प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया है।

## आयुष पीजी की तीसरी काउंसलिंग 11 से, 16 को सीट आवंटन

**लखनऊ, अमृत विचार :** आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी कॉलेजों में रिक्त परास्नातक (पीजी) सीटों पर दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को अंतिम मौका 11 नवंबर से मिलेगा, तीसरे चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू होगी, 16 नवंबर को सीट आवंटन किया जाएगा। आयुष पीजी काउंसिलिंग के नोडल अधिकारी एवं निदेशक यूनानी प्रो.जमाल अख्तर ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसलिंग चल रही है। दाखिले के बाद भी कॉलेजों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 11 नवंबर से पंजीकरण शुरू होगा, 13 व 14 नवंबर में दस्तावेजों का सत्यापन कर पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी जाएगी।

# भाजपाइयों की भाषणबाजी से किसान परेशानः अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। आज किसान सबसे ज्यादा बदहाल और परेशान है। अगर काटने बांटने की भाषणबाजी और पॉलिटिकल पर्यटन से मुख्यमंत्री को फुर्सत मिले तो अपने गृह जिले समेत पूरे राज्य में डीएपी बंटवा दें, बुवाई का सीजन फिर साल भर बाद ही आएगा। भाजपाइयों की नौटंकी और भाषणबाजी से किसान परेशान हैं।

सपा प्रमुख ने बुधवार को अपने बयान में कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था किन्तु उसका अब कहीं जिक्र तक नहीं होता है। थोपे गये तीन काले कानूनों की वापसी के लिए सात सौ से ज्यादा किसानों की मौतें हो गई फिर भी सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का कानून नहीं बनाया। किसानों की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के निदान के लिए केन्द्र की भाजपा सरकार ने जो कमेटी बनाई थी उसका भी कहीं अता-पता नहीं है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में पूंजीपति हैं किसान नहीं। खेती में हमेशा घाटा ही रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में विरोध किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं। सरकारी धांधली के खिलाफ आवाज उठाने पर सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में किसानों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

### अयोध्या की जीत के बाद कहीं भी हराना असंभव नहींः सपा प्रमुख



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या की जीत के दिखा दिया है कि कुछ भी असंभव नहीं है। इसलिए सपाईयों के लिए सुनहरा मौका है कि भाजपा के सबसे बड़े शहरी गढ़ गाजियाबाद में उसे हराए। सोशल मीडिसा एक्स पर बुधवार को उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में हर वर्ग परेशान है, भ्रष्टाचार और महंगाई का शिकार हैं। हम लोग भाजपा के मतदाताओं से कहेंगे कि इस बार तार्किक रूप से सोचविचार का मतदान करे, परिवर्तन के लिए मतदान करे।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रीडिंग व लोड की जांच में मिली कई खामियां

### उप्र. पावर कॉरपोरेशन ने भेजा तीन निजी कंपनियों को नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में उपभोक्ताओं के आवासों पर लगाये जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रीडिंग, स्वीकृत भार व समय के गलत ढंग से रिकॉर्ड होने की आशंका बन गई है। उप्र. पावर कॉरपोरेशन की उच्च स्तरीय तकनीकी टीम की जांच में मीटर में कई खामियां पाई गई हैं। कॉरपोरेशन की ओर से मीटर लगाने वाली तीन निजी कंपनियों को नोटिस जारी की गई है।

जिन निजी कंपनियों को नोटिस दी गई है, उसमें पोलरिस, इन टेलीस्मार्ट व जीएमआर शामिल हैं। ये तीनों कंपनियां दिल्ली की एलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स में



निर्मित मीटर लगाने का कार्य कर रही हैं। कॉरपोरेशन के निदेशक कमर्शियल निधि कुमार नारंग ने तीनों कंपनियों के सीईओ को नोटिस भेजते हुए स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कमियों में तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया है। कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, जांच में मीटर के पावर फैक्टर गलत रिकॉर्ड करने की आशंका व्यक्त की गई है। प्रदेश में अभी तक लगभग दो लाख 75 हजार स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। ऐसे में इन मीटरों से उपभोक्ताओं को दिक्कतें होने की आशंका बन गई है।

**कंपनियों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाईः उपभोक्ता परिषद**

उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि परिषद की ओर से पहले ही इन मीटरों में खामियों की आशंका व्यक्त की गई थी। इस पर कॉरपोरेशन ने जांच के लिए उच्च स्तरीय तकनीकी टीम का गठन किया था। उन्होंने इन कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मतदाताओं के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान 9 से


**लखनऊ, अमृत विचार :** विधानसभा उपचुनाव की नौ सीटों को छोड़कर प्रदेश में मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान 9 नवंबर से शुरू होगा। बीएलओ मतदान बूथ पर सभी आवश्यक फार्म के साथ उपस्थित रहकर लोगों की सहायता करेगें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर प्रदेश की कुल 394 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। 28 नवंबर से 24 दिसंबर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 6 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए सभी तैयारियां शुरु हो गईं है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले की सुनवाई अब 19 को

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी, क्योंकि उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हो रही थी और अब उनके सेवानिवृत होने के कारण एक नई पीठ का गठन होना है, जिसके लिए न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ को नामित किया गया है। बेंच (पीठ) में बदलाव के कारण आज इस मामले की सुनवाई टाल दी गई है। अब नई पीठ के समक्ष मामले की सुनवाई आगामी 19 नवंबर को दोपहर 2:00 बजे होगी।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की रिकॉल अर्जी खारिज कर दी थी और इस मामले से संबंधित सभी 15 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करने का फैसला दिया था।



11 जनवरी 2024 को हाईकोर्ट ने मौजूदा विवाद से जुड़े 15 मुकदमों को एक साथ लाने का निर्देश दिया था। इन सभी मुकदमों में मथुरा के कटरा केशव देव मंदिर के 13.37 एकड़ के परिसर से शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग की गई है। अतिरिक्त प्रार्थनाओं में शाही ईदगाह परिसर पर कब्जा करने और वहां स्थित वर्तमान संरचना को ध्वस्त करने की मांग शामिल है। इसके विरोध में मुस्लिम पक्ष की ओर से रिकॉल आवेदन दाखिल किया गया था और उपरोक्त फैसले को चुनौती दी गई थी, लेकिन कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की रिकॉल अर्जी को खारिज करते हुए सभी मुकदमों पर एक साथ सुनवाई को उचित ठहराया।

## महाकुंभ में हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी




**लखनऊ, अमृत विचार :** दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम महाकुंभ 2025 में परिंदा भी पर न मार सके, इसके लिहाज से स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं। महाकुंभ से पहले केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल और न्यूक्लियर प्रॉब्लम से निपटने के लिए भी टीम को तैयार कर लिए जाने की योजना है। इसके लिए बाकायदा कर्मचारियों को हर आपदा से निपटने की विधिवत ट्रेनिंग दी जाएगी। यही नहीं योगी सरकार के निर्देश पर श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए भी प्रयागराज के अस्पतालोंको स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपग्रेड करने में लगे हैं। महाकुंभ के दौरान देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 291 एमबीबीएस व स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। इसके अलावा 90 आयुर्वेदिक और यूनानी विशेषज्ञ भी इस अभियान में सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। साथ ही 182 स्टॉफ नर्स इन चिकित्सकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जरूरतमंदों के स्वास्थ्य की देखभाल करेंगी।

## कानपुर में जिलाधिकारी कंपाउंड में मिली हत्यारोपी की बाइक

**कानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस निवासी शेयर कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता गुप्ता हत्याकांड में बुधवार को एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।

हत्यारोपी जिम ट्रेनर विमल सोनी की बाइक पिछले चार माह से जिलाधिकारी कंपाउंड के अंदर खड़ी है। इसकी जानकारी जिलाधिकारी की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को नहीं है या वह लोग जानकर भी पूरी तरह से नजरअंदाज किए हुए हैं। कोतवाली पुलिस हत्यारोपी को 48 घंटे की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। विवेचक धर्मेंद्र कुमार जिम ट्रेनर को कस्टडी रिमांड पर लेने जिला कारागार पहुंचे। इस बीच मीडिया कर्मियों को सूचना मिली कि पुलिस टीम विमल को लेकर जिलाधिकारी कंपाउंड स्थित घटनास्थल पहुंची तो मीडियाकर्मी भी वहां पहुंचे। वहां उन्होंने विमल की बाइक खड़ी देखी।

## नोटिस से पूर्व सर्वेक्षण किया या नहींः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- **बहराइच ध्वस्तीकरण मामले में लखनऊ बेंच ने की सुनवाई**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच में कथित अतिक्रमण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से पूछा है कि कानून के अनुसार सर्वेक्षण व सीमांकन किया गया अथवा नहीं।

न्यायालय ने राज्य सरकार से अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी मांगते हुए, मामले में अगली सुनावायी के लिए 11 नवम्बर की तिथि नियत कर दी है। वहीं सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसका जवाबी हलफनामा दाखिल हो चुका है। इस पर न्यायालय ने याची को प्रत्युत्तर दाखिल करने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। सुनवायी के दौरान न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को अगली तिथि पर यह भी बताने को कहा है कि क्या इस बात की जांच कराई गई थी कि जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है वह संपत्ति के असली मालिक हैं या नहीं? वहीं याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि जिन अधिकारियों ने नोटिस जारी की है, वे संबंधित प्रावधानों के तहत नोटिस जारी ही नहीं कर सकते, उन प्रावधानों के तहत नोटिस जारी करने का अधिकार सिर्फ जिलाधिकारी को है।

# 67 आईपीएस अफसरों के प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 67 आईपीएस अफसरों के प्रमोशन होने हैं, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में मंथन चल रहा है। अगले वर्ष जनवरी माह में होने वाली विभागीय प्रोन्नत कमेटी की बैठक में करीब दो दर्जन एसपी से डीआईजी, आधा दर्जन डीआईजी से आईजी और तीन आईजी से एडीजी स्तर के अधिकारियों के प्रमोशन पर विचार किया जा सकता है। इसके



- **जनवरी 2025 में हो सकती है डीपीसी**

अलावा डेढ़ दर्जन से अधिक सहायक पुलिस अधीक्षकों को पुलिस अधीक्षक की रैंक मिल सकती है।

जानकारी के अनुसार, आईजी से एडीजी के पद पर प्रोन्नत होने वाले अफसरों में गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, लखनऊ रेंज के आईजी प्रशांत कुमार-द्वितीय और एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी के नाम शामिल हैं। जबकि डीआईजी से आईजी होने वालों में जोगेन्द्र कुमार, रवि कुमार छवि, विनोद कुमार सिंह, भारती सिंह, बाबूराम, राकेश प्रकाश, योगेश सिंह और गीता सिंह हैं। इसी तरह एसएसपी से डीआईजी बनने की प्रक्रिया में मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक सिंह, मथुरा के एसएसपी शैलेश पांडेय, फर्रुखाबाद के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, झांसी की एसएसपी सुधा सिंह और शाहजहांपुर के एसपी राजेश के अलावा एसपी रामबदन सिंह, हृदयेश कुमार, तेजस्वरूप, देवरंजन वर्मा, अजय कुमार, हेमंत कुटियाल, शालिनी, स्वप्लिन ममगैन, प्रदीप कुमार, सूर्यकान्त त्रिपाठी, अरुण कुमार श्रीवास्तव, विकास कुमार वैध, राजेश कुमार सक्सेना, डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, सुनीता सिंह, दिनेश सिंह, कमला प्रसाद यादव, अरविन्द मौर्य और सुभाष चंद शाक्य के नाम शामिल हैं।

**इन अफसरों के प्रमोशन में हो सकती है देरी**

डीपीसी बैठक में आईपीएस अतुल शर्मा, शगुन गौतम, हिमांशु कुमार, अमित पाठक, धर्मवीर सिंह, विपिन मिश्रा और अजय पाल शर्मा के प्रमोशन का लिफाफा बंद हो सकता है। बताया जाता है कि इन अफसरों के खिलाफ किसी न किसी मामले को लेकर विभागीय जांच चल रही है। चूंकि डीपीसी बैठक होने में अभी लगभग दो महीने का समय है। हो सकता है तब तक कुछ अफसरों को जांच में क्लीन चिट मिल जाए।


## वर्ग पहेली-244

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।




**वर्ग पहेली -243 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | | | 2 कृ |
| व | | | 3 पे | | पा |
| 4 डे | ढ़ी | | 5 गं | धा | लु |
| र | | | ब | | |
| | 6 झिं | गा | र | 7 ना | |
| 8 पू | | | | जु | |
| ती | | 9 रे | खां | क | न |

## सुडोकू -157

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 5 | | 9 | | 8 | 6 | |
| | 9 | | 5 | | | 1 | | |
| | 7 | | 2 | | | | | |
| | 8 | | 4 | 1 | | 9 | | 3 |
| 5 | | | | | | | | 8 |
| 9 | | 2 | | 6 | 5 | | 4 | |
| | | | | | 4 | | 1 | |
| | | 3 | | | 7 | | 8 | |
| | 6 | 8 | | 5 | | 2 | 9 | |

**सुडोकू - 156 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 नवंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 8 नवंबर 00 .34 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**आज का पंचांग**




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 11 .47 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** — आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आपको दूसरों की मदद करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे। साधु प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा। दांपत्य जीवन का असंतोष भी आप संवाद के बल पर दूर कर सकते हैं।

**वृष** — आज दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। घर और कार्यक्षेत्र आवश्यक वस्तुओं की कमी के कारण आप क्रोधित हो सकते हैं। नए प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। पाचन शक्ति कमजोर होने के कारण दस्त और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**मिथुन** — आज नव विवाहित जोड़े परिवार आगे बढ़ाने के फैमिली प्लानिंग करने का विचार बना सकते हैं। जॉब व व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय पूर्व ही निपटा लेंगे। आपको एक बड़ा पद सौंपा जा सकता है। ससुराल पक्ष से शुभ सूचना मिल सकती है।

**कर्क** — आज नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के व्यवहार से परेशानी होगी। अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके मस्तिष्क में कुछ बेहतरीन रचनात्मक विचार आएंगे। इसका प्रयोग आप नए स्टार्टअप के लिए भी कर सकते हैं।

**सिंह** — आज का पूरा दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। आप लोगों के बीच आपकी लोकप्रिय रहेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या** — आज पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घर के बुजुर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे। प्रेमीजन के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। ऑफिस में काम ज्यादा न होने के बाद भी आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। दृढ़ निश्चय के दम पर आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज लोन से जुड़े मामले उलझने की आशंका है। कब्ज के रोगियों को परेशानी होगी। बेवजह के मुद्दों पर आप घिर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। फाइनेंस से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है।

**धनु** — आज कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पाने में सफल रहेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन बेहद सुखद रहेगा। आप परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे।

**मकर** — आज पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं। शाम के समय आप दिखावे में धन खर्च करेंगे। विदेशी स्रोतों से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ने की आशंका है।

**कुंभ** — आज पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपके द्वारा बनाई हुई योजना सफल होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतरीन अवसर प्राप्त होने की संभावना है। आप अपने घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं।

**मीन** — आज नए कार्य की योजना बनाने के लिए दिन शुभ है। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रति आपके मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
हिरासत — सुबह : 08 .17
मि. नटवरलाल — शाम : 06 .23

**&pictures**
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11 .07
कोई...मिल गया — रात : 08 .00

**SONY PIX**
इट चैप्टर 2 — सुबह : 10 .31
2012 — रात : 09 .00

**ZEE CINEMA**
बिजनेसमैन 2 — सुबह : 10 .08
खिचड़ी 2 — रात : 08 .00

**ZEE ACTION**
फूल और अंगार — सुबह : 10 .49
जलजला — रात : 07 .30

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्या काम है?
पुलिस- बात करनी है।
चिंटू- कितने लोग हो?
पुलिस- चार लोग हैं।
चिंटू- तो फिर मेरा क्या काम है, आपस में बात कर लो।

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए।
अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई। हार के लिए नहीं, अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2415, राज श्री 1930, फ़ॉर्चून कि. 2335, रविन्द्रा 2380, फॉर्चुन ली. 2155, जय जवान 2065, सचिन 2130, सूरज 2090, अवसर 2170, राग गोल्ड 2275, गृहणी ली 2165, क्लासिक (किलो) 2250, मोर 2260, चक्र टिन 2185, ब्लू 2335, आशीर्वाद मस्टर्ड 2300, स्वास्तिक 2385 । **किराना–(प्रतिकु.)** हल्दी निजामाबाद 16000, जीरा 30500, लाल मिर्च 18000–21000, धनिया 8500–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 । **चावल–( प्रति कु0 )** डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4700, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 7500, राजभोग 6950, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10300, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8500, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 । **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150–7700 मलका दाल 7375–8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 80900 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 79900 |
| सिल्वर पक्की) | 955 (अनुमानित) |

# ट्रंप की जीत से सेंसेक्स 901 अंक चढ़ा

## निफ्टी में 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत की बढ़त, आईटी कंपनियों के शेयरों में तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और फार्मा शेयरों में भारी लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 901 अंक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स ने दूसरे दिन भी बढ़त जारी रखी और यह 901.50 अंक या 1.13 प्रतिशत बढ़कर 80,378.13 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सूचकांक 1,093.1 अंक या 1.37 प्रतिशत बढ़कर 80,569.73 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 24,484.05 अंक पर बंद हुआ।

**• टाइटन इंडसइंड बैंक हिंदुस्तान यूनिलीवर एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट**



सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर टाइटन, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी चुनाव के नतीजों के बाद वैश्विक बाजारों में राहत भरी तेजी देखी गई। ट्रंप के मजबूत जनादेश के साथ राजनीतिक अनिश्चितता कम हुई है। इससे कर कटौती और सरकारी खर्च में वृद्धि की संभावना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में आईटी खर्च बढ़ने की उम्मीद के कारण घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लाभ रहा। नायर ने कहा, आईटी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों के अनुसार अमेरिका में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र में खर्च बढ़ा है।

### क्रिप्टो में तेजी, बिटकॉइन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत क्रिप्टोकरेंसी के लिए वरदान साबित हुई और बिटकॉइन की कीमत बुधवार को नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। बिटकॉइन में शुरुआती कारोबार में करीब आठ प्रतिशत का उछाल आया और यह 75,000 डॉलर को पार कर गया। इस तरह इसने मार्च में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में भी उछाल आया और दुनिया की दूसरी सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी ईथर में आठ प्रतिशत की तेजी आई।

## जीडीपी वृद्धि पर आंकड़े मिले-जुले : शक्तिकांत दास

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि पर आने वाले आंकड़े मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक कारक नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं। दास ने बिजनेस स्टैंडर्ड के वार्षिक बीएफएसआई कार्यक्रम में कहा कि अंतर्निहित आर्थिक गतिविधियां कुल मिलाकर मजबूत बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, जो आंकड़े आ रहे हैं, वे मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक पहलू नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं और कुल मिलाकर अंतर्निहित गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं।

कई विश्लेषक वृद्धि के बारे में चिंता जता रहे हैं। ऐसा खासकर आधिकारिक आंकड़ों के आने के बाद हुआ, जब वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वृद्धि दर 15 तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) हालांकि 2024-25 के लिए 7.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के अपने अनुमान पर कायम है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि यह सात प्रतिशत से कम रहेगी। दास ने कहा कि आरबीआई अपने अनुमान पर पहुंचने के लिए 70 से अधिक उच्च आवृत्ति वाले संकेतकों पर नजर रखता है।



**• भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा- नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं सकारात्मक कारक**

## मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** मेडिकल इमेजिंग जैसे अल्ट्रासाउंड, डेडिकेटेड मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग और स्वास्थ्य सेवा के लिए सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी इटालियन इनोवेटर इसाउटे ग्रुप ने नोएडा में एक नए विनिर्माण स्थल के साथ भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू करने की घोषणा की है। इटालियन कंपनी की सहायक कंपनी इसाउटे एशिया पैसिफिक डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यह विनिर्माण किया जा रहा है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नया इसाउटे विनिर्माण स्थल मेड इन इंडिया के तहत उन्नत अल्ट्रासाउंड श्रृंखला की कंप्लीट सीरीज- माई लैब ए, माई लैब ई-सीरीज और कॉम्पैक्ट पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड का उत्पादन करेगा।

## भारत में भी इलेक्ट्रिक वाहन लाने की तैयारी कर रही है स्कोडा

**मुंबई।** प्रीमियम वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो भारतीय बाजार में अपना कारोबार बढ़ाने की रणनीति के तहत यहां इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उतारने की योजना बना रही है। स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीयूष अरोड़ा ने यहां कॉम्पैक्ट एसयूवी काइलक को पेश किए जाने के मौके पर अपनी भावी योजनाओं के बारे में चर्चा की। अरोड़ा ने खास बातचीत में कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है और स्कोडा इसे अपने कारोबार के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानती है।

# रूबिकॉन रिसर्च सहित चार कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फार्मा कंपनी रूबिकॉन रिसर्च और टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज समेत चार कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये सामूहिक रूप से कम से कम 3,000 करोड़ रुपये जुटाने को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है।

सेबी द्वारा बुधवार को जारी अपडेट' के अनुसार, आईपीओ लाने की मंजूरी पाने वाली दो अन्य कंपनियां- सनातन टेक्सटाइल्स और वाहन कलपुर्जा विनिर्माता मेटलमैन ऑटो हैं। इस बीच, सितंबर में अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल करने वाली बीएमडब्ल्यू वेंचर्स ने 28 अक्टूबर को दस्तावेज वापस ले लिए। इसमें कहा गया है कि चार कंपनियों - रूबिकॉन रिसर्च, साई लाइफ साइंसेज, सनातन टेक्सटाइल्स और मेटलमैन ऑटो ने जुलाई और अगस्त के दौरान सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। इन कंपनियों को 31 अक्टूबर को सेबी का निष्कर्ष मिला। किसी भी कंपनी को आईपीओ लाने के लिए सेबी का निष्कर्ष जरूरी होता है। आरंभिक दस्तावेजों के अनुसार, रूबीकॉन रिसर्च के 1,085 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तक जनरल अटलांटिक सिंगापुर आरआर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 585 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी।

**• रूबीकॉन रिसर्च के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे**

## इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार बढ़ाने की योजना बना रही हीरो मोटोकॉर्प

**मिलान (इटली)।** दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रही है और अगले कुछ महीनों में किफायती मॉडल पेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी अगले साल ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन और इटली जैसे बाजारों में उतरना चाहती है। हीरो मोटोकॉर्प के सीईओ निरंजन गुप्ता ने ईआईसीएमए के मौके पर पीटीआई-भाषा से अलग से बातचीत में कहा, हम अधिक किफायती खंड में भी उत्पाद उतारेंगे।

# सैजिलिटी इंडिया के आईपीओ को 52 प्रतिशत अभिदान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएं प्रदान करने वाली सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बुधवार तक दो दिन में 52 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, आरंभिक शेयर बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों की श्रेणी को 2.24 गुना अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के कोटा को 24 प्रतिशत अभिदान मिला।

पात्र संस्थागत निवेशकों के खंड को सात प्रतिशत अभिदान मिला। सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने एंकर (बड़े) निवेशकों से 945 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं। कंपनी ने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 28-30 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह निर्गम सात नवंबर तक खुला रहेगा।

**• बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं**

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### महाराष्ट्र : भाजपा से 40 पदाधिकारी निष्कासित

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र ईकाई ने राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों में कथित तौर पर संलिप्त स्थानीय स्तर के 40 पदाधिकारियों को बुधवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया। भाजपा के प्रवक्ता ने बताया कि जिन लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है उनमें वे बागी भी शामिल हैं जिन्होंने पार्टी या सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के उम्मीदवारों के खिलाफ नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि बागियों का समर्थन करने पर अन्य लोगों पर कार्रवाई की गई है। भाजपा द्वारा निष्कासित किए गए पदाधिकारियों में पार्टी के नेता श्रीकांत भरतिया के भाई तुषार भरतिया भी शामिल हैं। वह बडनेरा विधानसभा सीट से बागी उम्मीदवार हैं।

### पोर्श दुर्घटना : किशोर के दोस्त के पिता का आत्मसमर्पण

**पुणे।** इस वर्ष मई महीने में पुणे में हुई पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर चालक के दोस्त के पिता ने बुधवार को यहां एक अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। च्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अरुण कुमार देवनाथ सिंह को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। सिंह का बेटा कल्याणीनगर इलाके में हुई दुर्घटना के समय कथित तौर पर कार में मौजूद था। आरोप है कि सिंह ने अपने बेटे के रक्त के नमूने बदल दिए ताकि तथ्य छिपाया जा सके कि उसका बेटा दुर्घटना के समय नाबालिग चालक के साथ नशे में था।

### आज नौसेना अभियानों का अवलोकन करेंगी राष्ट्रपति

**पणजी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को गोवा तट पर स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार होकर नौसेना के अभियानों को देखेंगी। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी आईएनएस हंस (गोवा स्थित नौसेना वायु अड्डा) पर मुर्मू की अगवानी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राष्ट्रपति के सम्मान में 150 जवानों द्वारा औपचारिक सलामी गारद दी जाएगी।

# बजरंग बली पसंद नहीं तो जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं

## महाराष्ट्र पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूछा- आखिर भारत में कौन है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को महाराष्ट्र के चुनावी दौरे पर रहे। वहां अमरावती की एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने जहां महाअघाड़ी को महाअनाड़ी गठबंधन बताया वहीं, यह भी कहा कि नवनीत राणा यहां हनुमान चालीसा के लिए भी संघर्ष कर रही थीं। त्रेतायुग में जब बजरंग बली रहे होंगे, तब इस्लाम नाम की वस्तु ही नहीं रही होगी। उन्होंने कहा कि किन कारणों से रामनवमी की शोभायात्रा निकालने और हनुमान चालीसा पढ़ने से रोका जाता है। जिन्हें बजरंग बली पसंद नहीं है, उन्हें जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं। आखिर भारत में कौन भारतीय है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अमरावती, महाराष्ट्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए। • एजेंसी

मुख्यमंत्री सूचना परिसर लखनऊ से साझा की गई खबर के मुताबिक, योगी ने वहां कहा कि चुनाव में दो महागठबंधन लड़ रहे हैं। एक तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा, शिवसेना व एनसीपी का महायुति गठबंधन है तो दूसरी तरफ महाअघाड़ी के रूप में महाअनाड़ी गठबंधन है। योगी के अनुसार, महाअनाड़ी गठबंधन भारत और भारतीयता के सम्मान व स्वाभिमान के साथ खेलने वाला है। कांग्रेस और एनसीपी के लोग कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं। राम का विरोध करने वालों को भी अब राम याद आने लग गए।

### अब तो मौलवी भी राम-राम कह रहेः योगी

चुनावी जनसभा में योगी ने बताया कि वे जम्मू-कश्मीर चुनाव में जम्मू एयरपोर्ट पर उतरे तो एक मौलवी ने राम-राम किया, मैं समझा नहीं, फिर उसने कहा कि योगी जी राम-राम। यह देख एयरपोर्ट के अधिकारी भौचक हुए तो मैंने कहा कि आश्चर्य न कीजिए, यह धारा-370 हटने का इफेक्ट है।

### वे पाकिस्तान व फिलीस्तीन के लिए आंसू बहाते हैं

योगी ने कहा कि भारत में जब भी पर्व-त्योहार या शोभायात्रा निकलती है तो कुछ लोग गर्व व श्रद्धा की बजाय पाकिस्तान का झंडा लहराते दिखाई देते हैं। भारत की चिंता करने की बजाय पाकिस्तान व फिलीस्तीन के लिए घड़ियाली आंसू बहाते हैं। भारत के अंदर हमारे लिए सिर्फ राष्ट्रधर्म होना चाहिए। योगी ने यह भी कहा कि जब भी देश में संकट आता है तो कांग्रेस के नेता बाहर जाकर पिकनिक मनाते हैं। संकट के समय राहुल गांधी भारत में नहीं, इटली में होते हैं।

## महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों में कोई विचारधारा नहीं बची

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप लगाया कि उनमें कोई विचारधारा नहीं बची है। साथ ही कहा कि विभाजनकारी राजनीति करने वाले लोग उन्हें सांप्रदायिक करार दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश सभी समुदायों का समान रूप से है - चाहे वे पगड़ी या टोपी पहनते हों या वे जो माथे पर तिलक लगाते हों।

तेलंगाना के एआईएमआईएम विधायक ओवैसी यहां अमखास मैदान में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों इम्तियाज जलील और नसीर सिद्दीकी के लिए प्रचार करने के वास्ते आयोजित एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे। जलील 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व से जबकि सिद्दीकी औरंगाबाद मध्य से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी (एआईएमआईएम) मुस्लिम, दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और मराठों की आवाज उठाती है। मैं भड़काऊ भाषण नहीं देता। जो लोग 'बंटोगे तो कटोगे' की बात करते हैं, वे मुझे सांप्रदायिक कहते हैं।



**• अकबरुद्दीन ओवैसी का महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप**

## सिद्धरमैया से लोकायुक्त पुलिस ने पूछताछ की

**मैसुरु (कर्नाटक), एजेंसी**

मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को मैसुरु में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिद्धरमैया पूछताछ के लिए जारी समन के जवाब में यहां लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए और लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) टी. जे. उदेश के नेतृत्व में एक टीम के सवालों का जवाब दिया।

लोकायुक्त अधिकारी ने कहा, पूछताछ करीब दो घंटे तक चली। लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोपी संख्या एक के रूप में नामित मुख्यमंत्री एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी पार्वती बी. एम. को 14 स्थलों का आवंटन किए जाने में अनियमितताओं के आरोपों का सामना कर रहे हैं।



**• एमयूडीए स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए**

## सिद्दीकी हत्याकांड के चश्मदीद गवाह को मिली धमकी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के चश्मदीद को एक व्यक्ति ने धमकी भरा फोन कर पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी है। इकबाल शेख बाबा सिद्दीकी के कार्यालय में काम करता था और जब वरिष्ठ नेता की गोली मारकर हत्या की गयी, तब वह वहां मौजूद था। एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे फोन करके धमकी दी। उसने खार थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और कहा है कि प्रथम दृष्टया उन्हें घटना में कुछ स्थानीय लोगों के शामिल होने का संदेह है।

# संविधान की लाल प्रति पर भिड़ीं भाजपा-कांग्रेस

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में लाल रंग की संविधान की प्रति सियासी विवाद का विषय बन गई है, जो कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं। भाजपा ने इस मामले पर बुधवार को गांधी पर निशाना साधते हुए पूछा कि वह क्या संदेश देना चाहते हैं जबकि कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में लाल रंग शुभ माना जाता है।

गांधी ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के सिलसिले में बुधवार को कांग्रेस-राकांपा (एसपी)-शिवसेना (यूबीटी) के विपक्षी गठबंधन के लिए प्रचार किया। वह नागपुर में संविधान सम्मान सम्मेलन में लाल कवर वाली संविधान की एक प्रति लेकर गए थे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने सांगली जिले में चुनावी रैली के दौरान सवाल किया, भारत के संविधान की लाल प्रति दिखाकर राहुल गांधी क्या संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने कांग्रेस नेता पर अराजकतावादियों का गठबंधन बनाने का आरोप लगाया। राजनीति में लाल रंग को अक्सर मार्क्सवादी या साम्यवादी विचारधारा से जोड़ा जाता है। फडनवीस को जवाब देते हुए, कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि भाजपा नागपुर में अपने गढ़ के पास गांधी के कार्यक्रम से घबरा गई है।




**• कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं लाल रंग की संविधान की प्रति**

### राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर सीबीआई जांच शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय को बुधवार को यह जानकारी दी गई कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई की जा रही जनहित याचिका पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता की सीबीआई जांच शुरू की गई है। याचिकाकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कनार्टक इकाई के कार्यकर्ता ने जब कहा कि उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की थी, मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने कहा कि पीठ कोई विरोधाभासी आदेश पारित करना नहीं चाहती।

# पड़ोसी की बेटी को कार में भूला लांस नायक, मौत

**मेरठ, एजेंसी**

कार में दम घुटने से तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। सेना में तैनात लांस नायक पड़ोसी जवान की 3 साल की बच्ची को कार में घुमाने ले गया। रास्ते में बच्ची को कार में लॉक कर दोस्तों के साथ शराब पार्टी करने चला गया। लांस नायक को बच्ची के बारे में याद नहीं रहा। 4 घंटे तक बच्ची कार में लॉक रही, दम घुटने से तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। मंगलवार को पिता ने कंकरखेड़ा थाने में लांस नायक के खिलाफ बेटी की गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई, तो मामले का खुलासा हुआ। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया- आरोपी लांस नायक नरेश को गिरफ्तार कर लिया गया।

**हरियाणा के आर्मी जवान की बेटी थी :** हरियाणा में जींद सदर थाना के निडानी गांव के सोमबीर पुनिया सेना में सिपाही हैं। सोमबीर मेरठ में आर्म्ड यूनिट में तैनात हैं। वे कंकरखेड़ा के फाजलपुर की राजेश एनक्लेव आर्मी कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी रितु, 6 माह की बेटी भावी और 3 साल की वर्तिका थी। मंगलवार को सोमबीर कंकरखेड़ा थाने पहुंचे। पुलिस को बताया कि 30 अक्टूबर को बेटी वर्तिका घर के बाहर खेल रही थी। क्वॉर्टर के ऊपर रहने वाला लांस नायक हिमाचल प्रदेश निवासी नरेश बेटी को गाड़ी में घुमाने के लिए ले गया। नरेश बच्ची को लेकर रोहटा रोड पहुंचा, उसे गाड़ी में छोड़कर दोस्तों के साथ शराब पार्टी करने चला गया। चार घंटे तक बच्ची घर नहीं आयी तो नरेश को फोन कर पूछा गया तो उसने बताया कि बच्ची तो कार में है। इसके बाद बच्ची के घरवाले मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कार खोलकर देखा तो बच्ची बेदम पड़ी थी। अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बच्ची के रिश्तेदार कृष्ण ने बताया- सुबह 10.15 बजे जवान बच्ची को लेकर आर्मी कॉलोनी से निकला। उसे 2 बजे तक बच्ची के कार में होने की बात याद नहीं रही। अगर समय से बच्ची को कार से निकाल लिया गया होता तो बच जाती।

**• तीन साल की बच्ची को कार में घुमाने के लिए लाया था, कार लॉक करके पार्टी करने चला गया**

## अभिषेक बनर्जी बंगाल के अगले मुख्यमंत्री हो सकते हैंः तृणमूल नेता

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने बुधवार को संकेत दिए कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल के अगले मुख्यमंत्री हो सकते हैं। विपक्षी दलों ने घोष के इस बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी और सत्तारूढ़ दल पर वंशवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया। घोष ने फेसबुक पोस्ट में कहा, अभिषेक बनर्जी ने कम उम्र में अपनी नेतृत्व क्षमता साबित कर दी है।

# त्योहारों में शांति सुनिश्चित करें : कलकत्ता हाईकोर्ट

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया कि त्योहारी सीजन के दौरान राज्य के सभी इलाकों में शांति बनी रहे। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि लोग बिना किसी व्यवधान के, पूरे हर्षोल्लास के साथ, त्योहारों का जश्न मनाएं।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि काली पूजा के एक दिन बाद कोलकाता के राजाबाजार और नारकेलडांगा में भीड़ ने कुछ वर्गों के लोगों पर हमला किया, जिससे इलाके में तनाव फैल गया।

# आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे ऋषभ

दुबई, एजेंसी



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने मुंबई टेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं, हालांकि भारत तीसरे और अंतिम टेस्ट में हार से श्रृंखला 0-3 से गंवा बैठा। इस प्रदर्शन से पंत को रैंकिंग में फायदा हुआ जो संकेत है कि वह गंभीर कार दुर्घटना के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। अब यह बायें हाथ का बल्लेबाज जुलाई 2022 में रैंकिंग में हासिल किए गए अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से महज एक कदम पीछे है। शीर्ष टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाजों में बायें हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं जो एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड ने मुंबई में 25 रन की करीबी जीत से श्रृंखला में वाइटवाश किया जिससे शीर्ष 10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत और दौरा करने वाली टीम के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ। मिचेल आठ पायदान की छलांग से सातवें स्थान पर पहुंच गए, उन्होंने मुंबई टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 82 रन की पारी खेली जिससे वह टीम के साथी केन विलियमसन (दूसरे स्थान) के साथ शामिल हो गये जो न्यूजीलैंड के शीर्ष 10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी थे।

इंग्लैंड के दायें हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है जिसमें विलियमसन, हैरी ब्रूक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं।

## गेंदबाजी रैंकिंग में जडेजा छठे स्थान पर पहुंचे

भारत के शुभमन गिल ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेली जिससे वह चार पायदान के लाभ से 16वें स्थान पर पहुंचे जबकि न्यूजीलैंड के प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग 29 पायदान की उछाल से 44वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट लेने से टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंचे जिससे वह रविचंद्रन अश्विन से एक स्थान पीछे हैं। कागिसो रबाडा शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस से आगे दूसरे स्थान पर हैं। वहीं टीम साथी वाशिंगटन सुंदर टेस्ट गेंदबाजों में सात पायदान के लाभ से 46वें स्थान पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के स्पिन जोड़ीदार एजाज पटेल (12 पायदान के फायदे) और ईश सोढी (तीन पायदान के फायदे) क्रमश: 22वें और 70वें स्थान पर बने हुए हैं।

# डेविस कप कोच आशुतोष सिंह को 16 साल के मानस धामने से काफी उम्मीदें

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोच बोले भविष्य के लिए अहम खिलाड़ी हो सकते हैं मानस

जीशान अली की जगह नये डेविस कप कोच बने आशुतोष सिंह को उम्मीद है कि मानस धामने अपनी कड़ी मेहनत और शानदार जज्बे की बदौलत भारतीय टेनिस के लिए भविष्य में अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। आशुतोष ने स्टॉकहोम में मालेगांव के इस युवा खिलाड़ी को देखा जहां भारत ने स्वीडन के खिलाफ डेविस कप ग्रुप एक मुकाबले में हिस्सा लिया था। हालांकि 16 वर्षीय धामने को कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन वह एक अन्य युवा खिलाड़ी आर्यन शाह के साथ स्टॉकहोम गई टीम का हिस्सा थे।

भारत को मेजबान टीम के हाथों 0-4 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कोच आशुतोष ने स्वीडन में हुए इस निराशाजनक प्रदर्शन में सकारात्मक पहलू देखा। पूर्व डेविस कप खिलाड़ी बलराम सिंह के बेटे आशुतोष ने कहा मानस एक मेहनती खिलाड़ी है। कोर्ट पर वह सिर्फ आंखों से संपर्क बनाता है और ओके करता है। उसके पास एकल में भारत के मिस्टर डिपेंडेबल बनने की क्षमता है जिसकी तलाश भारतीय टेनिस को लंबे समय से है। निश्चित रूप से अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। लेकिन वह जिस रास्ते पर चल रहा है और उसके मेहनती दृष्टिकोण से यह संभव लगता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि मानस सिर्फ 16 साल का है और उसे अपने कार्यभार प्रबंधन के कुछ पहलुओं में सतर्कता बरतते हुए निगरानी की जरूरत है। लेकिन वह इटली में अपने ट्रेनिंग बेस में सही ट्रेनिंग ले रहा है। भारत के पास शीर्ष-100 में केवल एक खिलाड़ी सुमित नागल (83) है। उनके बाद रामकुमार रामनाथन हैं जो 309वें नंबर पर हैं।

## खेल डायरी

### किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**इसकान सिटी (कोरिया)।** भारत के किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के चौबीस साल के किरण ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के खिलाड़ी के खिलाफ 57 मिनट में 15-21, 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय और दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन से भिड़ेंगे। किरण ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की जिसका फायदा उठाकर किन कुओ ने 11-4 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से पहला गेम जीत लिया। किरण ने 0-1 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम की शुरुआत लगातार छह अंक के साथ और फिर दूसरा गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर किया।

### घरेलू वनडे और टी-20 में असलंका करेंगे कप्तानी

**कोलंबो।** चरिथ असलंका न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका टीम की कप्तानी करेंगे। श्रीलंका ने हाल ही में भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी खिलाड़ियों को भी दोनों प्रारूपों के लिए टीम में जगह दी है। नौ और 10 नवंबर को दो टी-20 मैच खेले जाएंगे। वहीं 13, 17 और 19 नवंबर को एकदिवसीय मैच होंगे। पहले तीन मैच रांगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तथा अंतिम दो एकदिवसीय मैच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। श्रीलंका की वनडे टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, कुसल परेरा, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, सदीरा समरविक्रमा, निशान मदुश्का, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाणा, जेफरी वांडरसे, चामिदु विक्रमसिंघे, असिथा फर्नांडो, मदुशंका और शिराज होंगे। श्रीलंका की टी-20 टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), निसंका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंदु, चंडीमल, अविष्का, भानुका, हसरंगा, थीक्षाना, डुनिथ, जेफरी वांडरसे, चामिदु, नुवान, पथिराना, बिनुरा और असिथा फर्नांडो को रखा गया है।

### पाकिस्तान के खिलाफ जोश होंगे ऑस्ट्रेलिया के कप्तान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने जोश इंग्लिस को पाकिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद घरेलू सीरीज के लिए टीम का नया कप्तान बनाया हैं। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बुधवार को कहा जोश एकदिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीमों का अभिन्न सदस्य है और मैदान के अंदर और बाहर एक बेहद सम्मानित खिलाड़ी है। बेली ने कहा वह पहले भी ऑस्ट्रेलिया ए टीम का नेतृत्व कर चुके है और उनको मैट शॉर्ट और एडम जम्पा जैसे खिलाड़ियों के साथ-साथ ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों से भी भरपूर समर्थन मिलेगा। इंग्लिस के प्रमोशन से टेस्ट कप्तान पैट कमिंस और साथी रेड-बॉल सितारे मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ पाकिस्तान के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज के अंतिम मैच से बाहर रहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन और जेवियर बार्टलेट को विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप और एक अन्य तेज गेंदबाज लांस मॉरिस के साथ टीम में जगह दी गई है। पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच दो विकेट से जीत चुका है।

### डेविड वार्नर सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त

**सिडनी।** डेविड वार्नर को बुधवार को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर का कप्तान नियुक्त किया गया। यह छह साल बाद पहला अवसर होगा जबकि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्वदेश में किसी टीम का नेतृत्व करेगा। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पिछले महीने यह प्रतिबंध हटा दिया था जिससे उनका सिडनी थंडर की कप्तानी करने का रास्ता साफ हो गया था। वार्नर ने जून में वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने कहा कि फिर से थंडर की कप्तानी मिलना उनके लिए काफी मायने रखती है। इस सत्र में फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए काफी मायने रखती है। मैं शुरू से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और फिर से मेरे नाम के आगे कप्तान लिखा जाना शानदार है।

# ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीत सकती है : रिकी

## पोंटिंग ने की भविष्यवाणी- श्रृंखला में शमी के बिना 20 विकेट लेना भारत के लिए चुनौती

दुबई, एजेंसी

पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर 3-1 से जीतेगा क्योंकि मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में मेहमान टीम के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट चटकाना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

ऑस्ट्रेलिया की नजरें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं। भारत ने 2014-15 से सभी चार शृंखलाएं जीती हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में हुई शृंखलाएं भी शामिल है। भारत को हालांकि पिछली टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार अपनी सरजमीं पर 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा जिसके बाद पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मेहमान टीम को हराने का बेहतर मौका है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो पर ऑस्ट्रेलिया की संभावनाओं के बारे में कहा संभवतः अब पहले ही तुलना मे बेहतर है। शमी चोटों के कारण पिछले साल नवंबर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेले हैं और पोंटिंग का मानना है कि उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह,



मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और पदार्पण का इंतजार कर रहे हर्षित राणा की मौजूदगी वाले भारत के गेंदबाजी आक्रमण में कमी नजर आती है।

पोंटिंग ने कहा शमी की अनुपस्थिति में गेंदबाजी समूह में बहुत बड़ा अंतर आ गया है। उस समय (अगस्त में) कुछ अटकलें लगाई जा रही थीं कि शमी फिट होंगे या नहीं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि भारत के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट लेना सबसे बड़ी चुनौती होगी। मुझे लगता है कि वे मौजूदा बल्लेबाजों के साथ यहां अच्छी बल्लेबाजी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की एक अधिक स्थिर टीम के रूप में प्रशंसा करते हुए पोंटिंग 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली श्रृंखला में भारत को पूरी तरह से कमजोर नहीं मानते। पोंटिंग ने भविष्यवाणी की मुझे लगता है कि भारत पांच टेस्ट मैचों में से किसी एक टेस्ट मैच में जीतेगा। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि ऑस्ट्रेलिया शायद थोड़ा अधिक स्थिर, थोड़ा अधिक अनुभवी है और हम जानते हैं कि उन्हें घर पर हराना बहुत मुश्किल है। इसलिए मैं 3-1 के साथ जाऊंगा।

### पंत बना सकते हैं सबसे ज्यादा रन

पोंटिंग को लगता है कि अनुभवी स्टीव स्मिथ या तेजतर्रार ऋषभ पंत में से कोई एक पांच टेस्ट मैच की शृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होगा। उन्होंने कहा सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में मैं स्टीव स्मिथ या ऋषभ पंत को चुनूंगा। मुझे लगता है कि स्मिथ, यह तथ्य कि वह सलामी बल्लेबाज से नंबर चार पर वापस आ गया है, शायद उसके पास साबित करने के लिए और भी बहुत कुछ है... कि शायद उसे पारी का आगाज करने के लिए भेजा ही नहीं जाना चाहिए था और नंबर चार उसका स्थान है और जहां उसे संभवत: पूरे समय रहना चाहिए था और जहां वह संभवत: अपना करियर खत्म करेगा। पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस से अधिक विकेट जोश हेजलवुड चटकाएंगे। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों में से हेजलवुड इस समय अन्य गेंदबाजों की तुलना में अपनी क्षमता के चरम पर हैं। इसलिए मैं उन्हें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में चुनूंगा।

# इगा को हराकर डब्ल्यूटीए के सेमीफाइनल में गॉफ

- बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराया
- कोको बोलीं- स्वियाटेक के साथ खेलना मेरे लिए काफी कठिन



मैच के दौरान शॉट लगातीं स्वियाटेक >>

**रियाद।** अमेरिका की महिला टेनिस स्टार कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

ऑरेंज ग्रुप एकल के दूसरे दौर के मंगलवार को हुए मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में 3-3 तक सर्विस बरकरार रखी। इसके बाद गॉफ ने लगातार दो बार स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने पहले आठ गेम में दो बार एक दूसरे की सर्विस तोड़ी और स्कोर 4-4 पर पहुंच गया। इसके बाद गॉफ ने एक बार फिर स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर यह सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के बाद गॉफ ने कहा आज यह निश्चित रूप से मेरे लिए एक अच्छा मैच था। आप जानते हैं कि इगा के साथ खेलना मेरे लिए कठिन है, लेकिन मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं पूरा मैच में खेलने में कामयाब रही। वहीं एक अन्य मैच में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिकी जेसिका पेगुला को एक घंटे और 9 मिनट चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया।

# साक्षी मलिक ने मोदी व मांडविया से की कुश्ती बचाने की अपील

**चंडीगढ़।** पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से कुश्ती का भविष्य बचाने की अपील की।

मलिक ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रधानमंत्री और खेल मंत्री को संबोधित करते हुये जारी वीडियो सन्देश में कहा पिछले साल कुश्ती फेडरेशन के चुनाव हुये। उसके दूसरे ही दिन ब्रजभूषण की बेहूदगी और दबदबे को आपने और पूरे देश ने देखा, जिससे दुखी होकर और बड़े परेशान मन से मुझे अपनी कुश्ती को त्यागना पड़ा। साक्षी ने कहा मैं उन बच्चों की मजबूरियां समझ सकती हूं, उनका पूरा करिअर उनके आगे है।

# रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी की बड़ी हार

मिलान, एजेंसी

यूरोप की चोटी की टीमों रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी दोनों को चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड को एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 से हरा दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी को एर्लिंग हालैंड की पेनल्टी में चूक महंगी पड़ी और चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद उसे पुर्तगाल की टीम स्पोर्टिंग लिस्बन में 4-1 से हार झेलनी पड़ी।

लिवरपूल के लिए यह शानदार दिन था जिसने लुइस डियाज की हैट्रिक और कोडी गाकपो गोल की मदद से एनफील्ड में खेले गए मैच में जर्मन चैंपियन बायर लेवरकुसेन पर



गोल दागने के बाद जश्न मनाती मैनचेस्टर सिटी की टीम।

**15** बार के चैंपियन का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी लिवरपूल की शानदार जीत

4-0 से जीत दर्ज की। लिवरपूल चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद स्पोर्टिंग और मोनाको का नंबर आता है जिनके तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद समान 10 अंक हैं।

15 बार के चैंपियन रियल मैड्रिड का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह अपने दूसरे मैच में लिली से हार गया था। मलिक थियाव ने 12वें मिनट में मिलान को बढ़त दिला दी थी। विनीसियस जूनियर ने 23वें मिनट में पेनल्टी पर बराबरी का गोल किया। इसके बाद अल्वारो मोराटा और तिजानी रिजेंडर्स ने मिलान के लिए गोल किए।

### रोनाल्डो के गोल से अल नासर की बड़ी जीत

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2-0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया।

# रित्विक-केब्रल ने किया उलटफेर

**मेट्ज (फ्रांस)।** भारत के रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और उनके जोड़ीदार फ्रांसिस्को केब्रल ने बुधवार को यहां मोसेले ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सेंटियागो गोंजालेज और एडवर्ड रोजर वेसलीन की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत और पुर्तगाल की गैर वरीय जोड़ी ने मैक्सिको के गोंजालेज और फ्रांस के रोजर वेसलीन की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में हराया। हैदराबाद के रित्विक ने एटीपी टूर पर पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। रित्विक और केब्रल अगले दौर में मैनुएल गुइनार्ड और ग्रेगोएर जैक तथा पियरे ह्यजेस हर्बर्ट और अल्बानो ओलिवेटी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

# थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि फिल्म थामा उनके करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में अपनी ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की नई फिल्म थामा की घोषणा की है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म थामा दिवाली 2025 पर रिलीज होगी और यह फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ आयुष्मान की बाला के बाद दूसरी फिल्म है। बाला ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। आयुष्मान ने कहा मुझे खुशी है कि दिनेश विजन को लगता है कि यह मेरे लिए उनके ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में शामिल होने का सही समय है। स्त्री 2 के बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी फिल्म बनने के बाद मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं। मुझे यकीन है कि यह एक ऐसा सिनेमाई अनुभव होगा जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे। दिनेश ने इस यूनिवर्स को जिस तरह से बनाया है, वह काबिले तारीफ है।

# पुष्पा 2: द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 : द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर रिकॉर्ड बना दिया है। पुष्पा 2 : द रूल फास्टेस्ट इंडियन फिल्म बन गई है, जो यूनाइटेड स्टेट में 15000 से ज्यादा टिकट्स बेच चुकी है। वर्ष 2021 की ब्लॉकबस्टर पुष्पा : द राइज का मच अवेटेड सीक्वल दुनिया भर में फैंस के बीच बहुत एक्साइटमेंट पैदा कर रहा है। इसका प्रीमियर 04 दिसंबर को होने वाला है और वर्ल्डवाइड रिलीज 05 दिसंबर होगी। मेकर्स ने घोषणा के साथ एक नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, एक-एक करके रिकॉर्ड तोड़ते हुए #पुष्पा2दरूलबनी अमेरिका में सबसे तेजी से 15 हजार से ज्यादा टिकट बेचने वाली भारतीय फिल्म यूएसएप्रीमियर 4 दि संबर को 5 दिसंबर, 2024 को वर्ल्ड वाइड ग्रैंड रिलीज होगा। पुष्पा 2 : द रूल साल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है और इसे मैश्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, जिसमें टी-सीरीज का म्यूजिक है।

# अजय देवगन की फिल्म आजाद का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की नई फिल्म आजाद का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म आजाद में अजय देवगन के साथ डायना पेंटी, अमन देवगन और राशा थडानी नजर आएंगे। फिल्म आजाद का टीजर फिल्म के निर्देशक अभिषेक कपूर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफादार घोड़ा जरूर रहा है। आजाद का टीजर रिलीज हुआ, जनवरी 2025 में बड़े पर्दे पर रोमांस का नजारा देखें। इस टीजर में महाराणा प्रताप को दिखाया गया है, जिन्होंने 40 हजार की एक खतरनाक दुश्मन सेना का सामना केवल आठ से नौ हजार सैनिकों के साथ किया। टीजर में महाराणा प्रताप के घोड़े पर फोकस किया गया है। टीजर में उसे हाथी जितना लंबा, मोर की तरह पतली गर्दन वाला और बिजली की तरह तेज बताया गया है। फिल्म आजाद अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की बॉलीवुड में पहली फिल्म है।

### सिंघम अगेन ने कमाए 150 करोड़



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में 150 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर 1 नवंबर को रिलीज हुई है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना, दीपिका, अर्जुन, टाइगर, अक्षय, रणवीर, रवि किशन और जैकी श्रॉफ की अहम भूमिका है। भारत में ओपनिंग डे पर 43 .5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 42 .5 करोड़,तीसरे दिन 35 .75 करोड़, चौथे दिन 18 करोड़ और पांचवे दिन 13 .5 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म ने पांच दिन में भारत में 153 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।

# भारत ए ने बदली गेंद का किया विरोध वार्नर-कोवान ने मांगा स्पष्टीकरण

सिडनी, एजेंसी

- डेविड बोले- जल्द ही निपटा दिया गया मामला, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को करना है अंतिम फैसला

भारत ए के खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पिछले सप्ताह खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के अंतिम दिन के खेल के दौरान दी गई बदली हुई गेंद की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि डेविड वार्नर और एड कोवान ने मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से स्पष्टीकरण देने को कहा है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह मसला पिछले सप्ताह मैकाय में खेले गए चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन सामने आया था जब अंपायरों ने भारतीय टीम को अलग गेंद दी। भारतीय खिलाड़ी, विशेषकर इशान किशन, इस फैसले से नाखुश थे तथा इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इसे मूर्खतापूर्ण फैसला करार दिया था। सिडनी मार्निंग हेराल्ड में बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय टीम गेंद बदलने को लेकर नहीं बल्कि बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर विरोध कर रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है इस मामले को लेकर एक तथ्य जो अभी तक पता नहीं था यह है कि भारत ए की टीम इसलिए नाराज नहीं थी कि गेंद को बदल दिया गया है बल्कि वह बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर नाखुश थी। यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं था क्योंकि खिलाड़ियों और अंपायरों के बीच बदली गई गेंद को लेकर दशकों से बहस होती रही है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाजों डेविड वार्नर और एड कोवान ने अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से यह स्पष्ट करने को कहा है कि मैकाय में मैच के अंतिम दिन क्या हुआ था। वार्नर ने कहा कि यह मामला जल्द से जल्द खत्म कर दिया गया है क्योंकि भारत की सीनियर टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आने वाली है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

## पिछले चुनाव में शिकस्त के बाद ट्रंप ने की जोरदार वापसी, अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स

# फिर चला ट्रंप कार्ड, कमला हैरिस आउट

**वाशिंगटन, एजेंसी**

डोनाल्ड ट्रंप चार साल पहले जो बाइडन से राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद काफी मायूस और खिन्न थे तथा इसके कुछ हफ्तों बाद उनके समर्थकों की एक हिंसक भीड़ ने जब यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर धावा बोला था तो इसे रिपब्लिकन नेता के राजनीतिक करियर का अंत माना जाने लगा था। हालांकि, ठीक चार साल बाद, ट्रंप (78) ने व्हाइट हाउस में दूसरा कार्यकाल सुनिश्चित कर अमेरिका के इतिहास में अभूतपूर्व और जोरदार राजनीतिक वापसी की है। वह भी, एक गंभीर अपराध के मामले में दोषी करार दिये जाने और उनकी हत्या की दो नाकाम कोशिशों के बाद।

ट्रंप और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच कड़े मुकाबले का नतीजा अब तक आधिकारिक रूप से घोषित नहीं किया गया है, लेकिन रिपब्लिकन नेता के व्हाइट हाउस में लौटने की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। राजनीतिक विश्लेषक अनंग मित्तल ने कहा, यह अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी में से एक है। मार्च में, ट्रंप को उनकी पार्टी की ओर से प्रत्याशी नामित किया गया और कई अदालती मामलों के कारण ट्रंप के महीनों तक राजनीतिक वनवास में रहने के बाद जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) में इस पर मुहर लगाई गई। असल में, एक गंभीर अपराध में दोषी करार दिये जाने के बाद शीर्ष पद के लिए नामांकन पाने वाले वह पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ट्रंप अब भी चार आपराधिक अभियोगों का सामना कर रहे हैं और फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इन मुकदमों का क्या होगा। पूर्व राष्ट्रपति 2021 में महाभियोग की सुनवाई से भी बच गए, जो उनके बरी होने के साथ समाप्त हो गई।

जुलाई में, पेन्सिलवेनिया में एक रैली के दौरान उन पर गोली चली, जो उनके कान के ऊपरी हिस्से को छूते हुए निकल गई। इसके कुछ ही मिनटों बाद, ट्रंप ने हमले के विरोध में अपनी मुट्ठी बांधी और ये तस्वीरें देखकर उनके कट्टर समर्थकों ने उन्हें भावनात्मक समर्थन दिया। वह अब अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स हैं।


पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में पत्नी मेलानिया ट्रंप के साथ पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

### विश्व के नेताओं ने ऐतिहासिक जीत के लिए ट्रंप को दी बधाई

**लंदन/यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ब्रिटेन के उनके समकक्ष केअर स्टॉर्मर समेत विश्व के कई नेताओं ने बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। स्टॉर्मर विश्व के उन नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने ट्रंप द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत का दावा करने के लिए फ्लोरिडा में एक रैली को संबोधित करने के तुरंत बाद बधाई संदेश जारी किए। उन्होंने कहा कि ट्रंप के जीत दर्ज करने के बाद, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच विशेष संबंध नए अमेरिकी प्रशासन के तहत और भी समृद्ध होते रहेंगे।

## अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने से चूकीं हैरिस

**वाशिंगटन।** एक दशक से भी ज्यादा समय पहले एक पत्रकार ने कमला हैरिस को महिला ओबामा कहा था। हालांकि, भारतीय और जमैका के अप्रवासी दंपति की बेटी कमला हैरिस पहले अफ्रीकी-अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की उपलब्धियों की बराबरी करने में विफल रहीं। हैरिस अमेरिकी राजनीति में शीर्ष मुकाम हासिल करने में असफल रहीं और राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप से हार गईं। डेमोक्रेटिक नेता की ट्रंप के हाथों कड़े मुकाबले वाले चुनाव में हार ने अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने के उनके सपने को भी तोड़ दिया। उनके नामांकन से हालांकि महिलाओं में उत्साह पैदा हुआ कि सार्वजनिक जीवन में उनके लिए यह द्वार बंद नहीं हुआ है। हैरिस (60) के नाम कई अन्य 'पहली' उपलब्धियां भी दर्ज हैं। वह सैन फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी रह चुकी हैं - इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला, पहली अफ्रीकी-अमेरिकी और पहली भारतीय मूल की शख्स थीं। उपराष्ट्रपति के रूप में, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। साथ ही, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी-अमेरिकी या भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति भी हैं। 5 नवंबर के चुनाव से तीन दिन पहले प्रकाशित एक लेख में हैरिस ने बचपन में की गई अपनी भारत यात्रा को याद किया और अपनी दिवंगत मां श्यामला गोपालन को याद किया, जो एक कैंसर शोधकर्ता और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता थीं। हैरिस ने ऑनलाइन दक्षिण एशियाई प्रकाशन द जुगरनॉट के लिए लिखे लेख में कहा, बड़े होने के दौरान, मेरी मां ने मुझे और मेरी बहन को हमारी विरासत का सम्मान करना सिखाया। लगभग हर दूसरे साल हम दिवाली के लिए भारत जाते थे।



## भारतीय मूल के छह अमेरिकियों ने जीता प्रतिनिधि सभा का चुनाव

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के छह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनाव जीत गए हैं। मौजूदा कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में इनकी संख्या पांच थी। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। भारतीय-अमेरिकी वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया और पूरे ईस्ट कोस्ट से चुने जाने वाले समुदाय के पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। सुब्रमण्यन ने रिपब्लिकन पार्टी के माइक क्लांसी को हराया। वह वर्तमान में वर्जीनिया राज्य के सीनेटर हैं। एरिजोना के पहले कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से डॉ. अमीश शाह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मामूली अंतर से आगे हैं। अगर वह जीत हासिल करने में सफल होते हैं तो प्रतिनिधि सभा में भारतीय अमेरिकियों की संख्या बढ़कर सात हो जाएगी। सुब्रमण्यम ने कहा मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि वर्जीनिया के 10 वें जिले के लोगों ने मुझ पर भरोसा जताया ताकि मैं सबसे कठिन लड़ाई लड़ सकूं और कांग्रेस में परिणाम दे सकूं। यह जिला मेरा घर है। मैंने यहां शादी की, मेरी पत्नी मिरांडा और मैं अपनी बेटियों का पालन पोषण कर रहे हैं और हमारे समुदाय के सामने आने वाले मुद्दे हमारे परिवार के लिए व्यक्तिगत हैं। वाशिंगटन में इस जिले की सेवा जारी रखना सम्मान की बात है। पूर्व में राष्ट्रपति बराक ओबामा के व्हाइट हाउस सलाहकार रह चुके सुब्रमण्यम आस्था से हिंदू हैं और देशभर में भारतीय अमेरिकियों के बीच लोकप्रिय हैं। वह कांग्रेस में 'समोसा कॉकस' में शामिल हुए हैं जिसमें वर्तमान में पांच भारतीय अमेरिकी - अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं। 'समोसा कॉकस' अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय मूल के अमेरिकियों के एक अनौपचारिक समूह को दिया गया नाम है। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। श्री थानेदार मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार दूसरी बार चुने गए। उन्होंने इसे पहली बार 2023 में जीता था। राजा कृष्णमूर्ति ने इलिनोइस के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है। कृष्णमूर्ति ने कहा व्हाइट हाउस और कांग्रेस पर नियंत्रण के लिए लड़ाई जारी है लेकिन मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि इलिनोइस के लोगों ने कांग्रेस में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरा अनुबंध बढ़ा दिया है। इसी प्रकार कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना और वाशिंगटन राज्य के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमिला जयपाल ने भी जीत दर्ज की। पेशे से चिकित्सक डॉ. अमी बेरा 2013 से कैलिफोर्निया के छठे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय मूल के सबसे वरिष्ठ अमेरिकी सांसद हैं। उन्हें लगातार सातवीं बार फिर से चुना गया। एरिजोना में डेमोक्रेटिक पार्टी के शाह रिपब्लिकन पार्टी के मौजूदा उम्मीदवार डेविड श्वीकेट से थोड़ा आगे चल रहे हैं। उन्हें 132,712 वोट हैं जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को मिले मतों की संख्या 128,606 थी। अभी तक 63 प्रतिशत मतों की गिनती हुई थी।

### एक नजर

#### वियतनाम की सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट लापता

**हनोई।** वियतनाम की वायु सेना का एक लड़ाकू प्रशिक्षण विमान याक-130 मध्य बिन्ह दीन्ह प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उसके दो पायलट लापता हैं। यह जानकारी वियतनाम की मीडिया ने बुधवार को दी। वीएन एक्सप्रेस अखबार के अनुसार, 940वीं वियतनामी वायु सेना रेजिमेंट का रूस निर्मित याक-130 फु कैट हवाई अड्डे से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर एक पहाड़ी इलाके में तकनीकी खराबी के कारण स्थानीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

#### श्रीलंका में डेंगू से 20 लोगों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका की राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष अब तक देश में डेंगू से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। एनडीसीयू ने कहा कि कुल मामलों में मृत्यु दर का प्रतिशत 0.05 है और इस वर्ष में 42,820 मामला सामने आ चुका है। पश्चिमी प्रांत में 42.6 प्रतिशत मामले, उत्तरी प्रांत में 11.4 प्रतिशत मामले और मध्य प्रांत में 10.6 प्रतिशत मामले सामने आए हैं।

#### श्रीलंका में पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना बहुत महंगा

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि एक समिति पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा पर होने वाले खर्च की समीक्षा कर रही है तथा इसकी रिपोर्ट के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। विदेश मंत्री एवं मंत्रिमंडल के प्रवक्ता विजिता हेराथ ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना काफी महंगा है और सरकार को इस पर सालाना 110 करोड़ श्रीलंकाई रुपये तक का खर्च करना पड़ता है।

#### सेनाओं प्रमुखों को सेवा विस्तार लोकतंत्र का नरसंहार

**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को कहा कि थलसेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर समेत तीनों सेनाओं के प्रमुखों को दो साल का सेवा विस्तार देना "लोकतंत्र, कानून के शासन और लोगों के अधिकारों का नरसंहार है। खान ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में मीडिया और अपने वकीलों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। खान के 'एक्स' खाते से की गयी एक पोस्ट में यह जानकारी दी गई है।

## लेबनान में हवाई हमलों में 25 की मौत, 32 घायल

**बेरूत, एजेंसी**

लेबनान के विभिन्न इलाकों में मंगलवार को इजराइल की ओर से किये गये हवाई हमलों में कम से कम 25 लोग मारे गए और 32 अन्य घायल हो गए। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार, माउंट लेबनान के चौफ जिले के बारजा में एक आवासीय अपार्टमेंट को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में 15 लोग मारे गए।

नागरिक सुरक्षा दल अभी भी मलबे के नीचे हताहतों की तलाश कर रहे हैं। वहीं, बालबेक में तालिया की नगर पालिका, बालबेक-हर्मेल गवर्नरेट, साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के कस्बों और गांवों पर इजराइली हमलों के कारण अतिरिक्त हताहत हुए। इसके अलावा, लेबनान और सीरिया के बीच मस्ना-जदीदत याबूस सीमा क्रॉसिंग पर एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कब्जे वाले गोलान में इजराइल की 810वीं हरमोन ब्रिगेड के मुख्यालय माले गोलानी बैरक पर रॉकेटों से हमला किया।



### हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान में वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा किया है। इजराइली सेना ने अपने बयान में कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने बुधवार को दक्षिणी लेबनान पर हमला किया, जिसमें वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर हुसैन अब्द अल-हलीम हर्ब की मौत हो गयी। बयान के मुताबिक हर्ब ने गैलील में समुदायों के खिलाफ और विशेष रूप से मेटुला के क्षेत्र के खिलाफ कई रॉकेट हमलों को अंजाम दिया था। बयान में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में इजराइली वायु सेना ने लेबनान और गाजा पट्टी में लगभग 70 हमले किये हैं।

## नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को किया बर्खास्त, देशभर में प्रदर्शन

**यरुशलम, एजेंसी**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को देश के रक्षा मंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त कर दिया। हालांकि उनके इस कदम के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। नेतन्याहू ने यह घोषणा ऐसे समय की है, जब इजराइल क्षेत्र में कई मोर्चों पर लड़ाई लड़ रहा है। गाजा में युद्ध को लेकर नेतन्याहू और गैलेंट के बीच कथित तौर पर मतभेद रहा है।

नेतन्याहू ने मंगलवार को की गई अपनी घोषणा में विश्वास की कमी का उल्लेख किया था। नेतन्याहू ने कहा, युद्ध के बीच में, पहले से कहीं अधिक, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच पूर्ण विश्वास की आवश्यकता होती है। हालांकि युद्ध के शुरूआती महीनों में ऐसा विश्वास था और बहुत ही सार्थक काम हुआ था, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले महीनों के दौरान मेरे और रक्षा मंत्री के बीच यह विश्वास टूट गया। युद्ध के शुरुआती दिनों में, इजराइल के नेतृत्व ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का जवाब देते हुए एक एकीकृत मोर्चा बनाया था। लेकिन जैसे-जैसे युद्ध लंबा खिंचता गया और लेबनान तक फैल गया, प्रमुख नीतिगत मतभेद उभर कर सामने आ गए। नेतन्याहू ने हमास पर निरंतर सैन्य दबाव बनाए रखने का आह्वान किया, जबकि गैलेंट ने अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि सेना ने कम से कम एक अस्थायी कूटनीतिक समझौते के लिए आवश्यक परिस्थितियां पैदा कर दी हैं, जिससे आतंकवादी समूह (हमास) द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सकता है। बंधकों के परिवार, साथ ही सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल हुए हजारों लोग नेतन्याहू पर सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए समझौते को विफल करने का आरोप लगा रहे हैं। नेतन्याहू के कट्टर सहयोगियों ने धमकी दी है कि अगर वह हमास को रियायतें देते हैं तो वे सरकार गिरा देंगे, जिससे ऐसे वक्त में समय से पहले चुनाव होने की आशंका बढ़ गई है जब प्रधानमंत्री (नेतन्याहू) की लोकप्रियता कम हो गई है। विपक्षी नेता येर लैपिड ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, युद्ध के बीच में, गैलेंट को बर्खास्त करना पागलपन वाला कृत्य है। नेतन्याहू अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए इजराइल की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।


रक्षा मंत्री को निकाले जाने के बाद प्रदर्शन करते लोग।

## ऑस्ट्रेलिया से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

**कैनबरा, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की और द्विपक्षीय समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

जयशंकर ने इस मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अल्बनीज को अभिवादन प्रेषित किया। विदेश मंत्री तीन से सात नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा आज कैनबरा में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अभिवादन प्रेषित किया।

भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विन्स्टन पीटर्स से भी यहां मुलाकात की।


प्रधानमंत्री एंथनी से मुलाकात विदेश मंत्री जयशंकर।

### भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश किया घोषित

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा चैंपियन सर स्टीव स्मिथ ने भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश घोषित किया है। लेबर पार्टी की सरकार के तहत देश की अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा रणनीति की समीक्षा की जा रही है। इस सप्ताह लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में इंडिया-यूके अचीवर्स ऑनर्स के तीसरे संस्करण पर दोहराया कि ग्रेजुएट रूट के तहत ब्रिटेन की, अध्ययन के बाद कार्य वीजा की पेशकश अपरिवर्तित रहेगी।

## बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर पर टिप्पणी से तनाव

**ढाका, एजेंसी**

- फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर हो चुकी है झड़प

बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव के कुछ हिस्सों में सेना के नेतृत्व में संयुक्त बलों ने बुधवार को गश्त की, यहां एक दिन पहले एक मुस्लिम किराना दुकानदार द्वारा इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉनशस्नेस) के खिलाफ फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर झड़प हो गई थी और इसमें कई लोग घायल हो गए थे।

अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि व्यापारी उस्मान अली ने फेसबुक पर इस्कॉन को आतंकवादी समूह करार दिया था जिसके बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया था और हजारी गली क्षेत्र में रहने वाले हिंदू समुदाय ने इसके खिलाफ नाराजगी जताई थी। हजारी गली में मुख्य रूप से हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं जो आभूषण की दुकानों और थोक दवा की दुकानों के मालिक हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस्कॉन पर की गई इस टिप्पणी को लेकर रातभर संक्षिप्त झड़प हुई।

इस दौरान मौके पर पहुंची सेना, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों द्वारा लाठीचार्ज करने से कई लोग घायल हो गए। इस दौरान हजारी गली इलाके में दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहां सेना के जवान पुलिस के साथ जीप में गश्त कर रहे हैं।

## कश्मीर पर झूठ फैलाने को लेकर पाकिस्तान की आलोचना

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

- संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच में किया झूठ का इस्तेमाल
- भारत ने कहा- दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाने और इस वैश्विक मंच का इस्तेमाल झूठ फैलाने के लिए करने को लेकर इस्लामाबाद की आलोचना करते हुए भारत ने कहा है कि किसी भी तरह का दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा।

सूचना से संबंधित प्रश्नों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति की आम बहस को संबोधित करते हुए, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि विश्वास, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सूचना तक समावेशी पहुंच आवश्यक है। उन्होंने कहा एक (पाकिस्तानी) प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर झूठ फैलाने के लिए इस प्रतिष्ठित मंच का इस्तेमाल किया है। दुष्प्रचार और गलत सूचना का सहारा लेना इस प्रतिनिधिमंडल की आदत है। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर मुद्दा उठाए जाने के बाद, संयुक्त राष्ट्र की बहस में कड़ा जवाब देते हुए शुक्ला ने कहा मुझे स्पष्ट करने दीजिए। वास्तविक लोकतंत्र अलग ढंग से कार्य करते हैं। हाल में संपन्न स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर से एक अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव हुए।

### भारत को दीर्घकालिक बिजली निर्यात का रास्ता हुआ साफ

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने भारत के साथ बिजली के निर्यात के लिए हस्ताक्षरित समझौते को रद्द करने की मांग वाली एक रिट याचिका को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय के मंगलवार को दिए गए फैसले के बाद नयी दिल्ली के साथ नेपाल के दीर्घकालिक बिजली व्यापार का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकार के दुरुपयोग की जांच के लिए आयोग (सीआईएए) के पूर्व प्रमुख सूर्य नाथ उपाध्याय द्वारा दायर रिट याचिका उस समझौते के खिलाफ थी जिसके तहत नेपाल अगले 10 वर्षों के लिए भारत को 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात करेगा। उच्चतम न्यायालय के प्रवक्ता अच्युत कुइकेल के अनुसार, पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

**खगोल विज्ञान** | नए शोध में अंतरिक्ष के विकास में एक कड़ी जोड़ने का प्रयास किया गया है

## आज भी अधूरी है ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी

**संवाददाता, नैनीताल**

सही मायनों में ब्रह्मांड की उत्पत्ति की गुत्थी आज भी पूर्णतः नही सुलझ सकी है। अलबत्ता बिग बैंग ब्रह्मांड के जन्म का एक सुराग है। जिसे समझने के लिए आज भी शोध जारी हैं और हालिया नया शोध ब्रह्मांड के विकास की कड़ी को जोड़ता है।

नए शोध के अनुसार बिग बैंग के बाद पहले ही क्षणों के दौरान मौजूदा भौतिकी की चार मूलभूत ताकतें एक ही बल में समाहित हो गई थीं।

यह ताकतें गुरुत्वाकर्षण, विद्युत चुंबकत्व, मजबूत परमाणु बल व कमजोर परमाणु बल के रूप में जानी जाती हैं। जैसे-जैसे ब्रह्मांड का विस्तार होता चला गया और वह ठंडा भी होते चला गया। इस बीच आये परिवर्तनों में इन शक्तियों को अलग अलग कर दिया। बिग बैंग के बाद एक सेकंड के कुछ अरबवें हिस्से में ही कई परिवर्तन हो गए। क्वार्क और ग्लूऑन उप-परमाणु कण हैं जो मजबूत परमाणु बल के लिए जिम्मेदार हैं। इसकी पुष्टि कृत्रिम रूप से 2010 में ब्रुकहेवन नेशनल लेबोरेटरी में और 2015 में एलएचसी के जरिए की गई। पता चलता है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड बेहद गर्म और घना था। मगर क्वार्क-ग्लूऑन प्लाज्मा लंबे समय तक नहीं टिक सका, जो ब्रह्मांड के विस्तार के साथ ठंडा होने से न्यूट्रॉन के रूप में एक साथ एकत्रित हो गया। वैज्ञानिक इस घटना को क्वार्क कारावास कहते हैं। यह जानकारी भी मिलती है कि जब ब्रह्मांड में अधिक उच्च ऊर्जा वाले फोटॉन थे, तो कोई भी परमाणु नाभिक उनके द्वारा तुरंत नष्ट हो जाता था।


बिग बैंग के दौरान ब्रह्मांड के विकास का काल्पनिक चित्र।

### डार्क मैटर व एनर्जी को समझना बड़ी चुनौती

**नैनीताल :** डार्क मैटर व डार्क मैटर को समझना वर्तमान खगोल विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौती है। इसे तभी समझा जा सकेगा, जब ब्रह्मांड के विकास की सही जानकारी मिलेगी। इसके लिए निरंतर शोध जरूरी हैं।